सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

18.04.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

बैसाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2082

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 273





गुड फ्राइडे की शुभकामनाएं

## उपराष्ट्रपति ने न्यायपालिका की भूमिका पर उठाये सवाल, कहा

# कोई शक्ति राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकती

### राष्ट्रपति को निर्देश देना असंवैधानिक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर सवाल करते हुए गुरुवार को कहा कि कोई शक्ति किसी भी आधार पर राष्ट्रपति को कोई निर्देश नहीं दे सकती। उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि राष्ट्रपति को कोर्ट द्वारा निर्देशित किया जायेगा। राष्ट्रपति भारत की सेना की सर्वोच्च कमांडर हैं और केवल वही संविधान की रक्षा, संरक्षण और सुरक्षा की शपथ लेते हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा, हम ऐसी स्थिति नहीं ला सकते, जहां राष्ट्रपति को निर्देश दिया जाये। संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट का अधिकार केवल अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। वह उप राष्ट्रपति निवास पर राज्यसभा के छठे बैच के प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे।

**उनकी भूमिका सिर्फ परामर्श :** उपराष्ट्रपति ने न्यायपालिका की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने कहा, न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है। परामर्श सहमति नहीं है, परामर्श केवल परामर्श है। उप राष्ट्रपति का यह वक्तव्य उच्चतम न्यायालय के हाल के उस निर्णय के संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जिसमें उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि राष्ट्रपति को विचार के लिए भेजे विधेयकों पर अधिकतम तीन महीने के भीतर फैसला करना होगा। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत सुप्रीम कोर्ट को केवल संविधान की व्याख्या करने का अधिकार है और वह भी कम से कम पांच जजों की पीठ द्वारा।

**राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च :** श्री धनखड़ ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है।

(शेष पेज 11 पर)



### संविधान की शक्ति नहीं भूलें

श्री धनखड़ ने कहा, न्यायपालिका संविधान की शक्ति को भूल गयी है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 145(3) में संशोधन करने की जरूरत है। आठ में से पांच का मतलब होगा कि व्याख्या बहुमत से होगी। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 142, अनुच्छेद 142 लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है, जो न्यायपालिका को 24 घंटें सातों दिन उपलब्ध है। न्यायाधीशों ने जो राष्ट्रपति को एक आदेश जारी किया है और एक परिदृश्य प्रस्तुत किया है, यह देश का कानून होगा।

## मुख्यमंत्री आज से स्पेन, स्वीडन की यात्रा पर

# झारखंड में विदेशी निवेश का द्वार खोलेंगे : हेमंत

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 18 अप्रैल को रांची से दिल्ली के लिए रवाना होंगे, जहां से वे स्पेन और स्वीडन के लिए रवाना होंगे। इस विदेश दौरे पर उनके नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न कंपनियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। इस दौरे का उद्देश्य विदेशी निवेशकों को झारखंड की औद्योगिक और निवेश नीति के बारे में जानकारी देना और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना है। प्रतिनिधिमंडल माइनिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन, एग्रो प्रोसेसिंग, क्लीन एनर्जी, ग्रीन एनर्जी, सोलर एनर्जी और महिला एवं बाल विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा।



यात्रा के पहले चरण में 21 अप्रैल को स्पेन में रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### नहीं रहीं प्रसिद्ध आदिवासी लेखिका डॉ. रोज केरकेट्टा

**रांची।** प्रख्यात आदिवासी लेखिका, कवयित्री और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ रोज केरकेट्टा का गुरुवार को निधन हो गया। अपनी लेखनी से उन्होंने झारखंड की सामाजिक सच्चाइयों और जनविमर्श को नयी दिशा दी थी। हिंदी साहित्य में एमए और पीएचडी डॉ केरकेट्टा का जन्म 5 दिसंबर 1940 को सिमडेगा जिले के कइसरा सुंदरा टोली गांव में खड़िया आदिवासी समुदाय में हुआ था। अपने जीवनकाल में शिक्षा, सामाजिक विकास, मानवाधिकार और आदिवासी महिलाओं के उत्थान के लिए उन्होंने कई काम किया। वह झारखंड नेशनल एलायंस ऑफ वीमेन और प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन जैसी संस्थाओं से जुड़ी रहीं।

### आज नहीं होगा मैट्रिक इंटर का मूल्यांकन कार्य

**रांची।** गुड फ्राइडे की छुट्टी के कारण शुक्रवार को मैट्रिक-इंटर का मूल्यांकन कार्य स्थगित रहेगा। यह जानकारी जैक के सचिव जयंत मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि चार अप्रैल से राज्य के विभिन्न मूल्यांकन केंद्रों पर कॉपियों की जांच की जा रही है। शुक्रवार को गुड फ्राइडे की छुट्टी के कारण मूल्यांकन कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है।

### जादू-टोना के आरोप बुजुर्ग की गला रेत कर हत्या

**लातेहार।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मुगीडीह गांव में एक जादू टोना में हत्या करने का मामला सामने आया है। अंधविश्वास के चक्कर में पांच लोगों ने मिलकर एक वृद्ध बाल गोविंद सिंह की गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि अंधविश्वास के साथ भूमि विवाद का भी मामला सामने आ रहा है।

### भारत रक्षा उपकरण बड़ा निर्यातक बना: राजनाथ

**नयी दिल्ली।** भारत स्वदेशी रक्षा उपकरणों का बड़ा निर्यातक बन गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, देश में बनाये गये रक्षा उपकरण करीब 100 देशों को निर्यात किये जा रहे हैं। रक्षा उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सशस्त्र बलों द्वारा पांच सूचियां जारी की गयी है।

## वक्फ एक्ट पर अंतरिम रोक से इनकार

# शीर्ष कोर्ट ने कहा, 5 मई तक कोई बदलाव नहीं हो

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वक्फ कानून में हाल में किये गये संशोधनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को दूसरे दिन सुनवाई जारी रही। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने अंतरिम रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन की मोहलत दी है। सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया कि इस दौरान डिनोटिफिकेशन या नयी नियुक्ति नहीं की जायेगी। वहीं, अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि यह मुद्दा ऐसा नहीं है कि कोई सेक्शन देखकर उस पर फैसला किया जाये। इसके लिए पूरे कानून और इतिहास को भी देखना होगा। कई लाख सुझावों पर गौर करके यह कानून पारित हुआ था। उन्होंने कहा कि यदि अदालत कोई आदेश जारी करती है तो उसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद सीजेआई ने कहा कि अदालत चाहती है कि कोई भी पक्ष प्रभावित न हो।



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर आप ह्वक्फ बाय यूजरह्व को लेकर भी कुछ कहना चाहते हैं, तो उसके लिए हमारा पक्ष सुने। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह तक वक्फ बोर्ड में कोई भी नियुक्ति नहीं होगी। पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम नहीं चाहते कि स्थिति बदले। पांच साल (इस्लाम का अभ्यास) जैसे प्रावधान हैं, जिन पर हम रोक नहीं लगा रहे हैं। श्री मेहता ने तर्क दिया कि अदालत को वक्फ संशोधन अधिनियम, 1995 पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाकर कठोर रुख नहीं अपनाना चाहिए।

## सीएम हेमंत ने विभागीय सचिवों को सौंपा टास्क, कहा

# जनहित की तीन प्रमुख योजनाओं का करें चयन

- **योजनाएं पारदर्शी, प्रभावी और असरदायक हो**
- **एक से डेढ़ साल के भीतर जनता को लाभ हो**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विदेश यात्रा पर जाने से एक दिन पहले गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभागीय सचिवों को वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए विशेष टास्क सौंपा है। सीएम ने विभागीय सचिवों से जनहित की तीन प्रमुख योजनाओं का चयन करने को कहा है, जो एक से डेढ़ साल के अंदर राज्य की जनता को समर्पित किया जा सके। ये योजनाएं धरातल पर तय समय सीमा में प्रभावी तरीके से उतरनी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका त्वरित और पूर्ण समाधान निकालें। इस पहल का उद्देश्य राज्य में विकास कार्यों को गति देना और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना है। वह प्रोजेक्ट भवन में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव के साथ विभिन्न योजनाओं को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।



**क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं हो :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जिन योजनाओं का चयन करें, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिये। इसका लोगों को सीधा लाभ मिले, इसकी सुनिश्चित व्यवस्था हो। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इन योजनाओं के लिए जो भी संसाधन की जरूरत हो, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सरकार की योजनाएं हर हाल में जन-जन तक पहुंचनी चाहिए।

(शेष पेज 11 पर)

### किसी काम में लोगों को परेशानी न हो

सीएम ने कहा कि लोगों को आय, जाति आवासीय, जन्म और मृत्यु जैसे प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काफी चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसी शिकायतें लगातार मिलती रहती है। यह व्यवस्था के लिए अच्छी नहीं है। जाति, आवासीय, आय, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र का सीधा सरोकार आम जनता से होता है। ऐसे में इस तरह के प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था दुरुस्त रखें।

# झारखंड को एक और मेडिकल कॉलेज की सौगात

## मांडविया ने किया इएसआइसी हॉस्पिटल का उद्घाटन, लाभार्थी और श्रमिक सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड को एक और नये मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की सौगात मिली है। केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नामकुम में 220 बेड और 50 एमबीबीएस सीट वाले ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का उद्घाटन किया। अगले सत्र से यहां 50 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई भी होगी। इस 50 सीट में 40% सीट ईएसआईसी के तहत आने वाले श्रमिकों के बच्चे के लिए आरक्षित होगी। कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम मंत्री ने कहा कि हमारे बीमित श्रमिक ही हमारे लिए सबकुछ हैं। उनके इलाज में कोई कमी न रह जाये, इसका ख्याल हमेशा यहां के डॉक्टरों को रखना होगा। उदघाटन समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा भी मौजूद थे। इस मौके पर लाभार्थियों और इस अस्पताल के निर्माण में शामिल श्रमिकों को सम्मानित किया गया।



**अत्याधुनिक सुविधाएं :** 100 करोड़ की लागत से 16360 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने इस अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल का लाभ रांची और आसपास के ईएसआईसी के अंतर्गत आनेवाले करीब 5 लाख श्रमिक परिवार को मिल सकेगा। यहां व्यापक स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी, ओपीडी, इमरजेंसी, आईसीयू, 4 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र और दंत चिकित्सा के साथ साथ योग का भी विभाग होगा।

### रोगमुक्त भारत पीएम का संकल्पः संजय सेठ

इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी का संकल्प है स्वस्थ और रोगमुक्त भारत। इसके लिए उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख का इलाज फ्री किया है। उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य मंत्री के काल में श्री मंडाविया ने जिस मजबूती से काम किया, उसका नतीजा है कि हमने कोरोना को पराजित किया। श्री सेठ ने कहा कि देश 2047 तक एक विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। यह अस्पताल सिर्फ इमारत नहीं बल्कि श्रम शक्ति के सेवा का केंद्र है।

## कार्टून कोना





## ममता सरकार ने हलफनामे में स्वीकारा, भीड़ बेकाबू हो गयी थी

# केंद्रीय बल तैनात रहेंगे, भड़काऊ भाषण रोकें

### हाइकोर्ट का सख्त रुख

**कोलकाता(एजेंसी)।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल हिंसा के मामलों में राज्य सरकार को सख्त नसीहत दी है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हिंसा प्रभावित पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती अभी बनी रहेगी। वक्फ संशोधन ऐक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान भड़काऊ भाषण न दिये जायें, जिनसे हिंसा भड़कने की आशंका बनी रहती है। अदालत ने माना है कि अब भी मुर्शिदाबाद जिले में हालात सामान्य नहीं हैं। वहीं वक्फ हिंसा पर राज्य की ममता सरकार ने हाइकोर्ट में दाखिल हलफनामा में स्वारा कि 10,000 की भीड़ हुई जमा हो गयी थी। उन्मादी भीड़ ने पुलिस की पिस्तौल भी छीन ली थी। पुलिस कर्मियों पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। हिंसा में तीन लोंों की मौत हो गयी और कई घायल हो गये।



**मानवाधिकार टीमें दौरा करे :** जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की खंडपीठ ने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल राज्य मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य वाली तीन सदस्यीय समिति को हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास और शांति बहाली की निगरानी के लिए जिले के प्रभावित इलाकों का दौरा करना चाहिए। करीब ढाई सौ परिवार पड़ोस के मालदा जिले में पलायन कर गये हैं। इस बीच सूबे के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का कहना है कि वह जमीनी हालात जानने के लिए मुर्शिदाबाद जायेंगे।

**ममता सरकार का कबूलनामा :** वक्फ संशोधन ऐक्ट के खिलाफ पिछले हफ्ते पश्चिम बंगाल के मुशीर्दाबाद में भड़की हिंसा पर राज्य सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर बताया है कि हिंसा के दिन करीब 10,000 की भीड़ जमा हो गयी थी। इतना ही नहीं उन्मादी भीड़ ने तब मौके पर तैनात पुलिस की पिस्तौल भी छीन ली थी। पुलिस कर्मियों पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। बंगाल सरकार ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उन्मादी भीड़ में से करीब 10 लोगों के पास घातक हथियार थे।

### राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

दूसरी तरफ, भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि राज्य के मुर्शिदाबाद, मालदा और चौबीस परगना जैसे जिलों में भड़की हिंसा और लोगों के पलायन के बाद अब राज्य के हालात ममता बनर्जी सरकार के नियंत्रण से बाहर जा रहा है। ऐसे में राज्य में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। जिहादी तत्व खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम कर रही है।




## मंत्री हफीजुल हसन को हेमंत सरकार से बाहर करने की मांग को ले भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

# झारखंड को शरिया कानून से नहीं संविधान से चलाएं मुख्यमंत्री : बाबूलाल

### शरिया कानून को संविधान से बड़ा मानने वाले मंत्री हफीजूल हसन को करें मंत्रिमंडल से बर्खास्त




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण और संविधान विरोध का पर्याय बन चुकी है। हेमंत सरकार के निक्कमे मंत्री हफीजुल हसन द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान का अपमान किया जा रहा है। इसे लेकर भाजपा ने गुरुवार को रांची महानगर और ग्रामीण जिला के द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में जिला स्कूल मैदान से राजभवन तक आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंत्री हफीजुल को बर्खास्त करने की मांग की गयी। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने मौके पर कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के लिए संविधान से महत्वपूर्ण शरिया है। उनका यह बयान संविधान का अपमान है। मंत्री के इस बयान और अपमान के विरुद्ध यह आक्रोश प्रदर्शन है। संविधान के प्रति श्रद्धा रखने वाला कोई भी नागरिक यह अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान और झामुमो-कांग्रेस की सरकार द्वारा उसका समर्थन किया जाना शर्मनाक है। झारखंड में शरीयत लागू करने की साजिश को भाजपा सफल नहीं होने देगी और बाबासाहब अंबेडकर के संविधान की रक्षा पूरी मजबूती से करेगी। इस मार्च में प्रदेश भाजपाध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व विधायक जीतू चरण राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

**मंत्री संविधान की खुल्लम खुल्ला अवमानना कर रहे हैं :** मंत्रिमंडल के शपथग्रहण में यह पंक्ति का उल्लेख रहता है कि ₹मैं विधि द्वारा स्थापित संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा/रखूंगी। परन्तु इस प्रकार शपथ लेकर राज्य सरकार के मंत्री संविधान की खुल्लम खुल्ला अवमानना कर रहे है। इतना ही नहीं बल्कि ऐसे बयानों और मानसिकता के कारण राज्य में उन्मादी शक्तियों का मनोबल बढ़ रहा है। इसका परिणाम है कि सनातनी पर्व त्योहार दशहरा, रामनवमी, सरस्वती पूजा, शिवरात्रि, सरहुल के दौरान राज्य में समुदाय विशेष के उपद्रवियों द्वारा पत्थरबाजी, मारपीट, दंगा, फसाद, आगजनी की घटनाओं को बड़े पैमाने पर अंजाम दिया जा रहा है।

**ध्वस्त हो रही है राज्य की विधि व्यवस्था :** राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मानना है कि राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति है जिसे संविधान की शपथ लेकर सत्ता सुख प्राप्त करने वाले मंत्रीगण ही उत्पन्न कर रहे हैं। यह एक प्रकार से सत्ता संपोषित संवैधानिक संकट है। राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं। प्रदेश भाजपा आपके माध्यम से राज्य को संवैधानिक संकट को दूर करने की मांग करती है। अनुरोध है कि संविधान की मर्यादाओं का उल्लंघन करने वाले, उसे अपमानित करने वाले, दोयम दर्जा देने वाले तथा राष्ट्र और संविधान प्रथम की जगह शरिया प्रथम मानने वाले कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के लिए मुख्यमंत्री को निर्देशित करें। इस मार्च में प्रदेश भाजपाध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व विधायक जीतू चरण राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### राज्यपाल से की हफीजुल को बर्खास्त करने की मांग

आक्रोश प्रदर्शन के अलावा भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल संतोष गंगवार से भेंट की। उन्हें एक ज्ञापन सौंपते उनसे राज्य सरकार के मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के संबंध में आग्रह किया। बाबूलाल ने कहा किझारखंड प्रदेश राज्य सरकार संपोषित संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है। संविधान की शपथ लेकर पद पर आसीन होने वाले मंत्रीगण संवैधानिक मयार्दाओं को तार-तार कर रहे। विगत दिनों हफीजुल हसन ने यह बयान दिया कि हम कुरान को दिल में और संविधान को हाथ में रखते हैं। मंत्री यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने कहा कि मेरे लिए शरिया पहले है, संविधान बाद में। राज्य के एक मंत्री इरफान अंसारी संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून को राज्य में लागू नहीं होने देने का धमकी भरा असंवैधानिक बयान देते हैं। दोनों बयान संविधान की मयार्दाओं का उल्लंघन है।

### झारखंड ऊर्जा विकास निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों से लिया जा रहा है खतरनाक और असंगत कार्य : अजय

रांची। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की बदतर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि निगम प्रशासन द्वारा आउटसोर्स कर्मियों से उनकी नियुक्ति शर्तों के विपरीत खतरनाक और अति कुशल कार्य करवाया जा रहा है, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ रही है। विगत कुछ महीनों में कई आउटसोर्स कर्मियों की कार्यस्थल पर दुर्घटना के कारण मृत्यु हो चुकी है, जो प्रशासन की घोर लापरवाही को दर्शाता है। श्री राय ने कहा कि ऊर्जा निगम के अधिकारी आउटसोर्स कर्मियों को केवल सहायक कार्यों के लिए अनुबंधित करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। पोल पर चढ़ना, ट्रांसफार्मर मरम्मत, हाई वोल्टेज लाइन पर काम करना जैसे कार्य, जो कि तकनीकी विशेषज्ञता और प्रशिक्षण की मांग करते हैं, वे आउटसोर्स कर्मियों से जबरन करवाए जा रहे हैं। ऐसे कार्य आमतौर पर स्थायी और कुशल कर्मचारियों से करवाए जाने चाहिए, लेकिन उन्हें कार्यालयी कार्यों या निरीक्षण जैसे कार्यों में लगा दिया गया है। उन्होंने कहा है कि यह स्थिति न केवल श्रम कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि मानवाधिकारों का भी हनन है। बिना उचित सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण और बीमा के इन आउटसोर्स कर्मियों से जानलेवा काम करवाना पूरी तरह से अमानवीय है।

## एसबीआई में सैलरी अकाउंट रखने वाले कर्मियों को अब एक करोड़ तक का दुर्घटना बीमा

# दूरदर्शी सोच व संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है हमारी सरकार : हेमंत

### राज्य कर्मचारियों के सैलरी पैकेज को लेकर वित्त विभाग और एसबीआई के बीच एमओयू

- सरकारी कर्मियों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक नए अध्याय की हो रही शुरूआत
- सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में वित्त विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों के सैलेरी पैकेज को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस एमओयू के तहत जिन सरकारी कर्मचारियों का सैलरी अकाउंट भारतीय स्टेट बैंक में होगा, उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एक करोड़ रुपए तक का दुर्घटना बीमा समेत स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा और कई अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा। एमओयू पर वित्त विभाग की विशेष सचिव राजेश्वरी बी एवं एसबीआई के उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक (झारखंड -बिहार) केबी बंगारराजू तथा महाप्रबंधक प्रभाष बोस मौजूद थे।

**एक बार फिर नए अध्याय की हो रही शुरूआत :** मुख्यमंत्री ने एमओयू हस्ताक्षर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकारी कर्मियों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में आज से एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है इसी कड़ी में राज्य सरकार के कर्मियों को दुर्घटना बीमा का कवर प्रदान करने के लिए एसबीआई के साथ मिलकर यह कदम उठाया गया है। दुर्घटना बीमा के माध्यम से उन्हें सेवा काल के दौरान दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी । इसके अलावा कई और व्यवस्थाएं हमारी सरकार ने शुरू की है, जिसके जरिए सरकारी कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं।

**सरकारी कर्मियों को विपरीत और जटिल परिस्थितियों में दे रहे आर्थिक सुरक्षा :** मुख्यमंत्री ने कहा ने कहा कि आज हर व्यक्ति अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता है। चाहे वह आर्थिक सुरक्षा का मामला हो या फिर स्वास्थ्य या जीवन सुरक्षा का, हमारी सरकार अपने सभी सरकारी कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा को लेकर दूरदर्शी सोच और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है । मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकार को आपकी चिंता है ,उसी प्रकार अब झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में एसबीआई जैसी संस्थाएं सहयोग के लिए आगे आ रही है।

#### राज्य के विकास में सरकारी कर्मचारियों का अहम रोल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में सरकारी कर्मियों की अहम भूमिका होती है । राज्य कैसे आगे बढ़े, इसके लिए नीति निर्धारण से लेकर कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने का माध्यम सरकारी कर्मचारी बनते हैं। ऐसे में सरकारी कर्मियो का मनोबल बढ़ाने के साथ, उन्हें कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण दिया जा है । सरकारी कर्मचारी भी राज्य हित में अपने कार्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें।

## कोर्ट ने एमपी-एमएलए के 12 लंबित आपराधिक मामलों पर सीबीआई से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

### एमिक्स क्यूरी ने हाइकोर्ट को दी जानकारी, एमपी-एमएलए के कई मामले में आरोप पत्र दायर होने के बाद आरोप गठन में लग जाते हैं 6 साल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। एमिकस क्यूरी अधिवक्ता मनोज टंडन ने कोर्ट को बताया कि एमपी-एमएलए के कई मामले में आरोप पत्र दायर होने के बाद आरोप गठन में 6 साल लग जाते हैं, जिससे ट्रायल पूरा होने में कई वर्ष लग जाएंगे। सीबीआई की मंशा ही नहीं है कि ट्रायल जल्द पूरा हो। वहीं सीबीआई की ओर से बताया गया कि राज्य में एमपी-एमएलए के 12 आपराधिक मामले लंबित हैं। इनमें रांची सिविल कोर्ट में 9 मामले और धनबाद कोर्ट में 3 मामले शामिल हैं। लंबित मामलों में ट्रायल पूरा होने में देरी के संबंध में कोर्ट को बताया जाएगा। कोर्ट ने सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 17 जून निर्धारित की है। सीबीआई के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि ऑर्डर शीट का अध्ययन करने के बाद भी बता सकेंगे कि किन कारणों से ट्रायल पूरा होने में में देरी हो रही है। दरअसल, पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने सीबीआई को जवाब दाखिल कर बताने को कहा था कि झारखंड में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के ट्रायल को पूरा करने में क्यों देरी हो रही है ? गवाही पूरी होने में देरी का कारण स्पष्ट करने को कहा था। कोर्ट ने मौखिक कहा था कि सीबीआई जैसी संस्था गवाहों को जल्द लाने में असफल साबित हो रही है। ट्रायल में देरी होने से गवाहों में डर का भी माहौल बना रहता है। एक मामले में सीबीआई ने भी स्वीकार किया है कि ट्रायल में गवाहों को धमकाये जाने की आशंका के मद्देनजर उस गवाह की गवाही करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का भी सहारा लेना पड़ा है। कोर्ट ने मौखिक कहा था कि प्रतीत होता है कि सीबीआई एमपी -एमएलए के लंबित केस के जल्द निष्पादन को लेकर गंभीर नहीं है। ट्रायल में देरी होने से गवाहों पर भी असर पड़ता है, उनकी गवाही प्रभावित होती है।

## सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति पर भी जेपीएससी से मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य विश्वविद्यालय में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति के मामले में दाखिल अनिकेत ओहदार की जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने जेपीएससी को राज्य के विश्वविद्यालयो में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। इससे पहले जेपीएससी ने कोर्ट को बताया नियुक्ति के संबंध में कुछ विश्वविद्यालयों से 437 पद के लिए अधिसूचना मिली है, कई विश्वविद्यालय से यह नहीं मिला है। विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए फ्रेश विज्ञापन जारी किया जाना है। अभी जेपीएससी को नए अध्यक्ष आयोग को मिल गए हैं, अब नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आएगी। पूर्व में कोर्ट ने सरकार से मौखिक कहा था कि राज्य के विश्वविद्यालयो में कब तक संविदा पर नियुक्ति होती रहेगी?

टीचिंग और नन टीचिंग पदों पर नियमित नियुक्ति कब तक होगी? इस बिंदु पर राज्य सरकार से जवाब मांगा था। कोर्ट को बताया गया था कि राज्य सरकार ने एक नोटिफिकेशन निकाला था। जिसके बाद विश्वविद्यालयो में शिक्षक एवं कर्मचारी की नियुक्ति संविदा पर ली जाने लगी है। कोर्ट ने जेपीएससी से जाना चाहा की राज्य के विश्वविद्यालयों में बीते वर्षों में ले^ रर के पद के लिए कितने एग्जाम लिए हैं? जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि रांची यूनिवर्सिटी की ओर से कुछ पदों पर नियुक्ति के लिए वर्ष 2023 में अधियाचना मांगी गई है। जेपीएससी जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करेगा।


**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
Email ID Zplohardaga@gmail.com Mobile no - 06526-222064

**अति अल्पकालीन सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कुडू बस स्टैण्ड में नव निर्मित दुकानों को खुले डाक से आवंटित किया जाना हैं। इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकान किराये पर लेना चाहते है, निर्धारित जमानत की राशि का DDC-cum-CEO, Zila Parishad Lohardaga के पदनाम से निर्गत डी0डी0 के साथ आवदेन जमा कर सकते है।

| क्र0 सं0 | दुकान संख्या | दुकान का न्यूनतम मासिक किराया (प्रतिदुकान) | जमानत की राशि (प्रतिदुकान) | आवेदन करने की अंतिम तिथि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 8,9,10,11,12,13,14,15 एवं 16 | 2055.00 | 20000.00 | 21.04.2025 | 22.04.2025 11:30 am |

नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सुचना पट्ट या लोहरदगा जिला के website www.Lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 350543 Lohardaga (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–09/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.04.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 25.04.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.04.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Road From Bituminous Road to Main Gate of LWE ITI at Hehal Ranchi | 2079200 | 41600 | 5000 | Two Months |
| 2 | Paver Road From Main Gate to Academic Building and Hostel of LWE ITI at Hehal Ranchi | 2447000 | 49000 | 5000 | Two Months |
| 3 | Renovation work of LDC House No-01 (Ground Floor) Located in the Premises of RCH Namkum Ranchi (Re-Tender) | 1211600 | 24300 | 2500 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 350617 (Building) 25-26 (D)


# सजायाफ्ता पौलूस सुरीन को हाई कोर्ट से झटका, नहीं मिली प्रोविजनल बेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुखबिर के आरोप में भुषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या मामले में सजायाफ्ता पूर्व तोरपा विधायक पौलूस सुरीन की प्रोविजनल बेल की याचिका को झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। पौलूस सुरीन की ओर से अपने भतीजे की मृत्यु को देखते हुए 15 दिन के लिए प्रोविजनल बेल का आग्रह किया गया था। पौलूस सुरीन की ओर से सजा के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। दरअसल, अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की कोर्ट ने पौलूस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने पौलूस सुरीन पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है, जबकि जेठा कच्छप पर 45 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दोनों अभियुक्तों को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पौलूस सुरीन दो बार झामुमो के विधायक रह चुके हैं। पौलूस सुरीन ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है।

**क्या था मामला :** घटना खूंटी के तोरपा में साल 2013 की है। पुलिस मुखबिर भुषण सिंह और राम गोविंद की हत्या कर दी गई थी। मामले में पौलूस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप कृष्णा महतो और 3 महिला समेत 6 आरोपी ट्रायल फेस कर रहे थे। इसी मामले में पीएफएलआई सुप्रीमो दिनेश गोप भी ट्रायल फेस रहे हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किए गए थे। जबकि बचाव पक्ष की ओर से 1 गवाह पेश किया गया।

# पक्ष व विपक्ष दोनों इस विषय पर गंभीर चर्चा कर चिंतन करें : रक्षा राज्य मंत्री

### एक देश एक चुनाव पर हुई चर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। फोरम फॉर अवेयरनेस ऑफ नेशनल सिक्योरिटी एवं रोटरी क्लब ऑफ रांची के द्वारा गुरूवार को एक देश एक चुनाव विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक देश एक चुनाव की अवधारणा में देश का समग्र विकास संभव है। इससे ना केवल आर्थिक संसाधनों की बचत होगी बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी समय की बचत से प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सकेगी। 2024 के चुनाव में लगभग एक लाख करोड़ रूपया खर्च हुए इसके साथ ही कई योजनाओं व विकास की गति भी धीमी पड़ी देश में 5 साल में 1012 दिन आचार संहिता लागू होती है। जिससे विकास कार्यों की गति प्रभावित होती है। यह विषय गहन चिंतन का है और इस विषय पर पक्ष व विपक्ष दोनों को गंभीर चर्चा अवश्य प्रारंभ करनी चाहिए। यह भारतीय लोकतंत्र और भारत के लिए मुख्य मुद्दा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अनुज कुमार सिन्हा ने भी अपने संबोधन के द्वारा अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम समन्वयक प्रमोद सारस्वत ने भी अपना विचार रखा और अतिथियों का परिचय कराया। मंच का संचालन रोटरी क्लब की सचिव डॉ ख्याति मुंजाल ने किया वही धन्यबाद चेम्बर के मानद सचिव आदित्य मल्होत्रा ने किया। इस अवसर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ,फैन्स के अध्यक्ष पवन बजाज ,रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष गौरव बागराय, सचिव डॉक्टर ख्याति मुंजाल, फैन्स के महासचिव रथीन भद्रा दीपक श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, डी पी सिंह, भंडारी लाल जी, राजेश सिंह, मेजर राघवेंद्र सिंह ,अमित अग्रवाल, डॉ रश्मि, राजीव चौधरी ,किशन अग्रवाल ,डॉक्टर ढाँढनीया, डॉक्टर अरविंद ,सुमित अग्रवाल, शशांक भारद्वाज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज



## एसयूवी ने खड़ी कार में मारी जोरदार टक्कर

**जमशेदपुर।** कदमा-सोनारी लिंक रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने पहले से खड़ी कार को जोरदार टक्कर मारते हुए रोड डिवाइडर पर चढ़ गई। यद्यपि खड़ी कार में उस वक्त कोई सवार नहीं था अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। कदमा पुलिस ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और कार को जब्त कर लिया। एसआई सुनील कुमार ने बताया कि जांच के पश्चात ही यह सुनिश्चित हो सकेगा कि दोष किसका था।

## टाटा में मंत्री के खिलाफ 21 को विरोध मार्च



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और झामुमो नेता हफीजुल हसन अंसारी द्वारा शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले बयान पर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा हमलावर हो गयी है। भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान पर खुला हमला करार देते हुए 21 अप्रैल को जमशेदपुर में विशाल विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस निमित, गुरुवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 21 को सुबह 10 बजे साकची स्थित जिला कार्यालय से जिला उपायुक्त कार्यालय तक भव्य विरोध मार्च निकाला जायेगा, जिसमें वरिष्ठ नेताओं के संग हजारों कार्यकर्ताओं एवं आमजन शामिल होंगे। इस दौरान भाजपा उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपेगा।

## गम्हरिया : सेविकाओं को दिया गया मोबाइल

**गम्हरिया।** आंगनबाड़ी सेविकाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा उन्हें मोबाईल उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमें सरकारी योजनाओं से सम्बंधित एप्प डाउनलोड किया गया है। इसी कड़ी में गुरुवार को गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बीरबास पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड क्षेत्र की सेविकाओं के बीच मोबाइल का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि इससे सेविकाओं को कार्य करने में आसानी होगी और अब वे इन एप्प के जरिये लाभुकों का एंट्री और उन्हें दी जानेवाली सुविधाओं का डाटा संग्रह कर सकेंगी।

## कांड्रा आरपीएफ से स्थानांतरित चार जवानों को दी गयी विदाई



**गम्हरिया।** कांड्रा आरपीएफ पोस्ट में समारोह आयोजित कर वहां से स्थानांतरित चार जवानों को सहकर्मियों द्वारा विदाई दी गई। विदित है कि कांड्रा आरपीएफ में तैनात जवान नीरज कुमार को आदित्यपुर, प्रमोद दास को टाटानगर, छबील पासवान को चाईबासा और हेड कांस्टेबल पंकज कुमार को चक्रधरपुर स्थानांतरित किया गया है। इस मौके पर उपस्थित कांड्रा आरपीएफ प्रभारी असित वर्मा ने कहा कि इन सभी जवानों का कांड्रा में पांच साल का कार्यकाल बेहतर रहा है। सभी अपने कार्य और यात्री सुरक्षा के प्रति काफी जिम्मेवार रहे और हर विभागीय निर्देशों का पालन करते रहे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि ये जवान जहां भी तैनात होंगे वहां इसी प्रकार अपना बेहतरीन कार्य का अमिट छाप छोड़ेंगे। डीटीआई सुकेश कुमार एवं कांड्रा स्टेशन प्रबंधक एनके पांडेय ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दो दिवसीय मिथिला महोत्सव 19-20 को, टाउन हॉल सिदगोड़ा में होगा कार्यक्रम

- मिथिला की परंपरागत पेंटिंग और खाद्य पदार्थों का हाट भी लगेगा
- हर शाम सजेगी मैथिली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महफिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ललित नारायण सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति द्वारा आगामी 19 और 20 अप्रैल 2025 को मिथिला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। मिथिला महोत्सव का आयोजन बिरसा मुंडा ऑडिटोरियम , सूर्य मंदिर परिसर, सिदगोड़ा में होगा। महोत्सव को लोक संस्कृति से जोड़कर आयोजित किया जा रहा है जिसमें मिथिला की परंपरागत हस्तशिल्प कला को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। सिक्की-मौनी आदि की कला किस प्रकार नई पीढ़ी तक पहुंचे इसके लिए इस कला के विक्रय सह प्रदर्शन के साथ-साथ बनाने की कला भी प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही मैथिली साहित्य की पुस्तकों की भी प्रदर्शनी रहेगी ताकि जमशेदपुर के मैथिली भाषा-भाषियों को अपनी पसंद की पुस्तक क्रय करने का अवसर मिल सके।

उक्त जानकारी संवाददाता सम्मेलन में ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष जयचंद झा और महासचिव शंकर पाठक ने दी।

अध्यक्ष जयचंद झा ने बताया कि मिथिला चित्रकला (पेंटिंग) विश्व भर में अपनी अलग पहचान बना चुकी है और नित्य प्रतिदिन बाजार की मांग के अनुरूप इसमें भी नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। यह महोत्सव मिथिला चित्रकला के प्रेमियों के लिए भी एक अवसर होगा जब वह इस कला से सुसज्जित साड़ी चादर, पाग, दुपट्टा आदि देख और खरीद पाएंगे।





संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित डा एके लाल, जयचंद झा व शंकर कुमार पाठक।

उन्होंने बताया कि ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति की महिला शाखा द्वारा मिथिला हाट का आयोजन किया जाएगा जिसमें महिलाओं के द्वारा मिथिला के परंपरागत व्यंजनों की प्रदर्शनी लगेगी। शहर में मिथिला की परंपरागत शैली जिसमें रसायन का प्रयोग नहीं होता है का उपयोग कर जिस खाद्य पदार्थों का निर्माण होता है उसकी भी प्रदर्शनी सह विक्रय स्टॉल को इस महा महोत्सव में स्थान दिया गया है। इसमें अदौरी ,दनौरी तिलौरी ,कुम्हरौरी,पापड़ आदि का स्टॉल लगाया जाएगा। इसके साथ ही मुरही,कचरी, माछ, टिकड़ी, पुरकिया दलिपुरी, मखानक खीर आदि से संदर्भित स्टॉल लगेगा।

**नेपाल की सांस्कृतिक मंडली प्रस्तुत करेगी झिझिया और डोमकच लोकनृत्य :** महासचिव शंकर पाठक ने बताया कि संध्याकाल रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लोकधर्मी आयोजन किया गया है। जिसमें देश भर के कई नामचीन गायिकाओं और गायक को बुलाया गया है। इस महोत्सव में मिथिला की पारंपरिक नृत्य और संगीत को देखने का मनोरम अवसर प्राप्त होगा। इसके लिए वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध नेपाल की मंडली को बुलाया गया है जो झिझिया, जट जटिन,डोमकछ आदि लोक नृत्यों की प्रस्तुति करेगी

महोत्सव के अवसर पर एक सम्मान सत्र का विभाजन किया गया है जिसमें संस्था को सहयोग करने वाले कई समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज के विविध वर्गों के कई मेधावी लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में कहा गया कि अतिथि के रूप में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो जोनल आईजी अखिलेश झा आदि अन्य कई लोग अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

महोत्सव की सफलता के लिए कई प्रकार के उप समितियों का गठन किया गया है और अलग-अलग क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए कार्यकताओं को भी लगाया गया है। 16 अप्रैल को समस्त कोल्हान क्षेत्र में इसके प्रचार के लिए प्रचार रथ भी रवाना किया गया है।

संवाददाता सम्मेलन में पूर्व सिविल सर्जन डा एके लाल, अशोक झा पंकज, सरोजकांत झा, निवास झा, राजीव ठाकुर, विक्रम आदित्य सिंह, रविंद्र कुमार मिश्र, मनोज झा, ब्रजकांत झा, गोपाल झा, संजीव झा आदि समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# मानगो : 22 से दरभंगा डेयरी से लेकर ब्लूबेल्स स्कूल तक वन वे

- मानगो डिमना रोड में फ्लाई ओवर निर्माण के लिए होगा रुट डायवर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना रोड में फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान रूट डायवर्ट करने को लेकर उप नगर आयुक्त श्री कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आज कार्यालय मानगो नगर निगम में बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में 22 अप्रैल को रूट का ट्रायल को लेकर रूट डायवर्ट करने का निर्देश दिया गया जबकि 24 अप्रैल से उक्त डाइवर्ट किये गये रूट के स्थान पर कार्य आरंभ करने का निर्देश संबंधित एजेंसी को दिया गया।



बैठक करते उप-नगर आयुक्त कृष्ण कुमार।

बैठक में ट्रैफिक डीएसपी, डीएसपी हेड क्वार्टर 1, सहायक नगर आयुक्त, मानगो नगर निगम, कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय पथ निर्माण विभाग एवं अन्य शामिल हुए। बैठक के पश्चात उप-नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने खबर मन्त्र से कहा कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य को लेकर आम लोगों को आवागमन की सुविधा को देखते हुए 22 अप्रैल को रूट का ट्रायल करते हुएरूट को डायवर्ट करने का निर्देश दिया गया है ताकि 24 तारीख से फ्लाई ओवर का निर्माण तीव्र गति से हो सके।

इसके लिए, दरभंगा डेयरी से ब्लू बेल्स स्कूल तक 250 मीटर के रूट डायवर्ट कर वन वे किया जाएगा। वन वे के दौरान सड़क जाम न हो इसके लिए, सड़क किनारे किये गये अतिक्रमण को हटाया जायेगा। उन्होंने डाइवर्ट किए गए रूट के अनुसार लोगों को सुगम रूप से आवागमन करने की अपील की है ताकि ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न न हो।

## परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा के सफल आयोजन को लेकर मानगो में हुई बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर 29 अप्रैल की अपराह्न 3 बजे से मानगो गांधी मैदान से विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभा यात्रा गांधी मैदान के बगल में स्थित बड़ा हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ के पश्चात निकलेगी, और मानगो पुल होते हुए साकची शीतला मंदिर परिसर में जाकर संपन्न होगी। उक्त जानकारी शिव प्रकाश शर्मा ने साउथ प्वाइंट स्कूल में तैयारी बैठक के पश्चात खबर मन्त्र को दी।

तैयारी बैठक में साउथ प्वाइंट स्कूल के निदेशक एवं ब्राम्हण श्रेष्ठ शिव प्रकाश शर्मा ने कहा कि शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए समाज के हर वर्ग से सम्पर्क करना होगा तभी कार्यक्रम सफल होगा इसलिए आज के बैठक में उपस्थित सभी लोग युद्ध स्तर पर आज से लग जाएं। शोभा यात्रा को सफल बनाने में सभी लोग एक-दूसरे परिवार. से सम्पर्क करें और इसे एक अभियान के रूप में लेकर कार्य करें तभी सफलता मिलेगी।

बैठक में उपस्थित अरुण पाण्डेय ने कहा कि इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी युवाओं के कंधो पर जरूर है लेकिन युवा के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाना होगा। अन्य तैयारियो मे भगवान श्री परशुराम जी का सज्जित रथ होगा।

## बीए इंजीनियरिंग कॉलेज एंड टेक्रोलोजी के 14 छात्रों का कोलकाता की कंपनी में हुआ प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** संचार क्षेत्र की अग्रणी कंपनी मेसर्स हाई टेकनेक्स्ट टेलीकॉम एंड इंजीनियरिंग, कोलकाता ने भर्ती के उद्देश्य से 15 अप्रैल 2025 को बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसीईटी), घुटिआ, जमशेदपुर का दौरा किया। कैंपस ड्राइव में कंपनी ने कुल 14 छात्रों (सीएसई-7 छात्र, ईईई- 4 छात्र, ईसीई- 2 छात्र, मैकेनिकल- 1 छात्र) को उनके तकनीकी ज्ञान के आधार पर चुना। चयन प्रक्रिया में 11 पुरुष छात्रों के साथ 3 महिला उम्मीदवारों का भी चयन हुआ है।



चयनित छात्र- छात्राओं संग चेयरमैन डा एसके सिंह।

दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो, वोडाफोन आदि प्रमुख दूरसंचार कंपनियों को सहायता प्रदान करती है। छात्र जून 2025 के मध्य में कंपनी में शामिल होंगे और उन्हें आवास और वाहन सुविधाओं के साथ अच्छा पैकेज दिया जाएगा। पुरुष उम्मीदवार साइट इंजीनियर के रूप में और महिलाएं कंपनी के कोलकाता कार्यालय में मानव संसाधन और तकनीकी कागजी कार्य के रूप में शामिल होंगी। विद्यार्थियों के चयन पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ संजय कुमार रॉय, प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल सिंह एवं समस्त प्रोफेसर्स ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

# बागबेड़ा वृहद जलापूर्ति योजना को जून तक पूर्ण करे विभाग : डीडीसी

- डीडीसी की अध्यक्षता में हुई पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षात्मक बैठक
- गुड़ाबांधा जलापूर्ति योजना में बाधक बन रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई का निर्देश
- जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण की समीक्षा दिये गये कई दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आहूत बैठक



बैठक में निर्देश देते डीडीसी अनिकेत सचान।

में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण में अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन की समीक्षा में शहरी एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा की गई। डीडीसी ने बागबेड़ा वृहद जलापूर्ति योजना को जून माह तक पूर्ण करते हुए पेयजलापूर्ति शुरू करने का निदेश दिया गया। बोड़ाम-पटमदा वृहद जलापूर्ति योजना में पाइपलाइन बिछाने के कार्य को गति देते हुए एक माह में कार्य पूर्ण कर शुरू करने का निदेश दिया गया।

## डुमरिया प्रखंड के 118 संथाल परिवार झेल रहे हैं सामाजिक बहिष्कार, डीसी से मांगा न्याय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सांसद विद्युतवरण महतो को डुमरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों के संथाल जनजाति के 118 परिवारों के प्रमुखों ने हस्ताक्षरित एक ज्ञापन मिला है जिससे यह स्पष्ट होता है कि ये सभी बहिष्कृत परिवारों का स्थानीय ग्राम प्रधान समेत अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने सामाजिक बहिष्कार किया है। आज इन ग्रामीणों ने डीसी से मिल कर अपनी व्यथा सुनायी और न्याय मांगा। दूसरी ओर उन्होंने सांसद का लिखा पत्र भी डीसी को सौंपा। सांसद ने डीसी को लिखे पत्र में कहा है कि सामाजिक बहिष्कार के कारण ये सभी परिवार विभिन्न सामाजिक परंपराओं, रीति-रिवाजों, धार्मिक अनुष्ठानों से वंचित हैं। इस कारण से विभिन्न अवसरों पर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में कई बार टकराव की स्थिति भी बनी हुई है।

# टाटा स्टील ने वित्त वर्ष 24-25 में एक मिलियन टन ट्यूब्स का किया उत्पादन

- मेट्रो, एयरपोर्ट, रेलवे जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में खप रहे ट्यूब्स उत्पाद
- मूल्यवर्धित उत्पादों में विस्तार और स्थायित्व पर केंद्रित रणनीति से हुई रिकार्ड बिक्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के ट्यूब्स डिवीजन ने वित्त वर्ष 2024-25 में एक उत्पादन और बिक्री के क्षेत्र में एक मिलियन टन पार करने का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ टाटा स्टील ने खुद को भारत के सबसे विविध और अग्रणी ट्यूब्स निर्माता के रूप में सशक्त रूप से स्थापित किया है।

मेट्रो, एयरपोर्ट, रेलवे जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स जैसी औद्योगिक इकाइयों तक-टाटा स्टील ट्यूब्स अपने इनोवेटिव उत्पादों और विश्वसनीयता के साथ उद्योग में गुणवत्ता का नया मानदंड स्थापित कर रहा है। इसके ट्यूब्स ऑटोमोबाइल सेक्टर में टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर निर्माताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं, साथ ही तेल और गैस क्षेत्र से लेकर रूफ शेड, गेट जैसे रिटेल उपयोगों में भी व्यापक रूप से इस्तेमाल होते हैं। कंपनी का मजबूत और विस्तृत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क इन उत्पादों को देशभर के हर कोने तक पहुंचाता है। विस्तृत उत्पाद श्रृंखला से आगे बढ़ते हुए, टाटा स्टील ट्यूब्स सर्विसेज और सॉल्यूशंस के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कंपनी ने डोर-फ्रेम और विंडो-फ्रेम, हैंडरेल्स तथा हाई एस्पेक्ट रेशियो ट्यूब्स जैसे वैल्यू-एडेड उत्पादों की शुरूआत कर अपने पेशकश को और अधिक स्मार्ट और उपयोगी बनाया है। यह रणनीतिक विस्तार न केवल ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखता है।

### ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण से हासिल हुई ऐतिहासिक उपलब्धि

1 मिलियन टन का आंकड़ा पार करना हमारे नवाचार, संचालन में उत्कृष्टता और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारे विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो और वैल्यू-एडेड सॉल्यूशंस के विस्तार ने हमें विभिन्न उद्योगों की बदलती जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनाया है। यह ऐतिहासिक पड़ाव सस्टेनेबल समाधानों के माध्यम से विकास को गति देने और भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर व औद्योगिक विकास में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। - **प्रभात कुमार, वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग एंड सेल्स,फ्लैट प्रोडक्ट्स) टाटा स्टील लिमिटेड।**



टाटा स्टील के वीपी प्रभात कुमार।

## एक नजर में

### सोनुवा में छह किसानों के बीच सांसद जोबा माझी के हाथों सोलर पंप का हुआ वितरण



**सोनुवा।** किसान समृद्धि योजना के तहत गुरुवार को सोनुवा के छह किसानों के बीच सोलर पंप सेट का वितरण किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। सोनुवा के प्रमिला महतो, उषा रानी महतो, रासमनी महतो, चांदो महतो, संजय कुमार महापात्र और संजय अंगरिया को 90 फीसद अनुदान पर सोलर पंप सेट सांसद के हाथों प्रदान किया जायेगा। इस मौके पर सांसद ने कहा सोनुवा के किसान मेहनतकश है। यहां सिंचाई की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को सोलर पंप वितरण का लक्ष्य बढ़ाने और योजना का प्रचार-प्रसार करने को कहा। सांसद ने स्थानीय ग्रामीणों से भी कृषि कार्य से जुड़ने की अपील की। कहा राज्य सरकार कई तरह की योजनाएं किसानों के लिए चला रही है उसका लाभ उठाने की जरूरत है। इस दौरान एजेंसी ने लाभुकों को सोलर पंप के संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर बीडीओ सोमनाथ उरांव, सीओ अनुज टेटे, उप प्रमुख रचना महतो, मुखिया जोसेफ मुर्मू, कृषि पदाधिकारी आर्थभंजन प्रधान, कृष्णा बास्के, ललिता कोड़ाह उपस्थित रहे।

### कदमा के डिजनीलैंड मेला का समापन 28 को



**जमशेदपुर।** कदमा गणेश पूजा मैदान स्थित क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो सह डिज्नीलैंड द्वारा आयोजित डिजनीलैंड फेयर को जमशेदपुर वासियों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। मेले के आयोजक संदीप श्रीवास्तव एवं उमेश गुप्ता ने कहा कि चूंकि यह मेला, 28 अप्रैल को समापन हो रहा है अतः लोगों से यह अपील की जाती है कि मेले में आकर इसका आनंद उठायें। मेले में स्थित कई तरह के झूले बच्चों को पसंद आ रहे हैं। कुल मिलाकर इस मेले में परिवार सभी सदस्यों के लिए कुछ न कुछ है। पुनः उन्होंने कहा की कदमा गणेश पूजा मैदान में पहली बार इतना भव्य तरीके से फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यहां उपलब्ध सारे उत्पाद बेहतर गुणवत्ता वाले एक उचित मूल्य पर एक ही छत के निचे उपलब्ध है। जिसमे एक्सक्लूसिव फैशन ज्वेलरी, सिल्क कॉटन साड़ी, ड्रेस मेटरियल, घर सजावट के उत्पाद, शूट, खादी के शर्ट एवं कपड़े, कॉटन के कुर्ता एवं पायजामा, कारपेट बेड सीट, लखनवी चिकन शूट, साड़ी, दुपट्टा सहित घरेलू उपयोग की कई वस्तुएं उपलब्ध हैं।

### नवजात कन्या की माताएं सुरभि के हाथों सम्मानित



**जमशेदपुर।** गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने एमजीएम हॉस्पिटल साकची में कन्या भ्रूण संरक्षण के तहत एक दर्जन से अधिक नवजात कन्या की माताओं को नये कपड़े और फल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए बाराद्वारी गांधी आश्रम में डॉक्टर रुचिता अग्रवाल द्वारा बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। गर्मी में होने वाली बिमारियों से बचाव हेतु हेल्थ संबंधित जानकारी दी गई। बच्चों के बीच चॉकलेट-बिस्किट का वितरण भी किया गया। इस दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरभि शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, मेघा जैन, पायल अग्रवाल आदि सदस्यों का योगदान रहा।

### चाईबासा : अमलाटोला अंडरब्रिज सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग



**चाईबासा।** चाईबासा शहर स्थित टुंगी साई रेल फाटक को बंद कर दिया गया है। आम जनता के आवागमन आमला टोला अंडरपास से किया जा रहा है जिसके लिए रेल विभाग द्वारा टुंगीसाई से बंधपाड़ा तक अंडर पास होकर सड़क बना दिया गया है जिससे होकर हजारों की संख्या में जनता आती जाती है। भाजपा ओबीसी सेल के प्रदेश मंत्री हेमंत कुमार केशरी ने रेलवे के चक्रधरपुर डीआरएम को पत्र लिख कर अंडर पास और उसकी सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। डीआरएम से उन्होंने फोन पर बात भी की है। डीआरएम ने हेमंत केशरी को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को जल्द पूरा किया जायेगा।

### मानगो सीओ से मईया सम्मान योजना की पात्रता को सार्वजनिक करने की मांग



**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) उलीडीह मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को मानगो सीओ से उनके कार्यालय में मिला। जद (यू) नेताओं ने सीओ से राशन कार्ड से योग्य लाभुकों के नाम छंटने की शिकायत की। बताया कि लगातार शिकायत आ रही है कि राशन कार्ड होने व कार्डधारी के योग्यता के बावजूद उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। जद (यू) नेताओं ने सीओ से मईया सम्मान योजना में हो रही अनियमितता की भी शिकायत की। कहा कि योग्य लाभुक होने के लिए सरकार द्वारा तय मापदंड की जानकारी महिलाओं को नहीं है। इसके तहत प्रति माह मिलने वाली सरकारी राशि कुछ महिलाओं के खाते में पहली बार तो प्राप्त हुई लेकिन उसके आगे की राशि रोक दी गयी है।

## स्पीड न्यूज

### विधायक समेत भाजपाइयों ने किया पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का स्वागत



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड में पूर्व केंद्रीय जनजाति मंत्री व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के आगमन पर डालटनगंज भंडरिया विस क्षेत्र विधायक आलोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, नागेंद्र पांडेय, लवली गुप्ता, जिप सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया, पूर्व जिप सदस्य बिकास चौरसिया, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष भीष्म चौरसिया, चैनपुर मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने अपने सभी भाजपा सहयोगी के साथ अपने नेता का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं विधायक आलोक कुमार चौरसिया के अनुज भ्राता की शादी में शामिल होकर पूर्व केंद्रीय जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा ने बधाई शुभकामनाएं दी।

### कोलसार में आग से दो लाख का नुकसान



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत के बरवाडीह गांव के समीप गुरुवार को ईख के कोलसार में अचानक आग लग गयी। इससे कोलसार में रखे किसान पारस तिवारी, बिराज सिंह तथा निजामुद्दीन अंसारी का तीन डीजल पंप व ईख पिराई के मशीन जलकर खाक हो गये। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तबतक डीजल पंप, ईख पिराई मशीन सहित आसपास के खेत में लगी ईख जलकर नष्ट हो गये। इस घटना में किसानों को दो लाख से अधिक के आर्थिक नुकसान का अनुमान है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने की सघन वाहन जांच



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सदीक चौक के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की तलाशी ली गयी, जिसमें दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस एवं कुछ ट्रिपल लोड थे। एक बुलेट मोडिफाइड साइलेंसर मिला। 14 बाइक एवं एक रात में नो एंट्री में ट्रक पकड़ा गया था। उक्त सभी वाहनों को जब्त कर शहर थाना में रखा गया है। 09 बाइक की चालान फाइन राशि 18,102, 02 शराबी बाइक चालक से 20,370 यानी कुल फाइन राशि 38,472 रुपये आये है।

### संवैधानिक संस्थाओं का जितना भी दुरुपयोग हो, कांग्रेस डरेगी नहीं: बिट्टू



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने मोदी भाजपा सरकार के कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से किये गये अन्याय पूर्ण कार्रवाई के विरोध में छह मुहान पर विरोध प्रदर्शन किया। पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में स्थानीय छहमुहान चौक पर पुतला फूंका गया। कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के विरोध जमकर नारेबाजी की। श्री पाठक ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी मोदी सरकार के इस निरंकुश कार्यों की कड़ी शब्दों में निंदा करती है। भाजपा संवैधानिक संस्था का दुरुपयोग कर रही है इससे कांग्रेसी डरनेवाले नहीं हैं। मौके पर रामाशीष पांडे, ओमप्रकाश अमन, शमीम अहमद राईन, रुद्र शुक्ला, ईश्वरी प्रसाद सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, जितेंद्र कमलापुरी, विद्या सिंह चेरो, नाफिज खान, अशोक तिवारी, परीक्षित दुबे, अमुक प्रियदर्शी, रामानंद पाठक उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलनकारियों को जिंदा में सम्मान राशि देना बेहतर है: क्रांति मंच



**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा झारखंड राज्य आंदोलन कारियों को मरणोपरांत एक लाख रुपया देने की घोषणा से बेहतर है कि सरकार उनके जीते जी सम्मानजनक पेंशन राशि देने की घोषणा करे। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन की उपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा ऐसे अपरिपक्व व अव्यवहारिक निर्णय से झारखण्ड आंदोलनकारियों के अंदर गहन निराशा का संचार हुआ है, जिस पर अबुआ सरकार को पुनर्विचार कर छत्तीसगढ़ व उत्तराखंड राज्य के तर्ज पर सम्मान व पेंशन राशि देने पर विचार करना चाहिए। गौरतलब है कि यह सरकार वोट के लिए तो मईयां सम्मान योजना चला रही है। वहीं झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में सबकुछ न्योछावर कर चुके योद्धाओं को मरने के बाद एक लाख रुपये भीख देने की घोषणा कर रही है, जो अनुचित है।

### भाकपा माले का सम्मेलन 22 से बोकारो में

**मेदिनीनगर।** भाकपा माले का सातवां राज्य सम्मेलन बोकारो में 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक होगा। इसमें झारखंड राज्य के प्रत्येक जिला, प्रखंड, पंचायत कैडर भाग लेने पहुंचेंगे। इसकी जानकारी देते हुए भाकपा माले के पलामू जिला कमेटी सदस्य रामराज पासवान ने कहा कि भाकपा माले का सातवां राज्य सम्मेलन झारखंड के दिशा को तय करेगा। इस सम्मेलन के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार से यह मांग किया जायेगा कि रघुवर दास के कार्यकाल में जो नीतियां बनाई गई थी उसे जल्द निरस्त किया जाये। साथ ही उचित स्थानीयता नीति तैयार किया जाये। साथ ही पेसा कानून लागू कर ग्राम सभा के हाथों अधिकार दिया जाये ताकि जमीन की लूट व विस्थापन पर पूरी तरह रोक लगे। श्री पासवान ने कहा कि भारत सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई व बेरोजगारी जटिल समस्या बनकर उभरी है। जिस कारण लोगों को जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि तानाशाह ट्रंप लाईव प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भारत का अपमान हुआ है। वहीं विश्व के छोटे छोटे देश ट्रंप की सनक का दो टूक जवाब दिया है लेकिन मोदी सरकार इस मामले में चुप्पी साधे हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में संविधान, लोकतंत्र व आजादी की विरासत पर लगातार हमला तेज हुआ है।

---

#### छतरपुर स्वर्ण व्यवसायी के दुकान में चोरी का पुलिस ने किया उद्भेदन

# एक गिरफ्तार, चांदी-सोना बरामद

■ चोरी में संलिप्त था अंतरराज्यीय स्वर्ण व्यवसायी : एसपी राकेश कुमार सिंह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित स्वर्ण व्यवसायी अशोक सोनी की दुकान से चोरों ने नौ अप्रैल को ताला तोड़कर चोरी कर ली थी। इस मामले में स्वर्ण व्यवसायी ने चोरी से संबंधित प्राथमिकी थाना में दर्ज कराया था। इस घटना का उदभेदन करने के लिए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने छतरपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन कर चोरी की घटना को जल्द उदभेदन करने का निर्देश दिया था।

इस मामले में छापेमारी दल ने तकनीकी शाखा व गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की घटना में संलिप्त एक अंतरराज्यीय स्वर्ण व्यवसायी को चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में प्रेस वार्ता कर एसपी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस चोरी की घटना का उदभेदन किया गया है। जिसमें चोरी के आभूषण खरीदने वाला अंतरराज्यीय स्वर्ण व्यवसायी अभिषेक कुमार पिता दामोदर प्रसाद ग्राम दधपी थाना मदनपुर औरंगाबाद बिहार को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी का सामान क्रय किया गया है। उसने चोरों का नाम व पता पुलिस को स्पष्ट रूप से नहीं बता पाया है। उसके आधार पर चोरों को गिरफ्तार करने को पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि अशोक सोनी के दुकान से चोरी का छह किलोग्राम चांदी का गहना तथा गला हुआ 14 ग्राम सोना बरामद किया गया है।

---

# हरिहरगंज के भाजपाइयों ने किया पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का हरिहरगंज मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार की रात स्वागत किया। वे एक कार्यक्रम के तहत गिरीडीह से गढ़वा जा रहे थे। मंडल अध्यक्ष बब्लू बलराम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का फुल माला देकर स्वागत किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का परिचय लेते हुए कुशलक्षेम पूछा। साथ ही देशहित में कार्य करने के लिए उत्साहवर्धन किया। मौके पर मंडल महामंत्री सन्नी गुप्ता, महामंत्री सन्नी गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष सिकेन्द्र पासवान, मंडल मंत्री करण राजवीर अमित कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष चन्दन जयसवाल, ओबीसी जिला मंत्री चंदन प्रजापति, किसान मोर्चा जिला मंत्री सुर्यांशु सिंह, मीडिया संजोयक धर्मेंद्र कुमार, रविंद्र पासवान, कुन्दन सोनी, सत्येन्द्र पासवान, सत्येन्द्र साव, हिमांशु कुमार, लखन साव, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष अरविन्द पासवान, बिनु जायसवाल, उत्कर्ष जायसवाल, रौनित कुमार, धीरज सिंह, अजय सिंह, संदीप शौंडिक, लालदेव यादव, सुनिल गुप्ता, बब्लू गुप्ता सुधीर स्वर्णकार, विशाल कुमार, नंदु स्वर्णकार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अर्जुन मुंडा का शानदार स्वागत करते भाजपा समर्थक।

---

#### विधायक ने 263 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का किया वितरण

# स्मार्ट फोन से सेविकाओं का कार्य होगा आसान : नरेश प्रसाद सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के 263 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण विधायक नरेश प्रसाद सिंह, जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधित कार्यों में आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका अहम है। सरकार की ओर से मोबाइल सेट मिलने से उन्हें कार्य निष्पादन करने में काफी आसानी होगी। राज्य सरकार का यह कदम आंगनबाड़ी केंद्रों को हाईटेक करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हर जरूरी सुविधा सेविकाओं को उपलब्ध करायी जायेगी। बस सेविकाएं अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करें।

मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, वरीय समाजसेवी गोपाल राम, मुखिया अंजू देवी, संजय उपाध्याय, किशोर कुमार, मुन्ना यादव, अनिल ठाकुर, बाल विकास परियोजना के पदाधिकारी कर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।



वितरण समारोह में शामिल विधायक व अन्य।

---

# वृक्षों से सांसों का और बाबा साहब से संविधान का रिश्ता : डॉ कौशल और पूनम जायसवाल

■ बाबा साहब की जयंती पर पर्यावरणविद डॉ कौशल गुजरात के कई जिलों में किया पौधों रोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ द्वारिकाधीश/ जूनागढ़/ गुजरात।** गुजरात के झुनागढ़ व द्वारिकाधीश में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वां जन्मदिन पर गुजरात में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धार्थ भट्ट के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाकर किया। पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्होंने कहा जिस तरह बाबा साहब ने संविधान लिखकर लोगों को देश के आम लोगों को अधिकार दिलाई। ठीक उसी तरह से बढ़ती प्रदूषण,भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन रोकने से अपने और आने वाला पीढ़ी के साथ ब्रह्मांड के 84 लाख योनी के जीवों को बचाना है तो सभी उम्र के लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवनचार्य में शामिल करना ही होगा। उन्होंने कहा कि मानव के अस्तित्व बचाने के लिए, पौधा लगाना ही होगा क्योंकि इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है। झुनागढ़ में संस्था के नवमनोनीत सचिव रितेश अनुभव गोहिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ कौशल ने हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर किया।



पौधों का वितरण व वृक्षों पर रक्षाबंधन करते वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल किशोर जायसवाल व अन्य।

---

# श्री सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर व ग्राम देवी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

■ नावाडीह करररबार में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, पूरा क्षेत्र भक्ति माहौल में तब्दील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेल बिगहा अंतर्गत काजरात, करररबार नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक नव निर्मित श्री सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर व ग्राम देवी का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा नावाडीह करररबार नदी स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण से निकाला गया जो पांच किलोमीटर पैदल चल कर दंगवार सोन नदी तट होकर सोन से जल भर कर पुनः नावाडीह करररबार नदी स्थित सुर्य मंदिर प्रांगण में पहुंच कर कलश स्थापित किया। यज्ञ का संचालन वैष्णव संप्रदाय के महान संत श्रीश्री 1008 श्री घनश्यामाचार्य (बालक स्वामी) के सानिध्य में संत अर्जुन दास, यज्ञाचार्य धर्मराज पाण्डेय सहित एगारह ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ का कार्य क्रम कराया जा रहा है। जहां उपस्थित यज्ञाचार्य व विद्वानों के वैदिक मंत्रोच्चारण से जल भरा करा कर कलश को मंदिर में स्थापित कराया। सूर्य मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है। पुरा क्षेत्र भक्ति माहौल में तब्दील हो गया है। कलश यात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे। कलशयात्रा में यज्ञ समिति काजरात एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन एक बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव का रूप ले चुका है।



कलश यात्रा में शामिल लोग।

---

### लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का शहादत दिवस 19 को

**मेदिनीनगर।** शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का शहादत दिवस हर वर्ष 19 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष 19 अप्रैल को शहीद अनुराग शुक्ला का शहादत दिवस मनाया जायेगा। इनके छठी पुण्यतिथि पर सुबह 06 बजे से 12 घंटे का अखंड संकीर्तन एवं संध्या 07 बजे श्रद्धांजलि सभा सिंगरा स्थित शहीद स्मारक स्थल पर होना सुनिश्चित है। इसकी जानकारी शहीद के पिता जीतेंद्र कुमार शुक्ला ने दी। उन्होंने सभी से 19 अप्रैल को ग्राम सिंगरा खुर्द में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**पंडवा पलामू।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर छतरपुर थाना क्षेत्र के चेगीना धाम के पास हुए सड़क दुर्घटना में घायल शंकज मेहता की मौत रांची के रिम्स में इलाज के दौरान बुधवार की रात हो गयी। गुरुवार को शव सिक्का पहुंचते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गयी परिजनों के चीत्कार से सभी लोगों की आंखें नम हो गयी। मालूम हो कि 11 अप्रैल के रात करीब साढ़े आठ बजे चेगीना धाम के समीप टेलर के चपेट में आने से बाइक सवार कठौतिया के अंकेश गुप्ता की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी थी। जबकि बाइक चला रहा युवक शंकज मेहता गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक शंकज मेहता पड़वा थाना क्षेत्र के सिक्का के बलराम महतो का पुत्र था। शंकज मेहता की शादी छतरपुर प्रखंड क्षेत्र में हुई थी। वह अपने मित्र अंकेश गुप्ता के साथ लड़की देखने गया था। इसी दौरान गांव लौटने के दौरान चेगीना धाम के समीप खतरनाक मोड़ के पास बाइक एक टेलर की चपेट में आ गयी थी।

---

# खरौंधी में चोरों ने की समर सेबुल पंप और तार की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात्रि में प्रखंड अंतर्गत खरौंधा ग्राम निवासी अरुण सिंह के खेत में सिंचाई के लिए किये गये बोरिंग से समरसेबुल पंप एवं तार की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार अरुण सिंह अपने खेत खरौंधा दोहर में सिंचाई के लिए अपने बोरिंग में समर सेबुल पम्प लगाया था। जिसका देखभाल एवं सिंचाई का काम गांव के ही अनुज सिंह किया करते थे। बीते बुधवार को शादी समारोह में अनुज सिंह गये हुए थे। चोरों ने इसका फायदा उठाकर रात्रि में समर सेबुल पंप की चोरी कर ली। वहीं चोरों ने पाइप को काटकर वहीं छोड़ दिया। दूसरे दिन सुबह जब अनुज सिंह शादी समारोह से लौटे तो देखा की पंप चोरी हो गया है। इसकी जानकारी उन्होंने पंचायत समिति सदस्य मुस्तकीम अंसारी एवं ग्रामीणों को दिया। सभी लोगों ने घटनास्थल पर पहुंच कर देखा तो घटना सही पाया गया।



---

# मृत्युंजय हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, साथी गिरफ्तार

■ प्रेम प्रसंग को लेकर की गयी थी मृत्युंजय शाह की हत्या : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में सात जुलाई 2023 को मृत्युंजय शाह की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में रघुनाथपुर जिला सिवान बिहार निवासी मृतक के पिता राजेंद्र साह द्वारा अज्ञात लोगों के विरूद्ध हत्या किये जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने छतरपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले का उद्भेदन करने का निर्देश दिया था। जिसमें पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में मृतक के मोबाइल का कॉल डिटेल्स तथा टावर लोकेशन व तकनीकी शाखा के आधार पर अमित मेहता उर्फ धर्मेंद्र मेहता पिता नंददेव मेहता ग्राम मधुपुर पीपरा बगाही थाना कुटुंबा औरंगाबाद बिहार हो हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने हत्या की घटना को स्वीकार किया। उसने पूरी घटना पुलिस को बताया। इस मामले में एसपी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक मृत्युंजय शाह व अमित मेहता दोनों राजस्थान के एक कंपनी में साथ में काम करते थे। वहीं से इन दोनों के बीच दोस्ती हुई। इसके बाद मृतक मृत्युंजय का संबंध अमित मेहता की पत्नी से हो गया।

---

### बीमारी से बचना है तो पोषण को अपनायें : महेंद्र



**रामगढ़, पलामू।** प्रखंड के स्तरोनत राजकीयकृत प्लस टू आदर्श विद्यालय में पोषण पखवाड़ा मनाया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने परिसर की साफ सफाई, पौधों की देखभाल तथा पोषण से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। प्राचार्य महेंद्र प्रसाद ने स्वच्छता और पोषण से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मौसमी फलों, सब्जियों के उत्पादन एवं सेवन पर ध्यान देने को कहा। प्याज एवं सहजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि पोषण व्यक्ति को स्वस्थ एवं मस्त रखता है जिससे व्यक्ति कार्य मन लगाकर करता है। अगर बीमारी से बचना है तो पोषण को अपनाना होगा। इस पखवाड़े में पोषण से संबंधित चर्चा, पेंटिंग, श्लोगन लेखन आदि किया जायेगा।

---

#### प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय सतबरवा के जमीन अधिग्रहण के लिए मापी का कार्य प्रारंभ

# बुनियादी विद्यालय के टूटे हुए खपरैल मकान में कॉलेज का हो रहा कार्य : प्राचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय सतबरवा के जमीन अधिग्रहण के लिए गुरुवार से मापी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की के नेतृत्व में मापी कार्य के दौरान ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य रणधीर कुजूर, अंचल निरीक्षक अनीश सिंह, वरिष्ठ राजस्व उप निरीक्षक विकास मिंज, अंचल अमीन हरिनंदन प्रजापति, अमीन लालबाबू चौधरी के अलावे ट्रेनिंग कॉलेज के शीतल कुमार, राहुल त्रिपाठी और पुलिस बल के जवान मौजूद थे। अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि ट्रेनिंग कॉलेज का जमीन लगभग 24 एकड़ से ज्यादा है।

ठेमा और लोहार पोखरी दो गांवों में प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय का जमीन है। जिसका प्लॉट संख्या एक में 85 डिसमिल, दो में 1.36 एकड़, तीन में 0.3 डिसमिल तथा चार में 11. 22 एकड़ और प्लॉट संख्या 18 में 6.43 डिसमिल है जिसका मापी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान निजी स्कूल और मकान भी कॉलेज परिसर के जमीन में सेटेलाइट पिक्चर से हाल सर्वे के नक्शा में दिख रहा है।

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय सतबरवा के प्रिंसिपल रणधीर कुजूर ने बताया कि कॉलेज की स्थापना 1955 में की गयी है। 70 साल हो चुका है। अभी फिलहाल बुनियादी विद्यालय के टूटे खपड़े के मकान में कॉलेज के काम का संचालन होता है। उन्होंने बताया कि पुराना कॉलेज का क्लास रूम कार्यालय तथा दर्जन भर क्वार्टर गिर चुका है।



निरीक्षण करते पदाधिकारी व विद्यालय का हाल।

---

# आवास और मनरेगा योजना में तेजी लायें मुखिया और पंचायत सचिव : जागो महतो

■ आवास पूर्ण नहीं करनेवाले लाभुकों पर कार्रवाई कर पैसे की वसूली की जायेगी

■ बीडीओ ने की बैठक, ग्राम सरजा में योजनाओं का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने क्षेत्र के मुखिया, पंचायत सचिव, कोऑर्डिनेटर के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने आवास योजना व मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की। साथ योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बीडीओ ने अबुआ, भीमराव अंबेडकर, पीएम आवास योजना, मनरेगा, सिंचाई कूप योजना बरसात के पूर्व पूरा करने का निर्देश क्षेत्र के मुखिया व पंचायत सचिव को दिया है। उन्होंने कहा कि नये वित्त वर्ष में मनरेगा के तहत मजदूरों को काम दिया जाये ताकि मानव दिवस का सृजन किया जा सके। उन्होंने कहा कि आवास योजना के कार्यों में तेजी लाते हुए जल्द पूरा कराये। साथ ही बीडीओ ने सदर प्रखंड के सरजा ग्राम में आवास व मनरेगा योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवास व मनरेगा योजना को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवास का किस्त लेने के बावजूद आवास निर्माण नहीं कराने वाले लाभुकों पर कार्रवाई करते हुए पैसे की वसूली की जायेगी। उन्होंने कहा कि लाभुक हर हाल में आवास पूरा करायें। मौके पर बीडीओ के अलावे सरजा पंचायत सचिव प्रीति कुमारी मौजूद थी।



आवास का निरीक्षण करते बीडीओ व सरजा पंचायत सचिव।

# हम झारखंड के लिए नासूर बनते जा रहे हैं बांग्लादेशी घुसपैठिए से लड़ रहे हैं : अर्जुन मुंडा

## निजी दौरे पर आए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने प्रशासन से ली सिंचाई योजनाओं की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड में तेजी से बढ़ रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड के लिए नासूर बनते जा रहे हैं। श्री मुंडा गढ़वा में अपने निजी दौरे के दौरान उक्त बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है लेकिन झारखंड की वर्तमान सरकार को इसकी चिंता नहीं है। वह उन्हें संरक्षित कर रही है और घुसपैठिए की सही जानकारी को भी छुपा रही है। केवल उनकी पार्टी भाजपा ही घुसपैठियों से लड़ रही है। अदालत में भी इसका मुकदमा चल रहा है। उन्होंने बंगाल की हिंसा पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि वहां की ममता सरकार घुसपैठियों के सामने घुटने टेक चुकी है। घुसपैठियों को पास पोसकर अधिकार देने की बात करने वाली बंगाल की सरकार हिन्दुओं के खिलाफ हत्या और हिंसा की घटना पर मौन है। सरकार की निष्क्रियता उसकी मुस्लिम परस्त मानसिकता को दशार्ता है। जिस तरह की घटनाएं मुर्शिदाबाद और 24 परागना मे हो रही है। यह साफ दशार्ता है कि वहां की सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि इन घटनाओं में केवल हिन्दू आहत हो रहे हैं। बंगाल की सरकार को हिंदुओं की कोई चिंता नहीं है।

श्री मुंडा ने झारखण्ड सरकार के कार्य पर टीका टिप्पणी से परहेज करते हुए कहा कि अभी हमलोग सरकार की एक एक गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। एक बात सत्य है कि झारखंड में लॉ एंड ऑर्डर की धज्जियां उड़ाई जा रही है। अपराधियों का मनोबल दिनों दिन बढ़ रहा है। उन्होंने झारखंड के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान के ऊपर सरिया के बयान पर कहा कि जो व्यक्ति सविंधान की शपथ लेकर एक अच्छे सैवांधानिक पद पर रहता है उसे इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए। क्योंकि हमारा राज्य और देश सविंधान से चलता है। नियम और कानून से चलता है। सरिया से नहीं। सर्किट हाउस मे स्थानीय भाजपा नेताओं और जिला प्रशासन से मिलने के बाद प्रेस से बात करते हुए कहा कि गढ़वा जिले की बहुत सारी योजनाएं पाइप लाइन में है। जिसमें कनहर पाइप लाइन योजना और मंडल डैम जैसी पुरानी योजनाएं भी शामिल है। उन्होंने इस योजनाओं का अपडेट गढ़वा के डीसी से लिया और स्थानीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई को तेजी से पूरा करने पर बल दिया। इसके पूर्व श्री मुंडा को गढ़वा पहुंचते ही शहर के रंका मोड़ पर भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो सहित भाजपा के अन्य नेताओं ने बुके देकर और माला पहना कर स्वागत किया। सर्किट हाउस में भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, मुकेश निरंजन सिंह, रघुराज पांडेय, गौरी विंद, रविन्द्र जायसवाल आदि ने भी श्री मुंडा को सम्मानित किया।


गढ़वा में पूर्व केंदीय मंत्री सह पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत, कई घायल


अस्पताल के बाहर पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव/बरडीहा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा मोड़ पर अनियंत्रित होकर टेंपो पलटने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसमें सवार लगभग आधा दर्जन लोगों को आंशिक चोट लगी। घटना बुधवार की देर शाम की बताई जाती है। मृतक की पहचान विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बघमनवा गांव निवासी स्व. तपेश्वर रजवार के 60 वर्षीय पुत्र छेदी रजवार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार पलामू जिला के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के बघमनवा गांव से कांडी थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव में तिलक चढ़ाने जा रहे थे। इसी दौरान सलगा मोड़ पर टेम्पो पलट गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर दुर्घटना में बुरी तरह से घायल वृद्ध व्यक्ति को इलाज के लिए मझिआंव रेफरल अस्पताल भेजा। वहीं अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर विशाल कुमार मिश्रा ने छेदी रजवार को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार वृद्ध की मौत रास्ते में ही हो चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में कुछ अन्य लोग भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार गुरुवार की सुबह दलबल के साथ मझिआंव रेफरल अस्पताल पहुंचकर और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। इधर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त टेंपो री03 यू 9986 को जप्त कर लिया गया है। वहीं दूसरी दुर्घटना कांडी थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव के पास मोटरसाइकिल के धक्के से बिशनपुरा निवासी स्व ज्ञानी शर्मा के पुत्र धर्मदेव शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया। जबकि तीसरी दुर्घटना गुरुवार की सुबह हरिहरपुर ओपी क्षेत्र में हुई। जिसमें सुनील चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार चौधरी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर उपस्थित डॉक्टर विशाल कुमार मिश्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# भाजपा नेता विनय चौबे, रघुराज पांडेय के घर पहुंचे अर्जुन मुंडा


विनय चौबे के आवास पर श्री मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भाजपा नेता विनय चौबे के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचे। कुछ महीने पूर्व विनय चौबे के पुत्र का आकस्मित निधन हो गया था।

श्री मुंडा ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए श्री चौबे को हर विपरीत परिस्थिति में धैर्य रखने और ईश्वर पर पूर्ण विश्वास रखने की बात कही। अर्जुन मुंडा गढ़वा जिला भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय के श्री बंशीधर अनुमंडल के चित्त विश्राम गांव स्थित आवास पर भी पहुंचे। दो दिन बाद श्री पांडेय की पुत्री की शादी है। श्री मुंडा ने उनकी पुत्री को आशीर्वाद दिया और सफल दांपत्य जीवन की कामना की। श्री मुंडा भाजपा नेता मथुरा पासवान के घर जाकर उनके पुत्र एवं पुत्री की होने वाली शादी की अग्रिम शुभकामनाएं दी और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस मौके पर झारखंड भाजपा के उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, अलखनाथ पांडेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, ठाकुर प्रसाद महतो, ब्रजेश कुमार उपाध्याय, संतोष कुमार दुबे, अरविंद तूफानी, प्रमोद कुमार चौबे, सुरेन्द्र राम, उमेश कश्यप, अनील कुमार, नीरज प्रकाश, अंजनी तिवारी, राम सरीख चंद्रा आदि मौजूद थे।

# एएसडी प्ले स्कूल के संस्थापक की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा


श्रद्धांजलि देते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** एएसडी प्ले स्कूल के संस्थापक स्व. विपिन बिहारी लाल वर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर विद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस भावपूर्ण अवसर पर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। बच्चों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धा भाव प्रकट किए और विद्यालय के संस्थापक को याद किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रभारी रश्मि वर्मा ने स्व. वर्मा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में जो सपना देखा था, उसे साकार करने की दिशा में विद्यालय परिवार निरंतर कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि श्री वर्मा का उद्देश्य था कि समाज के गरीब और जरूरतमंद बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और आज विद्यालय उसी दिशा में निरंतर प्रयासरत है। रश्मि वर्मा ने बताया कि विद्यालय में मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आए, इसके लिए हर संभव सहयोग किया जाता है।

विद्यालय का प्रयास है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि श्री वर्मा के सिद्धांत और आदर्श आज भी विद्यालय के संचालन में मार्गदर्शन का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्व. वर्मा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर शिक्षिका प्रिया पाठक, नेहा कुमारी, कृति कुमारी, ज्योति दुबे, आरती कुमारी, मुस्कान कुमारी, निशा कुमारी, हीना सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## भाजपाईयों ने गर्मजोशी से किया अर्जुन मुंडा का स्वागत

**मेराल।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का मेराल बस स्टैंड में भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। एक निजी कार्यक्रम में गढ़वा से श्री बंशीधर नगर जाने के क्रम में मेराल प्रखंड के प्रमुख कार्यकताओं ने पार्टी का झंडा लेकर उनके स्वागत में खूब नारे लगाए। इस दौरान श्री मुंडा ने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए उनसे कुशल क्षेम पूछा तथा साथ में फोटो खिंचवाई। स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल, रूपू महतो, उदय कुमार कुशवाहा, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, शिव नारायण चौधरी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# ओवरलोडेड टेंपू में सफर करते हैं बच्चे


ओवरलोड टेंपू में बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड में स्कूली छात्र जान हथेली पर रखकर शिक्षा प्राप्त करने को मजबूर हैं। यहां के ग्रामीण इलाकों से विद्यालय जाने वाले बच्चे हर दिन खतरे से खेलते हुए ओवरलोडेड टेंपू में सफर करते हैं। टेंपू में बैठने की जगह न होने पर बच्चे खड़े रहकर या बाहर लटक कर यात्रा करते हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टेंपू चालक अधिक पैसे कमाने के लालच में क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को गाड़ी में ठूंस देते हैं। न तो उन्हें बच्चों की सुरक्षा की चिंता होती है और न ही ट्रैफिक नियमों का पालन किया जाता है। कुछ दिन पहले मकरी के बड़का अहरा के पास ऐसा ही एक ओवरलोडेड टेंपू पलट गया था, जिसमें कई बच्चे घायल हो गए थे।

## बाईक से गिरकर घायल

**भवनाथपुर।** बीती रात्रि एक बाईक चालक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में 108 एंबुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी बब्लू पासवान पिता खुशलाल पासवान शादी का कार्ड बांटने खरौंधी बाईक से गया था। वापसी में रात्रि में वह अपने घर वापस जा रहा था कि इसी बीच नेपाल खोह के पास बाईक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे चला गया। जिससे बब्लू गंभीर रूप से घायल हो गया।

# डीसी ने समीक्षात्मक बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में विभाग से संबंधित एक साथ कई योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान जिले एवं प्रखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रो पर स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों की उपलब्धता की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान कार्ड योजना, आभा कार्ड निर्माण आदि विषयों पर भी चर्चा की। डीसी श्री जमुआर ने 15वें वित्त आयोग के तहत विभिन्न प्रखंडों में स्वास्थ्य उप केन्द्रो का निर्माण कार्य एवं निर्माण के पश्चात नवनिर्मित भवनों को हस्तगत कराने की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। नीति आयोग के विभिन्न इंडिकेटरों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इस दौरान डीसी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन गढ़वा डॉ अशोक कुमार ने पीसी-पीएनडीटी ऐक्ट पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से संक्षिप्त जानकारी दिया। बैठक में गढ़वा जिले में सेक्स रेश्यो, अल्ट्रासाउंड क्लीनिक/सेंटर, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड क्लीनिक, पिछले बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन, नए अल्ट्रासाउंड केंद्र हेतु प्राप्त आवेदन एवं रिन्यूअल को लेकर कमिटी द्वारा विचार विमर्श किया गया। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, डीईओ कैसर रजा, डीडीएम सुजीत कुमार मुंडा, संबंधित विभागों के चिकित्सा पदाधिकारी समेत चिकित्सा विभाग के अन्य कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।


बैठक करते डीसी

---

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Jharkhand Ranchi -834002**

Letter No. - 563 | **Corrigendum Notice** | Date- 17-04-2025

Reference to Tender Ref. No.-Kha.Up.Ni.-24(Chi.Vi.Yo.)-04/2024-Re-448 Dated:-24/03/2025, PR NO. 349157 for Supply of Free Flow White Crystal Sugar (Grade-S-30/M-30) (As per FSSAI Norms) for 4th Quarter (January 2025 to March 2025) of Financial Year 2024-25 through reverse e-auction platform of NCDEX e Markets Limited".
Bid End Date/Time Amended as follows:-

| Description | As per RFP | Amended As |
|---|---|---|
| Bidding Document Cost Date : | 16-04-2025 | 24-04-2025 |
| Tender Document Sales End Date : | 16-04-2025 | 24-04-2025 |
| Bid Submission Closing Date : | 16-04-2025 | 24-04-2025 |

However, the prospective bidder are advised to regularly keep visiting and checking the website http://jharkhand.gov.in/food & https://www.neml.in for any further forthcoming information/ notice(s) / developments / amendment(s) / Clarification(s) regarding the subject Tender. Rest all the Terms and Conditions of the RFP and subsequent amendment remains unchanged.

Sd/-
( Dilip Tirkey ), Director

PR 350579 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26)#D

---

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**FOR RATE PURPOSE ONLY**

**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 01/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **Renovation of Boundary Wall, Drain, Construction of Guard Room, Landscaping and Other Works in Quarter No. B-2(New) (F Type) PHED Colony, Hinoo, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 26-04-2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 28-04-2025 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR 350584 (Building) 25-26 (D)

---

**जिला समादेष्टा का कार्यालय,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी रॉंची**

**आदेश**

W.P.(S) No- 5302/2022 गोविन्द महतो एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य के वाद में पारित न्यायादेश के अनुपालन हेतु महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखण्ड, रॉंची का आदेश प्राप्त है। उक्त न्यायादेश के आलोक में 132 (एक सौ बत्तीस) कर्त्तव्य विमुक्त गृह रक्षकों का नियमानुसार उचित कानुनी प्रक्रिया के तहत नाम परिवर्तित करते हुए उनका पुनः नामांकन किया जाना है।

अतः उक्त वाद में संबंधित जो भी गृह रक्षक रॉंची जिला से नामांकित है एवं उनकी आयु 60 वर्ष से कम है। वे सभी कर्त्तव्य विमुक्त गृह रक्षक निम्नांकित दस्तावेज के साथ दिनांक–23.04.2025 को समय 10.00 बजे जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा, रॉंची में पुनः नामांकन करने हेतु उपस्थित होंगे।

1.नाम परिवर्तन से संबंधित शपथ पत्र की मूल प्रति।
2.आधार कार्ड मूल प्रति के साथ।
3.शैक्षणिक प्रमाण–पत्र मूल प्रति के साथ।
4.गृह रक्षक होने का प्रमाण–पत्र।
5.आवासीय प्रमाण–पत्र।
6.गृह रक्षक परिचय पत्र।

आप सबों के द्वारा निर्धारित तिथि को जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा, रॉंची में उपस्थित नहीं होते है तो ये समझा जायेगा की आप पुनः नामांकन करने हेतु इच्छुक नहीं है, आपके द्वारा भविष्य के गृह रक्षक होने से संबंधित किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
रॉंची

PR 350604 (Police)25-26*D

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।**
**Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com**
**आम सूचना**

वर्ष 2025 के आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जनहित में पेयजल से उत्पन्न समस्या से त्वरित निराकरण हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया अंतर्गत जिलास्तरीय जिला नियंत्रण कक्ष का गठन निम्न प्रकार किया जाता है।

जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी / कर्मी निम्नवत है :–
(1) श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता मो0 – 7541920901
(2) श्री विशाल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक मो0 – 7269057933
(3) श्री अनिल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक मो0 – 6299093017

नियंत्रण कक्ष के प्रभारी श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया होंगे। प्रभारी सुबह / शाम नोडल पदाधिकारी (सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया) को प्रतिवेदित करेंगे। निर्देश है कि प्रमंडल स्तर पर शिकायत पंजी का संधारण / निराकरण कराया जायेगा। प्राप्त शिकायत को अवर प्रमंडल कार्यालय को तत्काल दूरभाष पर सूचित कर दर्ज कराया जायेगा।

अवर प्रमंडल / प्रशाखा स्तर पर सहायक अभियंता / कनीय अभियंता शिकायत पंजी का संधारण / निराकरण हेतु जिम्मेवार होंगे। इस आलोक में प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है जो निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | प्रखंड का नाम | सहायक अभियंता | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का नाम / पदनाम | दूरभाष नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, कोडरमा मो0 नं0 9263952920 | श्री विकास कुमार दास, कनीय अभियंता | 9471329527 |
| 2 | डोमचांच | | श्री अभिजीत कुमार, कनीय अभियंता | 8789932957 |
| 3 | सतगावॉं | | श्री अमित कुमार, कनीय अभियंता | 7250105348 |
| 4 | जयनगर | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया मो0 नं0 9263952920 | श्री ओम प्रकाश कनीय अभियंता | 7033773207 |
| 5 | मरकच्चो | | श्री जहेन्द्र भगत, कनीय अभियंता | 8084416065 |
| 6 | चंदवारा | | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, कनीय अभियंता | 8969448444 |

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया।

PR 350562 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

---

**ई-प्रोक्योरमेंट सेल**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, रॉंची**

**अति अल्पकलीन ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा**

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – DHN-1 /03/2025-26 | दिनांकः– 16.04.2025

| क्र0 | विवरणी | ग्रुप नं0 | संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Replacement of Rotten Riser Pipe of 32 mm dia., Connecting rods, C.I Cylinders (wherever required) etc. under D.W.& S. Division No-1, Dhanbad, on Turn Key Basis for the Year 2025-26 under DMFT | RRP/GOV | 160 अदद | 23.5956 | 0.48 | 5000.00 |
| | | RRP/KAN | 140 अदद | 20.64615 | 0.42 | 5000.00 |
| | | RRP/NIR | 165 अदद | 24.33296 | 0.50 | 5000.00 |
| | | RRP/KAL | 145 अदद | 21.38351 | 0.44 | 5000.00 |
| | | RRP/EGY | 145 अदद | 21.38351 | 0.44 | 5000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 45 Days | | | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.04.2025 .समय 04:00 बजे अपराहन् | | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 02.05.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 02.05.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 03.05.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् | | | | |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद। | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पदनाम | रणजीत कुमार ठाकुर, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सं.1, धनबाद | | | | |
| 9 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0326-3148874 | | | | |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2480345 | | | | |

नोट – 1. केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. प्राक्कलित की राशि घट–बढ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र में अंकित प्राक्कलित राशि के आधार पर अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य मान्य होगा।
3. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, संख्या–01, धनबाद

PR 350596 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

खबर मन्त्र

रांची.शुक्रवार. 18 अप्रैल 2025



epaper.khabarmantra.net

# बुजुर्गों का ख्याल

हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा। एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। सामाजिक सुरक्षा की वह छांव कहां, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। केरल के कई गांवों में लोग एक दिन हर बुजुर्ग का हाल पूछते हैं कि क्या वे सुरक्षित हैं। वे चर्च व पंचायतों में बैठकें करते हैं ताकि एक-दूसरे के हाल-चाल जान सकें। यह हाल पंजाब से लेकर देश के हर राज्य में कम या अधिक है। बताते हैं कि मार्च माह के अंत में बुजुर्गों के इस एकाकीपन के संकट को महसूस करते हुए केरल सरकार ने एक वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाने की घोषणा की है। लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो सहायक ही हो सकता है। देखना होगा कि सरकारी अधिकारी कितनी संवेदनशीलता से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करते हैं। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। लेकिन देखना यह होगा कि भ्रष्टाचार के घुन से खोखली होती व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिक आयोग ऐसे संकट का कारगर समाधान उपलब्ध कराने में किस हद तक सफल हो पाता है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता इसमें सहायक बनेगी। नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में युवा भारत बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं?

# आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797


धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गोबर, गुस्सा और विश्वविद्यालय की गिरती गरिमा



विरोध के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर, सत्ता की भाषा को उसके ही प्रतीकों से जवाब दे रहे हैं।



-प्रियंका सौरभ

**दिल्ली** विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा क्लासरूम और प्रिंसिपल के घर पर गोबर लीपने की घटना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि एक गहरी असंतोष की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी। इस विरोध ने सत्ता और शिक्षा व्यवस्था के पाखंड को उजागर किया। जहां एक ओर गोबर को सांस्कृतिक प्रतीक माना जाता है, वहीं जब छात्र उसी प्रतीक का इस्तेमाल विरोध में करते हैं, तो उसे ह्यअसभ्यह्व करार दिया जाता है। विश्वविद्यालय अब संवाद के नहीं, सत्ता के मंच बनते जा रहे हैं, जहां छात्रों की असहमति को दबाया जाता है। इस असामान्य विरोध ने न केवल व्यवस्था की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े किए, बल्कि यह भी बताया कि प्रतीकों के जरिए भी तीखा प्रतिरोध संभव है। जब असहमति की जगह छिन जाती है, तो गुस्सा प्रतीकों के जरिए बोलता है, कभी-कभी गोबर से भी।

दिल्ली विश्वविद्यालय जिसे भारत के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में गिना जाता है, हाल ही में एक अजीबोगरीब और प्रतीकात्मक विरोध का केंद्र बना। कुछ छात्रों ने क्लास रूम की दीवारों पर गोबर लीप दिया और प्रिंसिपल के घर के बाहर भी गोबर फेंक दिया। यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, न ही कोई ग्रामीण उत्सव। यह था एक गुस्से से भरा राजनीतिक वक्तव्य। यह घटना न केवल ध्यान खींचती है, बल्कि कई गहरे और असहज सवाल भी खड़े करती है। क्या विश्वविद्यालय अब सिर्फ सत्ता का विस्तार बन चुके हैं? क्या छात्र आंदोलन केवल विचारों से नहीं, अब गंध से भी संवाद करने लगे हैं?

यह विरोध दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस स्थित एक कॉलेज में हुआ, जहां छात्रों ने गोबर लिपकर क्लासरूम को ह्यपवित्रह्व करने की कोशिश की। दरअसल, यह 'पवित्रता' का तंज था, एक ऐसे सिस्टम पर, जिसे छात्र अपवित्र मानते हैं। कहा गया कि यह विरोध जातिगत भेदभाव, एक दलित प्रोफेसर के साथ अन्याय और प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ था। छात्रों ने न सिर्फ कक्षाओं को गोबर से लीपा, बल्कि प्रिंसिपल के घर तक जाकर वहां भी प्रदर्शन किया।दरअसल भारत में गोबर का उपयोग सदियों से पवित्रता, शुद्धता और स्वदेशी जीवनशैली के प्रतीक के रूप में होता आया है। लेकिन इस मामले में इसका प्रयोग गहराई से व्यंग्यात्मक था। यह एक ऐसा प्रतीक था जो न केवल सत्ता की 'पवित्रता' को उलट देता है, बल्कि यह दिखाता है कि छात्र अब विरोध के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर, सत्ता की भाषा को उसके ही प्रतीकों से जवाब दे रहे हैं।

निश्चित रूप से गोबर से दीवारें लीपना किसी भी संस्थान के लिए एक अनुशासनहीन हरकत मानी जाएगी लेकिन यह भी सोचना

> दरअसल, यह 'पवित्रता' का तंज था, एक ऐसे सिस्टम पर, जिसे छात्र अपवित्र मानते हैं। कहा गया कि यह विरोध जातिगत भेदभाव, एक दलित प्रोफेसर के साथ अन्याय और प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ था। छात्रों ने न सिर्फ कक्षाओं को गोबर से लीपा, बल्कि प्रिंसिपल के घर तक जाकर वहां भी प्रदर्शन किया।दरअसल भारत में गोबर का उपयोग सदियों से पवित्रता, शुद्धता और स्वदेशी जीवनशैली के प्रतीक के रूप में होता आया है।

भारतीय विश्वविद्यालय धीरे-धीरे उस विचारभूमि से हटते जा रहे हैं जहां असहमति को प्रोत्साहन मिलता था। आज यदि कोई छात्र या प्रोफेसर सत्ता के खिलाफ बोलता है तो उसे 'राष्ट्रविरोधी', या 'विकास-विरोधी' कहा जाने लगता है। कैंपस अब लोकतांत्रिक संवाद के केंद्र नहीं, बल्कि अनुशासन और डर के घेरे बनते जा रहे हैं। छात्रों के इस कदम को केवल ह्यअसभ्यताह्व कहकर खारिज करना आसान है, लेकिन यह भूलना नहीं चाहिए कि यह घटना उस निराशा और हताशा की उपज है जो वर्षों से भीतर ही भीतर सुलग रही है। जब संवाद के सारे रास्ते बंद कर दिए जाते हैं तो प्रतीकात्मक और चौंकाने वाले कदम ही एकमात्र विकल्प बनते हैं।

होगा कि जब छात्र अपनी बात कहने के लिए इतना असामान्य तरीका अपनाते हैं तो समस्या केवल छात्रों में नहीं, व्यवस्था में भी है। वे किस हद तक खुद को असहाय और अनसुना समझते हैं, यह इस घटना से जाहिर होता है। यह विरोध न तो हिंसक था, न ही शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला लेकिन यह मानसिक और सांस्कृतिक असहजता पैदा करने वाला जरूर था। शायद यही इसका उद्देश्य भी था, लोगों को हिलाकर रख देना, ध्यान खींचना, और एक झटके में सत्ता की नकली गरिमा को धूल-गोबर में मिला देना।

छात्रों का प्रदर्शन प्रिंसिपल के निजी घर तक पहुंचना न केवल प्रतीकात्मक था, बल्कि यह दशार्ता है कि छात्रों को अब संस्थागत दायरे में न्याय की उम्मीद नहीं रही। जब कॉलेज के भीतर के मंच निष्क्रिय हो जाते हैं, तो विरोध निजी दायरे तक पहुंच जाता है। यह खतरनाक संकेत हैं, न केवल शिक्षा व्यवस्था के लिए, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी लेकिन दुर्भाग्यवश किसी ने यह नहीं पूछा कि छात्र ऐसा क्यों कर रहे हैं? किस घटना ने उन्हें इस हद तक पहुंचाया? किसने संवाद के रास्ते बंद किए? मीडिया अक्सर लक्षणों पर बहस करता है, लेकिन बीमारी की जड़ तक नहीं जाता।

सत्ता का दोहरापनसत्ता जब गाय और गोबर को संस्कृति का हिस्सा मानकर उन्हें नीतियों में शामिल करती हैं, जैसे गोबर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देना, पंचगव्य को चिकित्सा बताना। तब वह ह्यधर्म-सम्मतह्व होता है लेकिन जब यही प्रतीक छात्रों के विरोध में आते हैं तो वे 'अश्लील' और 'असभ्य' बन जाते हैं। यही सत्ता का दोहरापन है। छात्रों का यह विरोध सत्ता के इस पाखंड की पोल खोलता है। यह दिखाता है कि सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रयोग केवल सत्ता के लिए सुरक्षित नहीं है, बल्कि आम जनता भी उन्हें विरोध के औजार बना सकती है। मान लीजिए अगली बार छात्र प्रशासनिक आदेश को पवित्र मानकर उस पर गंगाजल छिड़क दें, तो क्या तब भी यह ह्यअसभ्यताह्व मानी जाएगी, या यह ह्यसंस्कृतिह्व के सम्मान में गिना जाएगा? जब प्रतीकों की राजनीति हो, तो प्रतीकों से ही जवाब देना सबसे तीखा व्यंग्य होता है और यही छात्रों ने किया।

क्या है समाधान इस घटना के बहाने यह जरूरी हो गया है कि विश्वविद्यालयों में संवाद की संस्कृति को फिर से मजबूत किया जाए। छात्रों की आवाज को सुनने, समझने और मान्यता देने की प्रक्रिया को संस्थागत रूप दिया जाना चाहिए। प्रोफेसरों और छात्रों के बीच विश्वास और सम्मान की नींव फिर से खड़ी की जानी चाहिए। किसी भी असहमति को देशद्रोह या अनुशासनहीनता बताने की प्रवृत्ति पर लगाम लगानी होगी। छात्रों को यह समझाना भी जरूरी है कि विरोध का तरीका ऐसा हो जो व्यापक समाज में उनकी बात को सही तरीके से पहुँचाए न कि केवल क्षणिक ध्यान आकर्षित करे। यह घटना एक प्रतीकात्मक चेतावनी है कि शिक्षा का मंदिर यदि सत्ता की चौकी बन जाए तो छात्र वहीं पर 'शुद्धि यज्ञ' करने लगते हैं। गोबर का यह विरोध हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र में असहमति की गुंजाइश बनी रहनी चाहिए, वरना दीवारें ही नहीं, सोच भी गंधाने लगती है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**– अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**– राजेश चौहान, कोडरमा**

## X ट्वीट

**पूर्व** प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने अपनी राजनीति में देशहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। सामाजिक समरसता और राष्ट्र-निर्माण के उनके प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा।

**– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**विजय** बड़ी है, तो चुनौती भी बड़ी होगी! लेकिन अबुआ सरकार में हर चुनौती का डटकर सामना करने के लिए झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का हर सिपाही कमर कस कर तैयार है।

अबुआ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं हमारे कर्मठ और जनसेवा हेतु प्रतिबद्ध साथी।

**कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक**

# वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भड़काई गई हिंसा के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं?

**- कमलेश पाण्डेय**

सामयिक

**वक्फ** संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में जो हिंसा हुई वह सुनियोजित थी।यह अब तक की केन्द्रीय एजेंसियों की तफ्तीश से काफी कुछ साफ होता जा रहा है। लेकिन सवाल है कि इस सुनियोजित हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? राज्य प्रशासन की जवाबदेही क्यों नहीं सुनिश्चित की गई? उसकी लापरवाही पर संसद और जिम्मेदार संस्थाएं कब तक एक्शन लेंगीं, क्योंकि विदेशी-देशी सांठगांठ से हुई हिंसा में हिंदुओं के जानमाल की क्षति हुई है। ऐसा कोई पहली बार नहीं हो रहा। इसलिए उदंड और बेलगाम राजनीति की लगाम कौन कसेगा, यह अब यक्ष प्रश्न है?

जांच एजेंसियों के सूत्रों की मानें तो इस हिंसा की प्लानिंग लंबे समय से की जा रही थी लगभग पिछले तीन महीनों से इलाके के लोग इस घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे पूरे मामले की जांच के दौरान पाया गया है कि यह आतंकवाद फैलाने का नया तरीका है प्रारंभ में रामनवमी की तारीख तय थी, लेकिन उस दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण चीजें बदल गईं। लेकिन वक्फ संशोधन कानून ने ट्रिगर पॉइंट दे दिया।

खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक मुर्शिदाबाद की हिंसा में विदेशी हस्तक्षेप से इनकार नहीं किया जा सकता है। जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) जैसे समूह बांग्लादेश बॉर्डर से लगते इलाकों और सुंदरबन डेल्टा में हथियारों की आपूर्ति कर रहे है। ये आतंकी संगठन ट्रेनिंग देने के साथ ही प्रोपेगेंडा भी फैला रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठन अशांति को बढ़ाने के लिए वैश्विक मीडिया का उपयोग कर रहे हैं` वे दहशत फैलाने के लिए अफवाह फैलाने में मदद कर रहे हैं यह उसी तरह है जैसे सीएए विरोध प्रदर्शनों के दौरान एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता छीनने के रूप में प्रचारित किया गया था ` विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए या गिरफ्तार किए गए लोगों को भी नायक के रूप में महिमामंडित किया जा रहा है।

दरअसल वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा भड़क उठी है, उससे खुफिया एजेंसियों ने अन्य राज्यों में भी ऐसी घटनाओं की आशंका जताई है` इसके दृष्टिगत देशभर में लगातार सतर्कता बरती जा रही है। यह बात दीगर है कि अभी तक अन्य राज्यों से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। केंद्र सरकार के मुताबिक वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की अधिसूचना के मद्देनजर अभी तक अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से किसी भी सांप्रदायिक स्थिति की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत एक शांतिप्रिय देश रहा है। फिर भी पहले मुस्लिम आक्रान्ताओं ने और फिर ब्रिटिश नौकरशाहों ने अपने-अपने प्रशासनिक स्वार्थ की प्रतिपूर्ति के लिए ऐसी-ऐसी अव्यवहारिक नीतियों को कानूनी अमली जामा पहनाया, जिससे हिन्दू समाज जाति और क्षेत्र के नाम पर बिखर गया। कभी मुस्लिम अधिकारी तो कभी ईसाई अधिकारी और उनके पिट्ठू लोग हिन्दुओं पर हावी होते चले गए।` इसी कड़ी में सांप्रदायिक, जातीय और क्षेत्रीय हिंसा को अघोषित प्रशासनिक एजेंडे के तौर पर बढ़ावा दिया गया। इइसी स्थिति से निजात पाने के लिए देश में आजादी की लड़ाई तेज हुई और साम्पदायिक विभाजन तक की नौबत आई` इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम दंगे भी खूब हुए` कथित राष्ट्रवादियों ने ढोंगी धर्मनिरपेक्षता की तो खूब बातें कीं, लेकिन अपने कुत्सित जातीय, क्षेत्रीय और सांप्रदायिक एजेंडे से आगे की कभी नहीं सोच पाए। मसलन बहुमत की आड़ में शांतिप्रिय सत्ता परिवर्तन भी सुनिश्चित हुआ, लेकिन विधायिका, कार्यपालिका और अन्य समाज के जिम्मेदार स्तंभों से जुड़े लोग मुगलिया और ब्रितानी प्रशासनिक लापरवाहियों से कोई सबक नहीं सीख पाए।` वह लोग अपने फायदे की बात तो करते रहे, लेकिन, लेकिन आमलोगों के सुख-शांति में खलल डालने वालों के खिलाफ कभी सख्ती नहीं दिखाई इस नजरिए से संसद और विधान मंडलों ने प्रभावकारी कानून नहीं बनाए। परिणाम यह है कि आज भी आम आदमी सुपोषण योग्य भोजन, अच्छी शिक्षा और चिकित्सा सुविधा, जन-सुरक्षा के लिए मोहताज है।

एक ओर देश के अमनपसंद आमलोग जहाँ रोटी, कपड़ा और मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सम्मान की प्राप्ति के लिए आरक्षण को अचूक हथियार समझ बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर 1947 में पाकिस्तान और 1972 में बंगलादेश लेने वालों के वंशज ब्रेक के बाद भारतीय भू-भाग पर सांप्रदायिक तांडव मचा रहे हैं। और नेताओं की नीतिगत लापरवाहियों से हमारा सिविल और पुलिस प्रशासन असहाय बना रहता है।

# रेडिमेड कपड़े खराब निकले तो मिलेगा मुआवजा

कानून

**अक्सर** ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद में रेडिमेड कपड़े खराब निकल जाते हैं। ऐसे में दुकानदार अथवा साइट उसकी वापसी या बदल कर देने से इनकार करे तो उपभेक्ता आयोग में शिकायत कर न्याय प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे मामलों में प्रभावित खरीदार मुआवजे का हकदार है।

श्रीगोपाल नारसन

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, जालंधर ने महिलाओं के कपड़े बेचने वाले एक इंस्टाग्राम पेज को खराब शर्ट देने और खरीदार द्वारा की गई शिकायतों का जवाब देने में विफल रहने के लिए सेवाओं में कमी के लिए उत्तरदायी ठहराया है। ग्राहक खरीदार ने शिकायत की थी कि उसने महिलाओं की शर्ट व टॉपवियर खरीदने के लिए इंस्टाग्राम पेज फैशन से संपर्क किया था, विक्रेता ने पसंद किए गए कपड़े की कीमत 900 रुपये बताई जिसे खरीदने के लिए खरीदार सहमत हो गया। उसे विक्रेता की ओर से उत्पाद गुणवत्ता का आश्वासन भी दिया गया। शिकायतकर्ता ने पेटीएम के माध्यम से 900 रुपये का भुगतान विक्रेता को कर दिया। विक्रेता ने शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया कि खरीदे गए कपड़े उन्हें 5 से 6 दिनों के भीतर डिलीवर हो जाएंगे।

**खराब शर्ट के लिए मिला मुआवजा**

लेकिन जब शिकायतकर्ता उपभोक्ता ने विक्रेता द्वारा भेजे गए पार्सल को खोला, तो उसमें शर्ट खराब निकली, शर्ट में केवल तीन बटन लगे थे, उस पर एक च्यूइंग गम स्टिक भी लगी थी। उसी दिन इंस्टाग्राम आईडी पर उक्त बाबत शिकायत भेजने के बावजूद, विक्रेता ने कोई जवाब नहीं दिया। असंतुष्ट होकर उपभेक्ता खरीदार ने विक्रेता ह्यङ्कफैशनह्व के खिलाफ जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, जालंधर, पंजाब में उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराई। जिस पर सुनवाई के बाद उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय देते हुए जिला आयोग ने विक्रेता को 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर के साथ 900 रुपये का भुगतान वापस करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, विक्रेता को मानसिक तनाव और उत्पीड़न के लिए मुआवजे के रूप में 10,000 रुपये और खरीदार को मुकदमा खर्च के रूप में 5,000 रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। खरीदार पीड़ित उपभोक्ता को निर्देश दिया गया कि वह राशि प्राप्त करने पर विक्रेता को खराब सामान वापस कर दे।

**माना सेवाओं में कमी का दोषी**

इसी प्रकार बीकानेर के जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने एक रेडिमेड वस्त्र शो रूम को सेवाओं में कमी के लिए दोषी मानते हुए पीड़ित उपभोक्ता को 11,739.40 रुपए का भुगतान करने का फैसला सुनाया है। बीकानेर निवासी खरीदार महिला ने 2 अप्रैल, 2022 को शोरूम मिर्जा इंटरनेशनल लि. से लाल रंग की एक टी-शर्ट (साइज-एल-42) कीमत 719.70 रुपए और सफेद रंग की एक शर्ट (साइज झ एल-44) कीमत 1019.70 रुपए की खरीदी। जिसका बिल भी परिवादी ने लिया था। खरीदते समय परिवादी खरीदार ने शोरूम पर मौजूद व्यक्ति से पूछा था कि दोनों वस्त्रों में साइज और रंग को लेकर अगर कोई भिन्नता पाई जाती है तो उसे बदलवा सकते हैं या नहीं? तब शो रूम पर मौजूद व्यक्ति ने सात दिनों के भीतर दोनों वस्त्र या इनमें से कोई एक वस्त्र बदलवाने का आश्वासन दिया था। वस्त्र खरीदने के दो दिन बाद ही महिला ने शोरूम पर कॉल करके दोनों वस्त्र बदलने को कहा। तब शोरूम की ओर से उसे कहा गया कि अभी इस साइज और कलर में स्टॉक पर्याप्त नहीं है, एक-दो दिन बाद नया स्टॉक आ जाएगा, जिसकी सूचना फोन से परिवादी को कर दी जाएगी, तब आकर दोनों वस्त्र बदलवा लेना।

शोरूम से कोई कॉल नहीं आई तो तीन-चार दिनों बाद परिवादी दोबारा शोरूम पहुंची। उस दौरान शोरूम पर मौजूद व्यक्ति ने खरीद बिल देखकर कह दिया कि सात दिन बीत चुके हैं, अब दोनों वस्त्र नहीं बदले जा सकते हैं।

**जनसमस्याओं के प्रति सीएम हेमंत सोरेने की प्रतिबद्धता। आमजन की समस्या सुनते मुख्यमंत्री।**



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## दहेज के खिलाफ निकाली रैली



**रामगढ़।** ज्ञान महिला समिति ने गुरुवार को रामगढ़ के पारसोतिया, सौदागर मुहल्ला , विकास नगर और दुसाध मुहल्ला में बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ एवं दहेज प्रथा खिलाफ निकाली जागरूकता। समाजसेवी सोनी कुमारी ने कहा कि समाज को बदलने कीआवश्यकता है, जहां बेटी के जन्म के बाद माता-पिता दुख जताते हैं। माता-पिता को बेटी की शादी के लिए कर्ज लेना पड़ता है। समाजसेवी सुधीर महतो ने कहा कि जो परिवार बिना दहेज के बेटी का विवाह करेंगे या जो माता-पिता बेटे का विवाह बिना दहेज के करेंगे उनको ज्ञान महिला समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। । ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा कि लगातार 20 वर्षों से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर रेखा देवी ,शीला देवी ,अनीता देवी ,मंजू देवी, रूपा देवी ,गुड़िया देवी, पुरनी देवी आदि उपस्थित थे।

## महाधरना को सफल बनायें : वैश्य मोर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित कार्यालय में गुरूवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु और संचालन केंद्रीय संगठन सचिव लखन अग्रवाल ने किया। 23 अप्रैल को रांची राजभवन के समक्ष आयोजित वैश्य अधिकार महाधरना की तैयारी को लेकर बैठक रखी गयी थी। सरकार ओबीसी और वैश्यों के साथ छल कर रही है। चुनाव के वक्त सभाओं में वादा करती है और फिर अपने वादे से मुकर जाती है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज की लूटी गयी जमीन वापसी, ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने आदि मुद्दों पर वैश्य मोर्चा लगातार आवाज उठा रही है, लेकिन सरकार इतनी बड़ी आबादी वाले समाज की मांगों को दरकिनार कर रही है। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु , वरीय उपाध्यक्ष ढ़लन साव,इंदुभूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहु , रामाशंकर राजन बीरेन्द्र कुमार, गुड्डू साहा, राहुल कुमार साहु, डॉ. अरविंद कुमार हलधर साहु, अशोक साव, रघु साहु, धनेश्वर साव, मैनेजर प्रसाद, संजय प्रसाद, दीपक प्रसाद, अनिल साव आदि उपस्थित थे।

## विस्थापितों ने निकाला मशाल जुलूस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लबगा विस्थापित विकास समिति के नेतृत्व में बुधवार की शाम लबगा मां पंच वहिनी हाई स्कूल से डैम तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूषों ने भाग लिया और एनटीपीसी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। विस्थापितों ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा अब तक उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है, न तो पुनर्वास की व्यवस्था की गई है और न ही रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत जरूरतों को लेकर कोई ठोस कदम उठाया गया है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शन के दौरान हाथों में जलती हुई मशालें लेकर नारेबाजी करते हुए लोग डैम तक पहुंचे। समिति के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। लबगा विस्थापित विकास समिति के प्रतिनिधि लखन मुंडा, रामेश्वर गोप कैलाश मुंडा, रंजीत यादव ने कहा कि हमने कई बार अपनी मांगें प्रशासन और कंपनी के सामने रखीं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

## दारू : करंट से युवक की मौत

दारू : सदर प्रखंड के भेलवारा निवासी शाहनवाज हुसैन उर्फ शानू (22 वर्ष) की एक शादी समारोह के दौरान बुधवार की रात मौत हो गई। घटना दारू थाना क्षेत्र के घाघरा गांव की है, जहां बारात में छतरी लाइट लेकर चल रहे शानू की जान 11 हजार वोल्ट की बिजली की तार की चपेट में आने से चली गई। शानू एक विद्युत सजावट टीम के साथ बारात में गया था और छतरी लाइट को थामे हुए था। जैसे ही बारात कुछ दूरी पर पहुंची, तभी एक जगह काफी नीची लटक रही हाई वोल्टेज तार छतरी से टकरा गई। देखते ही देखते शानू बुरी तरह झुलस गया। घटना रात करीब 11 बजे की है। उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल हजारीबाग लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद भेलवारा गांव में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस हृदयविदारक घटना से शादी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। परिजनों ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है और बिजली विभाग की घोर लापरवाही को मौत का ज़िम्मेदार ठहराते हुए उचित मुआवजे की मांग की है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बिजली का तार काफी नीचे झुका हुआ था, जिसे पहले से ही ठीक नहीं किया गया था।इस दर्दनाक हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को पल भर में गम में बदल दिया।

# गोंदुलपारा के विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



▶▶ प्रभावितों को सभी लाभ व सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी : डीसी


**हजारीबाग।** हजारीबाग समाहरणालय सभागार में गुरुवार को गोन्दुलपारा कोयला खनन परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त नैन्सी सहाय ने की। इस अवसर पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रतिनिधि, जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा प्रभावित रैयत प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में अडानी इंटरप्राइजेज की इस परियोजना के तहत बड़कागांव अंचल की सन्निहित रैयती भूमि अधिग्रहण से उत्पन्न विस्थापन की स्थिति, प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण, क्षेत्रीय विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा सांस्कृतिक संवर्धन जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। बताया गया कि गैर-स्वैच्छिक विस्थापन की स्थिति को देखते हुए ग्राम चदैरान (थाना नंबर 129) में पुनर्वास कॉलोनी निर्माण हेतु 162.56 एकड़ रैयती भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। शारदा एजेंसी द्वारा क्षेत्र में विस्तृत सर्वेक्षण और जनगणना कर पुनर्वासन योजना तैयार की गई है। उपायुक्त ने कहा कि परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा और प्रभावितों को सभी लाभ व सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने उचित मुआवजा, रोजगार या पेंशन की व्यवस्था की मांग की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी प्रभावितों को न्यायसंगत मुआवजा देने की बात दोहराई। बैठक में कई रैयत और संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रेलवे साइडिंग के चेक पोस्ट पर अपराधियों ने की फायरिंग

## लेवी के लिए राहुल दुबे गिरोह ने छोड़ा पर्चा, पतरातू में दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू रेलवे साइडिंग के चेक पोस्ट पर बुधवार रात अपराधियों ने फायरिंग कर सनसनी फैला दी। घटना बुधवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार होकर दो अपराधी चेकपोस्ट के केबिन के पास पहुंचे। जहां अपराधियों में से एक बाइक से उतरा और सीधे केबिन की ओर दो राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दिया। इसके बाद तीन हवाई फायर करते हुए धमकी भरा पर्चा छोड़कर फरार हो गए। मौके पर छोड़े गए पर्चे में खुद को राहुल दूबे गिरोह का सदस्य बताते हुए, घटना को लेवी वसूली के उद्देश्य से अंजाम देने की बात लिखी गई है।

पर्चे में दामोदर मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर गजानंद साव को सीधी चेतावनी दी गई है। इसमें लिखा गया है कि ह्लयह एक ट्रेलर था, अगली बार एके-47 और एके-56 से स्वागत किया जाएगा। घटना के बाद से साइडिंग क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी सहित स्थानीय थाना एवं आसपास के ओपी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से गोली के खोखे भी बरामद किए हैं और अपराधियों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी गई है।

## टीपीसी के नाम पर दो लाख मांगी लेवी स्कूल निर्माण बंद

बड़कागांव। प्रखंड के तलसवार संकुल अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सोहादी में चारदीवारी निर्माण कार्य को टीपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमेटी) के नाम पर लेवी मांगने के कारण रोक दिया गया है। विद्यालय में भोला महतो कंस्ट्रक्शन द्वारा लगभग 14 लाख रुपये की लागत से चारदीवारी का कार्य किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार, निर्माण स्थल पर टीपीसी के नाम से एक पोस्टर चिपकाया गया, जिसमें ठेकेदार से दो लाख रुपये की लेवी देने की मांग की गई। पोस्टर में धमकी भरे शब्दों में लिखा गया कि कुआं के पास घड़ा है, उसमें दो लाख की लेवी रख दो, अन्यथा अंजाम भुगतने को तैयार रहो। इस घटना से ठेकेदार समेत निर्माण कार्य में लगे सभी मजदूरों में भय का माहौल बन गया है, जिसके चलते निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। बताया गया कि निर्माणाधीन चारदीवारी की कुछ फीट दीवार को गिरा दिया गया है और एक ड्रम को नुकसान पहुंचाया गया है। घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की मांग की जा रही है, ताकि कार्य दोबारा शुरू किया जा सके।

# महायज्ञ से क्षेत्र में आती है सुख-समृद्धि : मनोज यादव

**बरही।** प्रखंड के डूमरडीह में श्री श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ, शिव सहपरिवार एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा का शुभारंभ विधायक मनोज यादव ने किया। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। विधायक मनोज यादव ने इस धार्मिक आयोजन को समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश देने वाला बताया। कहा कि महायज्ञ से क्षेत्र में सुख-समृद्धि आती है।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, करसो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार राम, पंसस विकास सिंह भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे। महायज्ञ में बतौर जजमान के रूप में बैजनाथ यादव सपत्नी, अजय सिंह, रविंदर सिंह, अजय चंद्रवंशी, मुनेश्वर यादव, धनेश्वर यादव, ठाकुरी यादव, वंशी यादव, दिनेश चंद्रवंशी, चंदेश्वर यादव, रमेश यादव, दिलीप सिंह, नंदू सिंह, सत्रुधन यादव, बृंदा सिंह, कैलाश सिंह व जनार्दन चंद्रवंशी आसीन रहे। पूजा संपन्न कराने में पंडित अर्जुन पांडेय, शुभम पांडे, शक्ति शास्त्री एवं उपेन्द्र पांडे, अध्यक्ष बैजनाथ यादव, उपाध्यक्ष शकर चंद्रवंशी, सचिव रामाधीन चंद्रवंशी, उपसचिव रविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष जीबलाल शर्मा, संयोजक बीरेंद्र शर्मा, जीबलाल राणा, झरी महतो, बीरेंद्र राणा, शंकर राम, लक्ष्मी सिंह, रामधनी राणा, कैलाश राम, रामाधीन राम, मुरली राम, लूकन राणा, धनुखी राम, पंकज राम, बाबूनी राम, सुकर महतो, लक्ष्मण यादव, तुलसी यादव, दिगंबर, उदय राम, प्रदीप राम, भीरगुनंदन यादव, कामाख्या सिंह, रामस्वरूप राम, नरेश राम, सुनील यादव, प्रभु राम, चंदन सिंह, विदेशी राम, चमन महतो, प्रमेशर ठाकुर, दुखी राम, मुनेष यादव, सूरज रविदास, द्वारिका भुइयां, जनार्दन राम, सहदेव महतो, रामदेव यादव, रामवृक्ष यादव, रामखेलावन राम, संतोखी सिंह सहित सैकड़ों महिला-पुरुषों का योगदान रहा।

## मृतक के दोनों पुत्र को काम पर रखने के आश्वासन के बाद हटा सड़क जाम



**कुजू।** पैंकी में बिजली की 11 हजार वोल्ट की तार की चपेट में आने से हुई मौत के बाद परिजन समेत अन्य ग्रामीणों ने बिजली विभाग से आश्रित परिवार के लिए मुआवजा राशि एवं नौकरी देने की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया था। जिसे लेकर पुलिस की मौजूदगी में बिजली विभाग और आश्रित परिवार के बीच समझौता हुआ। जिसमें मांडू विधायक तिवारी महतो, झामुमो के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, नीलकंठ महतो की उपस्थिति में विभाग के नियमानुसार पांच लाख, अंतिम संस्कार के लिए सहायता के तौर पर एक लाख और मृतक के दोनों पुत्र को विभाग में काम पर रखने के लिखित आश्वाशन के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद गुरुवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि 55 वर्षीय भीम महतो शौच कर वापस लौटने के दौरान 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क को जाम किया।

# डहरभंगा में कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

### 501 महिला और कन्याओं ने कलश यात्रा में हुयीं शामिल



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के छोटा डहरभंगा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गुरूवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 श्री पंचदिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा में 501 महिला और कुंवारी कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर शामिल हुईं। श्रद्धालुओं के जयकारे व भजनों से माहौल भक्तिमय हो उठा। महायज्ञ के आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री, उपाचार्य विजय शास्त्री, आचार्य संदीप शास्त्री (वैदिक) सत्यानंद शास्त्री, नंदकिशोर पांडेय, संतोष पांडेय, मनोज पांडेय के द्वारा पूजा का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके बाद महायज्ञ स्थल पर मौजूद कन्याओं और महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा की शुरूआत की। कलश यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए आयोजकों द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर बडा डहरभंगा, लाईन होटल चौक, टाटीझरिया गांव से होता हुआ होलंग अरघवा नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरने का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। यहां से पुनः कलश यात्रा महायज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश स्थापित की गई। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सुखदेव हजाम और सचिव जगदीश यादव ने बताया की पांच दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 21 अप्रैल को होगी। इसी दिन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का भी कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि महायज्ञ के दौरान कथा व्यास के लिए श्रीधाम वृंदावन से अनुराग कृष्ण जी महाराज पगडी वाले बाबा को आमंत्रित किया गया है। कलश यात्रा के दौरान प्रमुख संतोष मंडल, डहरभंगा मुखिया रेखा देवी, मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव, पंसस प्रतिनिधि परमेश्वर प्रसाद यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह, राजू यादव, पंकज पांडेय, बबलू यादव, संजय साव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, उपेंद्र पांडेय, सुरेश प्रसाद, तुलसी साव, सुनिल साव, कन्हाय राम, रजनीकांत चौधरी, रवींद्र साव, जीवलाल साव, पिंटू साव, जितेंद्र साव, संतोष राम, गोपाल साव, तुलेश्वर यादव, बसंत राम, आलोक साव, मेघलाल साव, मुन्नीलाल साव, बिनेश्वर साव, धानेश्वर साव, मोहन यादव, सुमन साव समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

एक नजर में

## एनएमएल ने बच्चों को दिया स्वास्थ्य किट



बड़कागांव। एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महटीकरा में बुधवार को डॉ. निधि ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि हर रविवार नाखून काटना, साफ कपड़े पहनना, बालों और शरीर की सफाई रखना, शौच के बाद और भोजन से पहले हाथ धोना जैसी आदतें हमारे स्वास्थ्य के लिए कितनी जरूरी हैं।कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 155 विद्यार्थी, शिक्षकगण और प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्वास्थ्य किट वितरित की गई, जिसमें टूथपेस्ट,ब्रश, जीभी,डेटॉल साबुन और नेल कटर शामिल था। किट पाकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए। यह पहल एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की समुदाय के समग्र विकास और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## चौपारण: बोलेरो की टक्कर से महिला घायल

**चौपारण।** प्रखंड के बसरिया में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब महिला सड़क पार कर रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला मौके पर ही गिर पड़ी और घायल अवस्था में तड़पने लगी। स्थानीय लोगों ने तुरंत सहायता करते हुए घायल महिला को पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि, हादसे की पूरी घटना एक नजदीकी सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसकी मदद से पुलिस को जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। प्रारंभिक जांच के बाद बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया गया है और पुलिस ने चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## विनोदानंद झा को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित विनोदानंद झा की 125वीं जयंती पर हजारीबाग जिला कांग्रेस की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन कृष्ण बल्लभ आश्रम स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में हुआ, जहां उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। उन्होंने पंडित झा के जीवन और योगदान को याद करते हुए बताया कि उनका जन्म 17 अप्रैल 1900 को देवघर जिले में हुआ था। वे संथाल परगना क्षेत्र के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और कई बार जेल भी गए। शैलेन्द्र यादव ने आगे बताया कि पंडित विनोदानंद झा 18 फरवरी 1961 से 1 अक्टूबर 1963 तक संयुक्त बिहार के तीसरे मुख्यमंत्री रहे और उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास और जनहित के कई महत्वपूर्ण कार्य किए। कार्यक्रम का संचालन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बरही थाना में लगा जन शिकायत शिविर



**बरही ।** थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान शिविर लगा। शिविर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें बरही अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों से सैकड़ों लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ जोहन टुडू ने की, जबकि एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बरही सीओ अमित किस्कू, चौपारण सीओ संजय यादव, बरकट्ठा सीओ श्रवण कुमार झा सहित सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। शिविर में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से बरही थाना से 19, चलकुशा, बरकट्ठा, और पदमा से एक-एक, चौपारण से तीन शिकायतें दर्ज की गईं। गोरहर थाना से कोई मामला नहीं आया। सभी शिकायतों को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याएं सीधे सुनना और समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करना है। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि इस तरह की पहल से प्रशासन और जनता के बीच विश्वास बढ़ता है। शिविर में पुलिस पदाधिकारी, थाना कर्मी और कई जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और शिविर के सफल संचालन में सहयोग किया।

## बिपिन कुमार ने छात्रों को दिया कॉपी व बैग




कटकमदाग। कटकमदाग के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व करियर काउंसलिंग आयोजन किया गया।कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक व निदेशक, बड़कागांव के सांढ़ निवासी युवा लेखक व शिक्षाविद बिपिन कुमार ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के टिप्स दिए और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। प्रश्नोत्तरी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दर्जनों छात्र-छात्राओं को निःशुल्क बैग एवं कॉपी वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बिपिन कुमार ने छात्रों से कहा कि पढ़ाई में सफलता के लिए अनुशासित दिनचर्या और एक स्पष्ट टाइम टेबल जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा हर बच्चा शिक्षित हो। बैग पाने वालों में सोनी, डोली, सना राज, मिथलेश, आरती, पूनम, अभिमन्यु, कामती, आसिया व पम्मी सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत और दो घायल

बरही। थाना क्षेत्र अंतर्गत धनबाद रोड स्थित मदरसा के समीप सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हो गई। दो बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी अनुसार मृतक बच्चा दोस्तों के साथ मदरसा जा रहा था। इसी दौरान धनबाद की ओर आ रही ट्रक संख्या (जेएच10बीजे 3352) ने चपेट में ले लिया जिससे एक बच्चे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हसन रजा करीब 13 वर्ष, पिता मोहम्मद इस्लाम शादी मोहल्ला कोनरा थाना बरही के निवासी रूप में हुई है। घायलों की पहचान सैफ अली खान उम्र 14 वर्ष, पिता मो कयूम एवं मो सोहेब, उम्र 13 वर्ष, पिता मो कयूम दोनों निवासी शादी मोहल्ला कोनरा थाना बरही के निवासी रूप में हुई है।स्थानीय लोगों ने ट्रक को पकड़ लिया। जिसके बाद कुछ देर के लिए धनबाद रोड जाम हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बरही थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सैफ अली खान को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# पूरनानगर में नौ दिवसीय दुर्गा प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

## मंत्रों के उच्चारण से यज्ञ स्थल के साथ आसपास का क्षेत्र शुद्ध होता है : महामंडलेश्वर






खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रखंड के पूरनानगर में हो रहे श्री श्री 1008 श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा पर नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज ने कलश यात्रा का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं उन्होंने क्षेत्र के सभी सनातन धर्म के लोगों से कहा कि जिस भी जगह यज्ञ का आयोजन किया जाता है, यज्ञ के मंत्रों के उच्चारण से उस जगह के साथ-साथ आसपास का क्षेत्र शुद्ध हो जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि आपलोग धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

वहीं कलश यात्रा में पूरनानगर, बरसोतीयाबर, पांडेयडीह, चंद्रोडीह, कोडरमा बाजार, बदडीहा, लोचनपुर की महिलाओं और युवतियां पारंपरिक वस्त्रों में सिर पर कलश लेकर चलीं एवं करीब ग्यारह सौ से ज्यादा कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए अरघोती नदी पहुंची। इस दौरान अरघोती नदी में आचार्यों और ब्राह्मणों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश में जल भरा गया। जिसके बाद पुनः पुरनानगर पहुंचकर कलश को स्थापित किया गया।

कलश यात्रा के दौरान एक से बढ़कर एक क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा झांकियां भी निकाली गईं। वहीं ढोल नगाड़ों के साथ भक्त झूमते नाचते हुए नजर आए।

इस दौरान कमेटी के सदस्यों के द्वारा पूरे रास्ते पानी और शरबत की व्यवस्था की गयी थी। वहीं आयोजन स्थल पर कलश को स्थापित करने के बाद प्रसाद की व्यवस्था की गई थी, जहां सभी कलश यात्रा में शामिल भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस कलश यात्रा में प्रधान पुजारी नंदलाल प्रसाद, मंजू देवी, विनोद ठाकूर, जनकदेव महतो, दिनेश मंडल, अर्जुन रजक, सूरज साव, विजय सोनी, सुनील कुमार सोनी, अभिमन्यु शाही विनोद पंडित, अनिल सोनी, मुंशी महतो, सचिव किशुन सिंह, वासुदेव सोनी, सदस्य सुंदर सोनी, जगदीश पंडित, अरुण पंडित, राजकुमार रजक, अनीता देवी, महेन्द्र यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# चतरा उपायुक्त ने किया शहरी जलापूर्ति योजना का निरीक्षण

- पेयजल संकट से निपटने के दिए सख्त निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप और पेयजल संकट को देखते हुए उपायुक्त रमेश घोलप ने गुरुवार को शहरी जलापूर्ति योजना के अंतर्गत जलशोधन संस्थान और हेरुआ डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा और हजारीबाग के अभियंता, नगर परिषद व प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि हेरुआ डैम में स्थापित स्पिलवे गेट की मरम्मति का प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के उपरांत कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए, ताकि मानसून से पहले निविदा के माध्यम से कार्य पूरा कराया जा सके। उन्होंने कहा कि हेरुआ डैम के सूख जाने से उत्पन्न पेयजल संकट को देखते हुए भेड़ी फार्म से नियमित राशनिंग करते हुए जून 2025 तक नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की जाए। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित नलकूपों की मरम्मति हेतु सूची और प्राक्कलन तैयार कर पेयजल विभाग को जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में चापानलों की मरम्मति के निर्देश

निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चापानलों की मरम्मति हेतु टीम गठित कर नियमित मरम्मत कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार और निरीक्षण के दौरान कई जगहों से खराब चापानलों की शिकायतें मिली हैं। ऐसे में प्रतिदिन मरम्मति की जानकारी दी जाए और इसकी निगरानी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी करें। साथ ही उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी चतरा और सिमरिया को इन कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया, ताकि आम जनता को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

# एसडीओ ने की अगुवाई में नगर क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान




- ओवरब्रिज के नीचे हटाया गया अतिक्रमण, दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर क्षेत्र में गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व एसडीओ रिया सिंह ने किया। उनके निर्देश पर ओवरब्रिज के नीचे दोनों ओर वर्षों से जमे अस्थायी दुकानदारों को हटाया गया। वहीं कन्हैया मिष्ठान्न के समीप अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों को हटाने का निर्देश दिया गया। वहीं बावर्ची फास्ट फूड को हटाया गया और वीर कुंवर सिंह चौक पर मिठाई विक्रेता धर्मेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार और जितेन्द्र होटल से 500-500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं एसडीओ के निर्देश पर सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों पर ऑन स्पॉट फाइन किया गया, बिना नंबर प्लेट के टोटो को जब्त कर स्थानीय थाना भेजा गया, बिग बाजार के सामने सड़कों पर अवैध रूप से लगे ठेलों को भी हटाने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने कहा कि नगर की साफ-सफाई और सुगम यातायात के लिए अतिक्रमण पर सख्ती जरूरी है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान डीटीओ विजय कुमार सोनी, नगर प्रशासक अंकित गुप्ता, सीओ हलधर कुमार सेठी, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार, सफाई निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक समेत नगर परिषद के कई कर्मी और होम गार्ड के जवान मौजूद थे।

# कैरियर काउंसलिंग में छात्रों को तनावमुक्त व खुशहाल जीवन के दिए गए सूत्र




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में कक्षा 10वीं व 11वीं के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया। यह सत्र कैसे बने खुशहाल छात्र और पढ़ाई को बनाएं तनावमुक्त विषय पर आधारित था। सत्र की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना कुमारी के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुकेश सिंह चौहान थे, जो एक प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर एवं 'खुशी क्लासेस' के संस्थापक हैं। चौहान ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्रों को बताया कि शिक्षकों की भूमिका केवल शिक्षण तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण और करियर मार्गदर्शन में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने मुस्कान की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि जो मुस्कुराता है, वहीं सफल होता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक है, जिस पर समाज और अभिभावकों को गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की आवश्यकता है।

तनाव प्रबंधन के लिए उन्होंने कई व्यावहारिक उपाय बताये, जिसमें सकारात्मक सोच अपनाना, कष्टदायक यादों को पीछे छोड़ना, दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना, ध्यान और आत्ममंथन से मानसिक संतुलन बनाए रखना। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अंक आपकी पहचान नहीं होते, इसलिए उन्हें तनाव का कारण नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे कभी हार न मानें, अपनी गलतियों से सीखें और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें, क्योंकि यही सफलता की कुंजी है। विद्यालय के विद्यार्थियों पुष्प राज, आयुष कुमार, वैभव कुमार, कृष कुमार, रेहान खान, रोशन भगत, अंचल कुमारी, असद सैफ, सोनू कुमार शर्मा, ऐश्वर्या आजाद, आशीष कुमार यादव ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर स्टूडेंट सर्विस सेल विंग के कोऑर्डिनेटर सुधांशु कुमार सहित कक्षा 10वीं व 11वीं के शिक्षक, अवनीशा आनंद, आर.डी. पांडेय, संतोष कुमार, अमित दास, अमित राय, अभिषेक झा, प्रमोद कुमार, चंदन कुमार यादव, आलोक आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या अंजना कुमारी ने मुकेश सिंह चौहान को स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया और इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक एवं प्रभावशाली बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

## खबर एक नजर में

### गेल इंडिया की मोबाइल मेडिकल वैन सेवा शुरू, ग्रामीणों को घर के पास मिलेगा मुफ्त इलाज

- सांसद और विधायक ने संयुक्त रूप से दिखाई हरी झंडी



**चतरा (प्रतिनिधि)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत मिशन और सबका साथ, सबका विकास की सोच को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। गेल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर योजना के तहत मोबाइल मेडिकल वैन अब चतरा लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लोगों को उनके घर के पास ही मुफ्त जांच और प्राथमिक उपचार की सुविधा देगी। इस सेवा की शुरूआत गुरुवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह और सिमरिया विधायक जनार्दन पासवान ने भाजपा कार्यालय परिसर से मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर की। इस पहल को ग्रामीण स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस अवसर पर सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत मिशन को गति देने वाली है। अब ग्रामीणों को इलाज के लिए शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा, क्योंकि स्वास्थ्य सुविधाएं उनके दरवाजे तक पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि यह सेवा उन गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होगी जो इलाज का खर्च नहीं उठा पाते या दूरी के कारण समय पर इलाज से वंचित रह जाते हैं।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद, भाजपा महासचिव मिथिलेश गुप्ता, मृत्युंजय सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### परियोजना स्तर पर व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित



**सिमरिया।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में गुरुवार को पोषण पखवाड़ा के रहता परियोजना स्तर पर व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ रीना साहू ने किया। कार्यक्रम में सभी सेक्टर की सेविकाओ द्वारा कई तरह के खाद्य व्यंजन का स्टॉल लगाया गया। जहां सही पोषण देश रौशन के तहत बच्चो को पोष्टिक आहार देने के प्रति जागरूक किया गया। सीडीपीओ ने बताया 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तरह यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मोटापा नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपना है। उन्होंने कहा कि समुदाय सामाग्री के रहता मोटे अनाज को बढ़ावा देना है। सीडीपीओ ने कहा कि 19 अप्रैल को जिला स्तरीय यह कार्यक्रम होगा जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका व सेवाकाए उपस्थित थी।

### अवैध बालू खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, दो ट्रेक्टर जब्त

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू खनन पर स्थानीय प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। बुधवार देर शाम को सीओ सविता सिंह ने मुहाने नदी क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध रूप से बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को इटखोरी थाना को सौंप दिया गया है। सीओ ने बताया कि ट्रैक्टर चालक बालू को बिना अनुमति नदी से खनन कर रहे थे। इस मामले में संबंधित ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। सीओ ने स्पष्ट किया कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# डोमचांच प्रखंड के मुस्लिम मंच की ओर से वक्फ बिल संशोधन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन




**डोमचांच (कोडरमा)।** केंद्र सरकार की ओर से किये गये वक्फ बिल संशोधन के खिलाफ डोमचांच प्रखंड के मुस्लिम मंच की ओर से गुरुवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में मसमोहना, धुमाडीह, पीपरे, असनाबाद, बगरीडीह, बगड़ो, बंसाटांड़, बरमसिया, चांदशाही, गोलवाढाब आदि जगहों के लोग शामिल थे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कमिटि अध्यक्ष व बगरीडीह मुखिया शकील अहमद व संचालन मो.असलम ने किया। कार्यक्रम को लेकर बगरीडीह करबला मैदान से रैली निकाली गई, जो बगड़ो मंगरी बाजार पहुंची, जहां यह जनसभा में तब्दील हो गयी। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर वक्फ बोर्ड बिल को रद्द करने की मांग की। मौके पर शमीम अहमद, मुस्ताक अहमद, परवेज खान, असरफ अंसारी, जफर इलियास, अकरम आजाद, एनुअल जैनुल, ओसामा जीशान, मुबारक अंसारी, एहशान, इब्राहिम, तबारक, मुबारक, गफ्फार, खुर्शीद, मोबीन, मुस्तकीम आलम, इम्तियाज, तस्लीम, सलीम, इब्राहिम, सुल्तान, मौलाना परवेज, अख्तर, गुलाम, मुस्तफा, अब्दुल वाहिद, अफजल आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त से अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति परिसर में प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अड्डी बांग्ला दुर्गा समिति ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलकर ट्रस्ट में हस्तक्षेप करने की मांग रखी। वहीं उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए सभी ट्रस्टी ने कहा कि झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड रांची से पंजीयन होने एवं मान्यता प्राप्त होने के बाद भी पूर्व अध्यक्ष बबलू सोनकर एकाधिकार रखते हुए भवन की चाभी अपने पास रखे हुए हैं, मंडप परिसर के लोहे का चैनल गेट को बेच दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा देवी के विधायक निधि से निर्मित लाखों रुपए का प्रवेश द्वार और भारी भरकम लोहे का गेट बेच दिया गया है, जो एक आपराधिक मामला बनता है। इसे लेकर बबलू सोनकर पर प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। अभी भी उपरोक्त परिसर पूर्णतया व्यक्ति विशेष का है, जिसे व्यक्तिगत बनाये रखने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं दानदाताओं के द्वारा दी गई राशि एवं सामग्री का लेखा-जोखा नहीं दिया जा रहा है। इनके कार्यकाल में जितने भी विवाह और अन्य कार्यक्रम के लिए परिसर का बुकिंग हुआ है, इसका लेखा-जोखा एवं बजट का विवरण कभी भी समिति के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया है। विभिन्न कामकाजी व्यक्तियों से पूजा हेतु विभिन्न कार्य लिया गया परंतु कभी भी उन व्यक्तियों का रुपया पूर्ण भुगतान नहीं किया गया। उन व्यक्तियों में से कई लोगों की शिकायत समिति के सदस्यों के पास रखी गई, परंतु बबलू सोनकर ने उसे अनसुना करते हुए कोई इसका निवारण नहीं किया।

वहीं उन्होंने कहा कि पूर्व में किसी स्कूल संचालक के लिए लीज पर देने के लिए दो लाख रूपये की ठगी की गई है और अभी तक स्कूल संचालक को रुपए वापस नहीं किये गये हैं और वह संचालक दर-दर भटक रहा है। ऐसे गंभीर आरोप और वित्तीय अनियमितता होने के बावजूद भी बबलू सोनकर अपने आप को अध्यक्ष होने का दावा करता रहा है। इसे लेकर आसपास के कई नागरिक आक्रोशित हैं। वहीं नागरिकों का कहना है कि तत्काल विधि सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि तनाव उत्पन्न ना हो।

वहीं उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सरकारी हस्तक्षेप कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं आलोक कुमार सरकार की अध्यक्षता में नितेश चंद्रवंशी, प्रकाश राम, प्रदीप केडिया, आलोक कुमार, संतोष केसरी, मनोज साहू, सुदीप्तो घोष, अजीत कुमार, राजेश यादव, अमित जायसवाल, कमल दत्ता, विमल दत्ता, श्यामजीत यादव ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा।

### हंटरगंज बाजार में थाना प्रभारी ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**चतरा।** हंटरगंज बाजार में लगातार हो रही सड़क जाम की समस्या पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने खुद बाजार पहुंचकर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। थाना प्रभारी ने मुख्य सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा फैलाए गए सामानों को चिन्हित किया और सभी को सख्त चेतावनी दी कि वे अपना सामान तुरंत दुकान के भीतर रखें। उन्होंने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर अब सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से भी अपील की कि बाजार क्षेत्र में अपने वाहन जहां-तहां खड़ा न करें, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो। गौरतलब है कि हंटरगंज बाजार में बीते कई दिनों से जाम की स्थिति बनी रहती थी। इससे आम जनता को काफी परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायतें मिलने के बाद थाना प्रभारी ने यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आगे भी ऐसे अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए जाएंगे ताकि बाजार क्षेत्र को सुचारू रूप से चलाया जा सके और लोगों को राहत मिले।

# सरकारी स्कूल का शौचालय खराब, खुले में शौच के लिए जा रहे छात्र-छात्राएं

- दो दिनों से मध्याह्न भोजन भी है बंद
- बिना यूनिफॉर्म में दिखे छात्र-छात्राएं, अभिभावकों ने पैसे का किया दुरुपयोग






ढँङ्गङ्ग ६0061, ६0063

हंटरगंज/चतरा। शिक्षा में सुधार को लेकर झारखण्ड सरकार और केंद्र सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे का भले ही दावा करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। हंटरगंज प्रखंड का उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरहचिया ये गवाही दे रहा है कि सरकार की करनी और कथनी में कितना अंतर है। सरकार स्वच्छ भारत अभियान को लेकर प्रतिबद्ध है, लेकिन अधिकारी लापरवाह बने हैं।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में शौचालय बना है, लेकिन सिर्फ दिखावे का। सबसे बड़ी बात है कि उसमें ताला लगा हुआ है। जिससे अध्यापकों व बच्चों को दिक्कतों का सामना करने के साथ ही खुले में शौच करने को मजबूर होना पड़ रहा है। केंद्र सरकार स्वच्छता अभियान को प्रमुखता से ले रही है और खुले में शौच को पूरी तरह से रोकने के साथ ही हर घर में शौचालय का निर्माण कराने के लिए कटिबद्ध है। वहीं अधिकारी योजना को पलीता लगा रहे हैं। छात्र-छात्राएं एक किलोमीटर खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। वहीं इसी विद्यालय के छात्रों ने बताया कि दो दिनों से मध्याह्न भोजन भी बंद है।

**बिना यूनिफॉर्म में दिखे छात्र-छात्राएं, अभिभावकों ने पैसे का किया दुरुपयोग :** बच्चों के यूनीफार्म के लिए डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिये खाते में भेजी गई धनराशि को 100% अभिभावकों ने अपनी निजी स्वार्थ में खर्च कर दिया है। बच्चे बोले- घरेलू कार्य के लिए खर्च हो गए वही कुछ छात्रों ने बताया ड्रेस सिलवाने के लिए दिए हैं।

**क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक**

प्रधानाध्यापक फागू दास ने बताया कि पैसा खाते में भेजा गया था जिसे अभिभावकों ने अन्य मद में खर्च कर लिया।अधिकांश बच्चे बिना ड्रेस के स्कूल आये हैं। उन्होंने कहा अभिभावकों को ड्रेस बनवाने को लेकर हिदायद दी गई है। वहीं शौचालय के सवाल पर पल्ला झाड़ते हुए बताया कि शौचालय जल्द ही चालू कर दिया जाएगा। मध्याह्न भोजन रसोइया नहीं होने के कारण दो दिन से बंद है। आज बच्चों के बीच फल वितरण किया गया है।

**क्या कहते हैं बीइइओ**

इस संबध में पूछे जाने पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन पात्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

ग्रामीणों ने बताया कि अव्यवस्था का इस विद्यालय में अंबार है। स्कूल भवन जर्जर है, कभी भी भवन ध्वस्त हो सकता है। शौचालय बंद है, जिससे बच्चे एक किलोमीटर दूर जाकर शौच करने को मजबूर हैं। वहीं बताया कि एक चापानल है जो ग्रीष्म ऋतु में कभी-कभी पानी छोड़ देता है।

### अभिभावक संघ की बैठक में जिले के सभी अभिभावकों को भी आमंत्रित करने की मांग



**कोडरमा।** ध्वजाधारी आश्रम में गुरुवार को अभिभावक संघ की बैठक की गई, जिसमें 19 अप्रैल को जिले के निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर आहूत बैठक आयोजित करने को लेकर उपायुक्त व डीईओ का आभार जताया। वहीं उपायुक्त से जनहित में आगे सुधार की मांग की गई, ताकि अभिभावकों की जेब पर असर नहीं पड़े। साथ ही अभिभावक संघ ने उपायुक्त से मांग की है कि 19 को आयोजित बैठक में जिले के सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया जाए, ताकि स्कूलों का हकीकत सामने आ सके। मौके पर संघ के अध्यक्ष संजय साजन, सचिव भानू प्रताप सिंह, संरक्षक नरेंद्र सिंह चंदेल, असीम सरकार, रमेश प्रजापति, सह सचिव अंकित कुमार यादव, दीपक कुमार, सिकंदर कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन आज

**कोडरमा।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज पूर्वाह्न 11 बजे से पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा सांसद सह महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित होंगे।

स्पीड न्यूज

## लावा नदी के क्षतिग्रस्त रेलिंग का निर्माण कार्य किया गया आरंभ



- खबर मन्त्र में खबर छपने पर प्रशासन ने की पहल

**जारी।** जारी प्रखंड मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लावा नदी पर बने पुल का रेलिंग क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे राहगीरों को पुल पार करते वक्त डर बना रहता है। पुल से झारखंड छत्तीसगढ़ का कनेक्टिविटी जुड़ा हुआ है। जिससे कई लोग इसी पुल से रोजाना आना-जाना करते हैं। साथ ही प्रखंड के विभिन्न इलाकों से कई स्कूली बच्चे साइकिल चला इसी पुल से पार होकर स्कूल जाते हैं। पुल की रेलिंग की स्थिति देखकर परिजनों का मन अशांकित रहता है। बच्चे इधर- उधर ताकते-झांकते घर आते-जाते हैं। वहीं सड़क पर सरपट दौड़ते हैं। वाहन अचानक लावा नदी के पुल पर पहुंचने पर पुल की चौड़ाई अपेक्षा से कम होने के कारण अनियंत्रित होकर कभी रेलिंग से टकराने की संभावना बनी रहती थी। क्षतिग्रस्त रेलिंग का समाचार खबर मन्त्र अखबार में प्रमुखता से छपी थी। जिस पर जिला प्रसाशन ने मामले पर एक्शन लिया और पुल में रिपेयरिंग का का कार्य शुरू कराया है। जिस पर ग्राम वासियों में खुशी का माहौल है।

## विभिन्न प्रखंडों में लगेगा रक्तदान शिविर

**गुमला।** रक्तदान जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण कार्य है। इसी कड़ी में गुमला जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान की शुरूआत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समस्त योग्य नागरिकों से अपील है कि वे रक्तदान कर इस नेक कार्य में योगदान दें। जिसके तहत 21 अप्रैल 2025 चैनपुर प्रखंड कार्यालय, 22 अप्रैल 2025 डुमरी प्रखंड कार्यालय, 23 अप्रैल 2025 जारी प्रखंड कार्यालय, 24 अप्रैल 2025 घाघरा प्रखंड कार्यालय, 25 अप्रैल 2025 कामडारा प्रखंड कार्यालय, 26 अप्रैल 2025 भरनो प्रखंड कार्यालय, 28 अप्रैल 2025 बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय, 29 अप्रैल 2025 बसिया प्रखंड कार्यालय, 30 अप्रैल 2025 रायडीह प्रखंड कार्यालय, 02 मई 2025 सदर प्रखंड गुमला, 03 मई 2025 आईआरबी नागफेनी गुमला, 08 मई 2025 पालकोट प्रखंड कार्यालय व 15 मई 2025 एसएसबी सिलम गुमला में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

## राजकीय उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सुरसांग में पहुंचा इंटरनेट कनेक्शन

**गुमला।** रायडीह प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सुरसांग में बीएसएनएल के माध्यम से इंटरनेट कनेक्शन को सक्रिय कर दिया गया है। यह सुविधा विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने, ऑनलाइन संसाधनों तक उनकी पहुंच बढ़ाने और तकनीकी रूप से उन्हें सक्षम बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। कुछ दिन पूर्व ही सुरसांग थाना में भी बीएसएनएल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किया गया था। जिससे प्रशासनिक और सुरक्षा कार्यों में भी गति आई है। बीएसएनएल के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराना डिजिटल इंडिया के सपनों को साकार करने की दिशा में एक ठोस पहल है।

## इनर व्हील ऑफ गुमला ने डीएवी स्कूल में लगाया दंत जांच शिविर



**गुमला।** इनर व्हील ऑफ गुमला के तत्वावधान में गुरूवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील ऑफ गुमला की प्रेसिडेंट निर्मला अग्रवाल, सेक्रेटरी राजकुमारी विश्वकर्मा समेत उषा गुप्ता, कुमारी मिली उपस्थित थी। इनर व्हील सदस्यों का स्वागत स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने किया। दंत जाँच शिविर में डॉ अर्चना अग्रवाल एवं डॉ मनप्रिया अग्रवाल ने द्वितीय कक्षा के छात्र छात्राओं के दांतों की जाँच की। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट, मिठाई और आइसक्रीम खाने के बाद याद से ब्रश करने की सलाह दी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि दांतों को कैसे साफ और मसूड़ों को कैसे स्वस्थ रखें। वहीं बच्चों को नियमित रूप से चिकित्सक के पास जाने की सलाह दी। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की ज़िम्मेदारी भी विद्यालय का एक नैतिक कर्तव्य है। जिसका स्कूल पूरा ध्यान रखता है। जाँच शिविर में बच्चे उत्साहित नजर आए।

## अपने संघ को छोड़कर दूसरे संगठन में न जाएं सहिया बहनें: सय्यदा खातून



**गुमला।** गुमला जिला स्वास्थ्य सहिया संघ की बैठक सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र भवन रायडीह प्रखंड में जिला अध्यक्ष सय्यदा खातून व जानकी तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रायडीह प्रखंड की सहिया बहनों के द्वारा जिला से आये सहिया संघ के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। गुमला जिला स्वास्थ्य सहिया संघ की अध्यक्ष सय्यदा खातून ने सहिया बहनों के कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने रायडीह सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में सहिया रेस्ट रूम की व्यवस्था की सुधार की बात कही। उन्होंने कहा कि गुमला जिला की किसी भी सहिया को अपना सहिया संघ के अलावा किसी दूसरे संघ में नहीं जाना है और नहीं किसी दूसरे की संघ में सहिया बहनों को किसी भी प्रकार का पैसा देना है। अगर कोई दूसरा संघ सहिया बहनों से किसी भी प्रकार से पैसा लेती है तो उस संघ पर करवाई की जाएगी। 2006 से सहिया गठन हुई है और अब तक हमारे गुमला जिला में सभी भोली भाली सहिया बहनों को वेतन बढ़ाने के नाम पर बहुत सारे संघ वाले पैसे लूटने और सहिया मदद के नाम पर ठगी का कार्य करते आये हैं। पर अब ऐसा नहीं चलेगा। गुमला जिला की सभी सहिया बहनें सिर्फ अपने संघ में रहकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई की मांगों को शांति पूर्वक सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। सभी सहिया बहनों ने एकता का सुबूत देते हुए संकल्प लिया कि हम लोग एक हैं। बैठक में जिला सचिव रेखा देवी, कोषाध्यक्ष जानकी तिर्की, सदस्य पिंकी कुमारी, पूजा कुमारी, सबिना खातून, ज्योति कुमारी, ज्योति गुलरिया कुजूर , प्रखंड अध्यक्ष प्रमिला देवी, प्रखंड सचिव सुषमा देवी, प्रखंड कोषाध्यक्ष सुभद्रा देवी, अनीता देवी रोपनी देवी मंजुरावड़ा करुणा देवी बकल रजनी, शिरोमणि मिंज, उषा देवी, आरती देवी, यशोदा देवी आदि उपस्थित थी।

### बसिया में समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# किसानों को जीरा धान की खेती करने के लिए किया प्रोत्साहित

- फार्म में काम करने वाले मजदूरों को सरकारी दर से मजदूरी देने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**





निरीक्षण के दौरान लोगों से जानकारी लेते तथा सब्जी की फसल का निरीक्षण करते उपायुक्त

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बसिया स्थित समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फार्म मैनेजर सुभाष सिन्हा से सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उपस्थित किसानों से भी बातचीत की। उन्होंने फार्म में काम करने वाले मजदूरों को सरकारी दर से मजदूरी देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में कृषि पाठशाला में कई अनियमितता पायी गयी। उन्हें यथाशीघ्र सुधार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एफटीओ गठन करने की बात कही गई। उपायुक्त ने कहा कि कृषक पाठशाला सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिससे किसान भाइयों को बहुत लाभ मिल रहा है और भविष्य में भी अन्य किसान भाई इस कृषक पाठशाला से नई तकनीक सीख कर खेती बाड़ी कर सके। यही प्रशासन का उद्देश्य है। उन्होंने किसानों को जीरा धान की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर उपायुक्त ने सुअर पालन शेड, कॉड स्टॉर, मधुमक्खी पालन, कम्पोस्ट, बकरी पालन शेड, ब्रॉयलर मुर्गी पालन शेड, लेयर मुर्गी पालन शेड एवं खेतों का भ्रमण किया और संबंधित पदाधिकारी को उचित दिशा निर्देश दिये। इसके पश्चात उपायुक्त ने महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा संचालित कोनबीर स्थित जोहार एग्रो मार्ट एवं बीज दुकान का भी निरीक्षण किया। वहां उपस्थित दीदियों से भी जानकारी ली गई। साथ ही पालकोट प्रखंड में पलास मार्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दुकान के बगल में एक बोर्ड लगाया जाए जिसमें पलाश मार्ट में उपलब्ध सभी वस्तुओं की लिस्ट हो एवं उक्त स्थान में सोलर लाइट लगाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीओ जयवंती देवगम, बीडीओ सुप्रिया भगत, जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर, एग्रीकल्चर इंजीनियर निमन बोदरा, मैनेजर सुभाष कुमार सिन्हा एवम कृषक उपस्थित थे।

## उच्च व उच्चतर शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए डीसी ने नयी योजना को दी स्वीकृति

**गुमला।** उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी द्वारा जिले में उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु पिछले दो साल से किये जा रहे गिफ्ट ऑफ एजुकेशन गतिविधि की सफलता को देखते हुए जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में निचली कक्षाओं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु एक नई योजना को स्वीकृति दी गई है।

जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि प्रेरणा और प्रोत्साहन के माध्यम से सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों तथा संकुल संसाधन केंद्रों के सकारात्मक रूपांतरण तथा स्कूली विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु उपायुक्त के निर्देशानुसार कार्य आरंभ किए जा रहे हैं। इस वर्ष से सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत प्रोजेक्ट अजीत अजर्नी टुवड्र्स इंस्पिरेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशन नामक मॉडल कार्ययोजना पर कार्य करते हुए सरकारी विद्यालय में वर्तमान वर्ष में कक्षा 1 में नवनामांकन लेने वाले बच्चों को स्कूल के माहौल में ढालने के लिए कार्ययोजना सहित कक्षा 1 से 3 के वर्ग कक्ष को बाल अनुकूल चित्रों, कहानियों, रंगीन सजावट से जीवंत और आकर्षक बनाने तथा स्थानीय निर्मित टीएलएम के उपयोग के निर्देश दिए गए हैं।

# चैनपुर में अनुमंडल स्तरीय कृषि मेला 24-25 अप्रैल को

- कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की होंगी मुख्य अतिथि
- 21 अप्रैल को लगेगा रक्तदान शिविर, लोगों से की गई स्वेच्छापूर्वक रक्तदान की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में अनुमंडल स्तरीय कृषि मेला एवं रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के विकास एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बरवे हाई स्कूल मैदान में 24 व 25 अप्रैल को कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शिरकत करेंगी। इस मेले में कृषि से संबंधित सभी प्रकार के उत्पाद, तकनीक और सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन प्रखंड के किसानों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और कृषि तकनीकों की जानकारी हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। रक्तदान शिविर के आयोजन की भी योजना बनाई गई है, जो 21 अप्रैल को प्रखंड में आयोजित होगा। बैठक में उन सभी लोगों से अनुरोध किया गया जो रक्तदान करना चाहते हैं, वे इस शिविर में आकर रक्तदान करें और समाज सेवा में अपने योगदान दें। मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने चैनपुर प्रखंड के सभी किसानों को इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर, एसएसबी के अधिकारी, अंचल निरीक्षक मुनेश्वर सिंह, उपप्रमुख प्रमोद खलखो, चैनपुर प्रखंड की मुखिया सहित अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे। सभी ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर रक्तदान के महत्व पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने बताया कि रक्तदान केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह मानवता की सेवा करने का एक अद्भुत माध्यम है। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने रक्तदान के महत्व को और भी उजागर किया।

## 11 सदस्यीय कराटे टीम इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए कानपुर हुई रवाना



**लोहरदगा ।** लोहरदगा जिला कराटे संघ एवं एस.एस.स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन के 11 सदस्यीय कराटे टीम इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को कानपुर के लिए रवाना हुई। ज्ञात हो कि शोतोकान स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में प्रथम इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक कानपुर द स्पोर्टस हब इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है। जिसमें लोहरदगा के 11 कराटे खिलाड़ी अपने प्रशिक्षक रेंसी श्रवण साहू के साथ कानपुर के लिए रवाना हुए। जिसमें जे.एम.एस .पब्लिक स्कूल हरमू लोहरदगा के मनीष उरांव, रामचंद्र उरांव, अंकित कुजूर, रोनित कुजूर, अर्ष अर्पित टोप्पो और उमर राजा तथा लोहरदगा कराटे क्लब ललित नारायण स्टेडियम से सानिया परवीन, सिपु कुजूर, संतुष्टि महली, मृगांक वैभव, उमर अंसारी शामिल हैं। बताते चलें कि ये सभी खिलाड़ी कानपुर में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में मेंडल गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त कर इस इंटरनेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए पात्रता पाई है। इस मौके पर लोहरदगा जिला कराटे संघ की संरक्षिका सुषमा सिंह, अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक, उपाध्यक्ष सेंसाई क्यूम खान ने आशीर्वाद देकर रवाना किया।

## बिजली चोरी के आरोप में 8 व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज

**भंडरा।** विद्युत विभाग के द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ भंडरा प्रखंड के मसमानो गांव में छापामारी अभियान चलाया गया. इस छापेमारी अभियान में आठ व्यक्तियों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया. बिजली चोरी के लिए उपयोग में ले गए तार को बिजली गर्मियों के द्वारा जप्त किया गया. सहायक विद्युत अभियंता मोहम्मद जीशान के द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ मुसलमान गांव के आठ व्यक्तियों पर भंडरा थाना प्राथमिक की दर्ज की गई है. इनके खिलाफ बिजली चोरी की धारा 135/ 137 के तहत कार्रवाई की जा रही है. छापेमारी अभियान में तकनीकी सहायक कुशल किंडो, प्रकाश कुमार दीप, संदीप कुमार महतो सहित अन्य बिजली कर्मी उपस्थित थे।

## 24 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चम्पई सोरेन पहुंचेंगे लोहरदगा



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कमेटी की बैठक जिला कार्यालय में अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में गुरुवार को की गई। बैठक में डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में जिला सहित विभिन्न प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रम को लेकर समीक्षा की गई। मौके पर मनीर उरांव ने कहा कि देश के सविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का सम्मान देश का सम्मान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया, अछूतों (दलितों) से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया, श्रमिको, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का भी समर्थन किया वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री बने थे। बैठक में आगामी 24 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चम्पई सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर चर्चा करते हुए उसकी तैयारी पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में नवीन कुमार टिंकू, अजय पंकज, बाल कृष्णा सिंह, जगनंदन पौराणिक, अनिल उरांव, सरिता देवी, संजय अग्रवाल, सुरेश बैठा एवं प्रकाश नायक शामिल थे।

## डॉ. संदीप 20 को गुमला में

**गुमला।** चर्म, कुष्ठ एवं थाईराईड रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 20 अप्रैल को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

# भैंस नहलाने गये वृद्ध व्यक्ति की तालाब में डूबने से हुई मौत

- पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के शव की तलाश में जुटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुगांव ग्राम में तालाब में भैंस नहलाने गये वृद्ध भिखुवा उरांव की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची। वृद्ध के शव की खोजबीन ग्रामीणों संग पुलिस करने में जुटी हुई है। अत्यधिक पानी तालाब में होने के कारण समाचार लिखे जाने तक शव की तलाश जारी है। घटनास्थल पर पंचायत समिति सदस्य सरवन उरांव के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। वहीं पुलिस ने ग्रामीणों को कहा कि एनडीआरएफ की टीम से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही टीम के आने के साथ ही शव को ढूंढने का प्रयास किया जायेगा। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भिखुवा दिन के लगभग 11 बजे घर से भैंसों को नहलाने की बात कह कर निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी और तालाब के पास पहुंचे। जहां घटनास्थल पर तालाब के पास मृतक का कपड़ा खोलकर रखा हुआ मिला। जिससे प्रतीत हो रहा था कि कपड़ा खोलकर वह भैंसों को नहला रहा होगा और फिसल कर तालाब में चला गया। इसके बाद वह नहीं निकल पाया।

इस संबंध में थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा कि पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी गई हुई थी। प्रयास किया गया। अत्यधिक पानी तालाब में होने के कारण शव ढूंढने में कठिनाई हो रही है। एनडीआरएफ की टीम से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही शव निकाल लिया जाएगा। चौकीदार की ड्यूटी लगाई गई है।

## पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे : महेंद्र भगत

- विकास भारती बिशुनपुर ने जंगल बचाओ अभियान के तहत कृषि संगोष्ठी का किया आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा जंगल बचाओ अभियान के अंतर्गत घाघरा प्रखंड के इचा ग्राम में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पर्यावरण जागरण अभियान के अंतर्गत किसानों को संबोधित करते हुए विकास भारती बिशुनपुर संस्था के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने जल जंगल जमीन के संरक्षण पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अगर पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे नहीं तो आने वाले दिनों में जल जंगल जमीन तीनों प्रदूषण होकर नष्ट हो जाएंगे। जिससे मानव जीवन भी समाप्त हो जाएगा। श्री महेंद्र भगत ने कहा कि जंगल बचाओ अभियान पूरे गुमला जिले में चलाया जाएगा। साथ ही यह अभियान झारखंड के विभिन्न जिलों में विकास भारती चलाएगी। उन्होंने कहा कि इस जंगल बचाओ अभियान के प्रति धीरे-धीरे ग्रामीणों में जागरूकता आयी है। जिससे अब जंगल जलना कम हो रहा है। साथ ही फसल और शेष भी किसानों के द्वारा जलना कम हुआ है। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक नीरज कुमार ने मृदा संरक्षण पर विभिन्न विधियां की जानकारी दी।

## राज कुमार गुप्ता बने मिशन बदलाव बसिया प्रखंड अध्यक्ष व निकिता सुरीन बनी महिला कमेटी अध्यक्ष



**गुमला।** मिशन बदलाव बसिया की बैठक मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत, विनय टोप्पो व जिलाध्यक्ष बिनोद साहू के संयुक्त नेतृत्व में बसिया धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड कमेटी का गठन करते हुए भाजपा नेता राज कुमार गुप्ता को प्रखंड अध्यक्ष व निकिता सुरीन को महिला कमेटी का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में भूषण भगत ने कहा कि राज कुमार गुप्ता के जुड़ने से संगठन बहुत मजबूत होगा। वहीं महिला अध्यक्ष के रूप में निकिता सुरीन को महिला बसिया प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य विनय टोप्पो ने कहा कि निकिता सुरीन महिलाओं के सशक्तिकरण में हमेशा अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। मिशन बदलाव बसिया प्रखंड संयोजक जितेन्द्र भगत ने कहा कि हम सभी पंचायतों में संगठन को मजबूत करेंगे। संस्थापकों में दुर्जय पासवान, अमित झा, राज कुमार, रजनीश कुमार, अमित सिंह, विनय टोप्पो, सैयदा खातून, ज्योति वर्मा, ज्योति ग्लयोरिया कुजूर, कुणाल प्रजापति, पंकज गौवास्वमी जीतेश मिंज, अंजना टोप्पो, चन्दकला टोप्पो, दीपक गुप्ता ने बधाई दी है।

### लोहरदगा डीसी ने कृषि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक

# कुड़ू में बन रहे प्लांट में डेयरी प्रोडक्ट के उत्पादन के लिए करें आवश्यक कार्रवाई

- विभागों से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि, सहकारिता, पशुपालन, गव्य व संबंधित विभागों की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में गव्य विकास पदाधिकारी को कुडू में बन रहे डेयरी प्लांट में डेयरी प्रोडक्ट के उत्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने का भी निर्देश गव्य विकास पदाधिकारी को दिया गया। कुडू प्रखण्ड में कृषक पाठशाला के लिए चयन एजेंसी को 10 दिनों के अंदर वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, कुक्कुट पालन, बकरी पालन समेत अन्य मॉडल विकसित कर कार्य प्रारंभ व किसानों का प्रशिक्षण प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जिला में किसानों के बीच फसलों के बीज का वितरण के लिए बीज की आवश्यकता, किसान समृद्धि योजना अंतर्गत सोलर पंप सेट का वितरण, गरमा धान व गरमा मूंग की खेती की स्थिति की जानकारी उपायुक्त को दी गई। जिला में मिलेट प्रोडक्शन यूनिट में उत्पादन शुरू करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के सीनियर साइंटिस्ट को निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, डीडीएम नाबार्ड, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला सहाकारिता पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# कैरो प्रखंड में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही है अनियमितता

- प्रसासन और जनप्रतिनिधि मूकदर्शक, संवेदक कर रहा घटिया निर्माण, गोपालगंज-गजनी सड़क का हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में ठीकेदारी के नाम पर सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है। प्रखंड के गोपालगंज से लेकर गजनी तक जायसवाल कंट्रक्सन द्वारा सड़क निर्माण कार्य इसका जीता जागता उदाहरण है। गोपालगंज-चाल्हो के बीच में जब सड़क निर्माण कार्य में पीसीसी कार्य प्रारंभ हुआ उसी समय ग्रामीणों की शिकायत पर इसकी सूचना निर्माण कार्य के जूनियर इंजीनियर जितेंद्र पंडित को दी गयी थी। इसके बावजूद ग्रामीणों की शिकायत पर महवरी-गजनी के बीच हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण को लेकर गुरुवार को पंचायत के पूर्व मुखिया करमचंद उरांव सहित अन्य ग्रामीणों की शिकायत पर जब कार्य स्थल पंहुचा गया तो पाया गया कि करीब 3 से 4 इंच तक पटरा को नीचे गाड़ा जा रहा है और जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर जगह बनाकर पटरा लगाकर महज कुछ इंच की ढलाई की जा रही है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ सरकार, विभाग और जिला प्रसासन पर सीधा सीधा सवाल उठाता है। इस गंभीर मामले को लेकर जिप सदस्य सुखदेव उरांव का कहना है कि पूर्व में भी शिकायत मिलने के बाद जूनियर इंजीनियर को हिदायत दी गई थी इसके बावजूद काम में सुधार नहीं होना दुःखद है, इसको लेकर वरीय अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा।

वहीं प्रमुख श्रीराराम उरांव का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में इस तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पड़ने पर इसको लेकर जो करना होगा किया जाएगा। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य का कहना है कि बहुत बार किसी किसी योजना के बारे में जानकारी तक नहीं होती है किंतु अगर आम जनता के हित को लेकर अगर कोई योजना हो तो प्रखंड प्रसासन अपने स्तर से जांच जरूर करेगा। मामले को लेकर जेई जितेंद्र पंडित से भी बात करने की कोशिश की गई किन्तु फोन बंद रहने के कारण बात नहीं हो सकी।

## प. बंगाल में हिंदुओं को बनाया जा रहा निशाना : ब्रह्मचारी

- बंगाल के मुर्शिदाबाद से जान बचाकर भागे हिन्दू शरणार्थियों से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हिंदू समाज को टारगेट कर निशाना बनाया गया। उक्त बातें स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने कही। उन्होंने बताया कि साहेबगंज जिला के राजमहल में विश्व हिन्दू परिषद् केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल और अखिल भारतीय संत समिति झारखंड की ओर से मुर्शिदाबाद से आए हुए हिन्दू शरणार्थियों से मिलने के लिए राजमहल गए थे। जहां शरणार्थियों के साथ बातचीत की। शरणार्थियों के अनुसार मुर्शिदाबाद की घटना अत्यंत भयानक और दर्दनाक रहा है उनका कहना है कि वे मरीज के रूप में एक एम्बुलेंस में भागकर पाकुड़ रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां से एक रिश्तेदार के घर राजमहल में आकर रह रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद् जिला समिति साहेबगंज उनकी व्यवस्था देख रही है। प्रतिनिधिमण्डल में प्रांत संयोजक मार्ग दर्शक मंडल सह प्रांत अध्यक्ष, अखिल भारतीय संतस्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी शेष सभी केन्द्रीय मार्ग दर्शक मंडल के सदस्य तथा अखिल भारतीय संत समिति के पदाधिकारी स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज, आचार्य शरतचंद्र, महेन्द्र गिरी, भूषण प्रसाद, आशीष कुमार, साहेबगंज जिला मंत्री गोपाल चंद साहा, आशुतोष चंद साहा तथा मातृशक्ति की शशि शर्मा मौजूद थीं।

## एक नजर

### अर्जुन मुंडा को भाजपायों ने स्वागत किया



**लातेहार।** गढ़वा से रांची जाने के कर्म में अर्जुन मुंडा लातेहार भाजपा जिला कार्यालय में रुके जहां भाजपायों ने गुलदस्ता फूल माला एवं गमछा उड़कर पुरजोर स्वागत किया मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, राजधानी यादव प्रदेश कार्य समिति, गोविंद प्रसाद डइउ मोर्चा जिला अध्यक्ष, विष्णु देव प्रसाद गुप्ता भाजपा जिला कोषाध्यक्ष, युवा नेता नागमणि कुमार समेत कई भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

### 23 को प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी समिति का होगा पूर्णगठन

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नचना पड़हा भवन मे 23 अप्रैल को प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी समिति का पुनर्गठन को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए प्रखंड के कोटवार दिगम्बर टाना भगत ने बताया कि आगामी 23 अप्रैल दिन बुधवार को नचना पडहा भवन परिसर मे आदिवासियों का समाजिक धार्मिक न्यायिक परम्परागत रुढी प्रथा सुशासन व्यवस्था बनायें रखने को लेकर बैठक कर प्रखंड स्तरीय बेल दिवान कोटवार एंव कार्यकारणी समिति का पुनर्गठन किया जाना है। उन्होंने आगे बताया कि इस बैठक में प्रखंड के सभी पडहा चट्टा गांव के बेल, दिवान, कोटवार महतो, प्रधान, पूजार, सहित अन्य समाज के बुद्धिजीवी शुभचिंतक को ससमय पहुंचने का अपील किया है।

### थाना प्रभारी ने बस एजेंट के साथ की बैठक

**बालूमाथ।** बालूमाथ एनएच 22 पर बस खड़ा देने की वजह से लग रहे जाम से आम लोगों की परेशानी को देखते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी ने बस एजेंट के साथ बैठक किया। इस दौरान उन्होंने सभी बस एजेंट को निर्देश देते हुए कहा की एनएच 22 के किनारे बस खड़ा करके यात्री नहीं उठायें। प्रखंड मुख्यालय स्तिथ पुराना बस स्टैंड में बस नहीं लगे जिससे अक्सर जाम की स्थिति हो जाती है जाम की वजह से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है घण्टो सड़क जाम हो जाता है। उन्होंने सभी बस एजेंट को न्यू बस स्टैंड परिसर में ही बस लगाने का बात कहा जिस पर सभी बस एजेंट ने सहमति जताई। ज्ञात हो कि बालूमाथ में हाईवा की वजह से अक्सर सड़क जाम हो जाता है। वहीं सड़क के किनारे बस एवं टेंपू खड़ा कर दिए जाने की वजह से घंटो जाम लगा रह जाता है।

### घर मे सो रहे युवक को सांप ने काटा

**बालूमाथ ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गोनिया ग्राम में घर मे सो रहे एक युवक को विषैले सांप ने काट लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बंसत भोक्ता 45 वर्ष पिता हरि पाहन ग्राम गोनिया थाना बारियातु निवासी घर मे सो रहा था । इसी दौरान एक विषैला सांप ने उसे डंस लिया। जिसके बाद बसन्त भोक्ता ने साहस का परिचय देते हुए हांथ में कपड़ा बांधा और खुद से बस पकड़कर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गम्भीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### गुमशुदगी को लेकर लगाई मदद की गुहार

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी पंचायत के हुचलू ग्राम निवासी इलियास अंसारी पिता स्व. कबीर अंसारी ने चंदवा थाना में आवेदन देकर अपने भांजे के गुमशुदगी को लेकर मदद की गुहार लगाई है। आवेदन के इलियास ने बताया है कि उसका भांजा सिबगतुला अंसारी पिता हजमतुला अंसारी ग्राम जशपुर पोस्ट लोहरसी, थाना पिपरा टांड़ पांकी गत 14 अप्रैल को अपनी मां के साथ मेरे घर मिलने आया था, 15 अप्रैल को सुबह लगभग 10 बजे अपनी मां से 500 रुपए लेकर बाल दाढ़ी बनवाने की बात कह ब्राह्मणी बाजार गया था, जिसके बाद वह नहीं लौटा, फोन करने पर उसका मोबाइल बंद आ रहा है। आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। मामले में सनहा दर्ज कर गुमशुदा युवक के तलाश में मदद की गुहार लगाई है।

# एसपी की सख्ती का असर : 72 घंटे में मुगीडीह हत्याकांड का पदार्फाश, पांच धराये

# झाड़-फूंक और जमीन विवाद में गई थी 80 वर्षीय वृद्ध की जान

**खबर मंत्र संवाददाता**

▶▶ अपराधियों को किसी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा : भरत राम

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के ग्राम मुगीर्डीह में वृद्ध बालगोविंद सिंह की गला रेतकर की गई हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। हत्या के महज 72 घंटे के भीतर पुलिस ने कांड का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने झाड़-फूंक के अंधविश्वास और जमीन विवाद में हत्या की बात कबूल की है। पुलिस ने इस दौरान आरोपियों के पास से खून से सनी शर्ट भी बरामद की है।

एसपी ने बनाई थी विशेष जांच टीम

घटना की सूचना मिलते ही लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ भरत राम के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया था। टीम ने मामले की तह तक जाकर ताबड़तोड़ छापेमारी कर पांचों आरोपियों को धर दबोचा।

आरोपियों ने कबूला जुर्म गिरफ्तार आरोपियों में बलराम सिंह (50 वर्ष), लोकेंद्र सिंह उर्फ छोटू (21 वर्ष), कामेश्वर राम (48 वर्ष),



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ भरत राम।

नेमा भुईयां (70 वर्ष) और संजय सिंह (27 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि झाड़-फूंक के शक और जमीन विवाद को लेकर मिलकर बालगोविंद सिंह की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्या में इस्तेमाल खून से सनी शर्ट बरामद पुलिस ने छापेमारी के दौरान हत्या के समय पहनी गई खून से सनी शर्ट भी जब्त की है। यह शर्ट हत्या के अहम सबूत के तौर पर पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है। पुलिस टीम की सराहना इस छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, पुअनि राजन अधिकारी, अनुराग कुमार, सुनील मंडल और श्याम नारायण ओझा शामिल थे।

## अपराधियों को मिलेगी सख्त सजा : एसडीपीओ

एसडीपीओ भरत राम ने कहा कि सभी आरोपियों को जल्द सख्त सजा दिलाने के लिए चार्जशीट की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। एसपी कुमार गौरव की सूझबूझ और सख्ती से 72 घंटे में मिली सफलता मुगीर्डीह हत्याकांड में लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने जिस तेजी और कुशलता के साथ पूरे मामले की कमान संभाली, उसने एक बार फिर साबित कर दिया कि जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी ने स्वयं मामले की गंभीरता को भांपते हुए रातों-रात एसआईटी का गठन किया और सख्त निर्देश जारी किए। एसपी की लगातार मॉनिटरिंग, समय-समय पर टीम से अपडेट लेना और आरोपियों की धरपकड़ के लिए हर जरूरी संसाधन मुहैया कराना। यही वजह रही कि पुलिस ने महज 72 घंटे में पांच हत्यारों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। जिले में अपराध नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई में कुमार गौरव का नेतृत्व लगातार प्रशंसनीय साबित हो रहा है। हाल के दिनों में कई अहम मामलों का खुलासा समय रहते कर उन्होंने जनता का भरोसा और पुलिस की साख मजबूत की है।

### मनिका प्रखंड में पैसा नहीं देने पर मनरेगा के आम बागवानी से लाभुक का काट दिया गया नाम

## लाभुक ने प्रखंड प्रमुख को आवेदन देकर जांच का किया मांग

▶▶ आम बागवानी सिलेक्शन के लिए मनरेगा कर्मियों के ऊपर पैसा मांगने का आरोप

▶▶ भूमि पर्याप्त नहीं होने पर भी पैसे लेकर योजना का कर दिया जा रहा चयन

**खबर मंत्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में इन दिनों मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में मनरेगा कर्मियों के लिए अवैध वसूली का अड्डा बन गया है। वहीं मनरेगा का टीसीबी, आम बागवानी या कोई भी योजना हो मनरेगा कर्मी एवं पंचायत प्रतिनिधियों के मिली भगत से योजना के नाम पर लाभुकों से खुलेआम अवैध वसूली हो रहा है। ऐसा ही मामला कोपे पंचायत अंतर्गत स्थित जेरुआ गांव का है जहां पर सी.एफ.टी.विभाग के द्वारा आम बागवानी के लिए भूमि का



प्रखंड प्रमुख को आवेदन सौंपती महिला किसान।

निरीक्षण करने के उपरांत चयन किया गया था,लेकिन लाभुक से पैसे नहीं मिलने पर योजना से लाभुक का नाम काट दिया गया। वहीं मामले के संबंध में जेरुआ गांव निवासी बरती देवी,पति भरदुल सिंह के द्वारा प्रखंड प्रमुख मनिका प्रतिमा देवी को आवेदन देकर उक्त मामले की जांच करने का गुहार लगाया गया है। मौके पर लाभुक बरती देवी ने बताया कि मेरे भूमि पर आम बागवानी करने के लिए सी.एफ.टी.विभाग के नीलमणि कुमार निरीक्षण करने आए थे और उन्होंने बताया था कि आपका भूमि बिल्कुल सही है और आम बागवानी योजना आपके नाम से चयन हुआ है। वहीं बरती देवी ने सीएफटी विभाग के नीलमणि कुमार के ऊपर 3000 रुपए पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम बागवानी योजना के आगे के प्रक्रिया के लिए नीलमणि कुमार के द्वारा मुझ से 3000 रुपए की मांग किया गया। वहीं नीलमणि कुमार ने कहा कि पैसे देने के बाद ही आपका योजना हो पाएगा,परंतु बरती देवी गरीब होने के कारण पैसा देने से असमर्थ थी इसीलिए पैसा नहीं दे पाई, जिस वजह से आम बागवानी योजना से बरती देवी का नाम काट दिया गया। जबकि पहले से बरती देवी के नाम से योजना का चयन हुआ था और लिस्ट में नाम भी दर्ज था। साथ ही बरती देवी का आरोप है कि पैसा नहीं देने की वजह से मेरा नाम योजना से काट दिया गया है। वहीं कई लाभुकों ने बताया कि हम लोग जब भी मनरेगा के तहत कोई योजना का काम करवाने जाते हैं तो पंचायत प्रतिनिधि एवं मनरेगा कर्मियों के द्वारा मनमाना तरीके से हम लोगों से पैसे की वसूली की जाती है,कोपे पंचायत अंतर्गत आम बागवानी के नाम पर 3000 का खुलेआम मांग किया जाता है और जो किसान पैसा नहीं देता है उसे योजना का लाभ नहीं मिल पाता है साथ ही जिस व्यक्ति के पास पर्याप्त भूमि नहीं है उसके नाम से भी आम बागवानी कर दिया जा रहा है,जबकि आम बागवानी के लिए कम से कम लाभुक के पास एक एकड़ भूमि उपलब्ध होनी चाहिए। वहीं उक्त किसानों ने जिला प्रशासन से मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच उपरांत संलिप्त पंचायत प्रतिनिधि व मनरेगा कर्मियों के ऊपर कारवाई का मांग किया है। आरोप निराधार। वहीं मामले के संबंध में जब सी.एफ.टी.विभाग के नीलमणि कुमार से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि किसानों के द्वारा लगाया गया सारा आरोप निराधार है।

### स्कूली बच्चों के लिए 2 बस की गई व्यवस्था

**बालूमाथ।** विस्थापित प्रभावित बेरोजगार समिति बसिया के द्वारा विस्थापितों, प्रभावितों के लिए वर्षों से स्कूल बस की मांग कर रहे थे जिसे सीसीएल प्रबंधन ने मान कर स्कूली बच्चों के लिए 2 बस की व्यवस्था की जिसमें एक बस तेतरियाखाड़ से नगड़ा होते हुए बालूमाथ हाइ स्कूल तक आएगी एवं दूसरी बस पिंडारकोम से हाइ स्कूल तक आएगी। बस की व्यवस्था होने से स्कूली बच्चों को काफी सहयोग मिलेगा और बच्चे आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। बस शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल दिखा साथ ही ग्रामीणों ने वर्षों से स्कूली बच्चों के लिए बस की व्यवस्था के लिए कई बार सीसीएल प्रबंधन के समक्ष आवाज उठा रहे थे। इस मौके पर बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी, पंचायत समिति सदस्य रीना देवी, कृष्णा साहू, युवा समाजसेवी रौशन कुमार यादव, अर्घू यादव, शंकर यादव, बबलू यादव, राजेश राम, जगदीश यादव, के अलावे स्कूली बच्चों के साथ उनके अभिभावक,एवं दर्जनों ग्रामीण उपरिस्थत थे ।

### लातेहार में संघर्ष की जीत, अनिल सिंह को मिला इंसाफ का मुआवजा

**लातेहार।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत कुकू ग्राम निवासी आदिवासी अनिल सिंह को पुलिस हिरासत में हिंसा के मामले में पांच लाख रुपये मुआवजा मिला है। यह राशि दोषी थाना प्रभारी से वसूली जानी है। मालूम हो कि 23 फरवरी 2022 को माओवादियों से संबंध के फर्जी आरोप में अनिल सिंह को गारू थाना में दो दिनों तक अवैध हिरासत में रखकर बुरी तरह पीटा गया था। जातिसूचक गालियाँ दी गईं और अमानवीय यातना दी गई थी। अनिल सिंह ने न्याय के लिए लंबा संघर्ष किया। सात महीने बाद प्राथमिकी दर्ज हुई। उच्च न्यायालय ने 24 जून 2024 को पुलिस को दोषी करार देते हुए दो सप्ताह में मुआवजा देने का आदेश दिया था, जो आखिरकार कल उन्हें मिल गया। इस संघर्ष में महासभा, स्थानीय साथी लाल मोहन सिंह खरवार, वकील शैलेश पोद्दार और पूर्व विधायक विनोद सिंह की अहम भूमिका रही। गौरतलब है कि इसी क्षेत्र में 2021 में आदिवासी ब्रम्हदेव सिंह की फर्जी मुठभेड़ में हत्या हुई थी। उनकी पत्नी जीरामनी देवी को भी लंबे संघर्ष के बाद न्याय मिला था।

### भाजपा सांसद ने लातेहार विधानसभा के लिए अमलेश सिंह को प्रतिनिधि मनोनीत किया



अमलेश सिंह और मौजूद भाजपायी।

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी के सांसद द्वारा अमलेश कुमार सिंह, जिला महामंत्री को अपना अधिकृत प्रतिनिधि मनोनीत किया है। अब से वे सांसद की ओर से जिला स्तरीय बैठकों में भाग लेंगे तथा संबंधित कार्यों का संचालन करेंगे। सांसद द्वारा यह निर्णय क्षेत्रीय कार्यों की सुचारू निगरानी और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं लातेहार विधानसभा क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया है कि वे श्री सिंह से समन्वय स्थापित कर आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान करें। मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने लड्डू खिलाकर उन्हें बधाई दिया।

### शिव गुरु महोत्सव आगामी 20 अप्रैल को

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के बड़का बालूमाथ के देवी मंडप में आगामी रविवार को विराट शिव महोत्सव का आयोजन किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए शिव शिव परिवार के उपेंद्र रंगीला ने बताया कि इस विराट विश्व समारोह में बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज, चंदवा, लातेहार रांची समेत कई प्रखंडों एवं जिला के हजारो शिव शिष्य परिवार के लोग शामिल होंगे। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नुनु मल्हार एवं रांची के गुरु भाई बहन शामिल होंगे।

### लंबित मामलों के निष्पादन में लायें तेजी: डीसी



बैठक करते डीसी एवं अन्य।

**लातेहार।** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माननीय उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से संबंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा किया गया। बैठक में पूर्व के समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अनुपालन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। विभागावार लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने तय समय सीमा से पहले प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक श्री प्रभात रंजन चौधरी, विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज, अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

### पोषण पखवाड़ा पर कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में पोषण की महत्ता से अवगत कराया गया।

**चंदवा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार मे पोषण पखवाड़ा पर कार्यक्रम आयोजन कर पोषण की महत्ता से अवगत कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी जयशंकर पाठक ने बेहतर पोषण से सबंधित जानकारियां साझा की। बताया कि धातृ और गर्भवती महिलाओं को बेहतर पोषण के लिए हरी सब्जियां, दाल, चावल, दूध, अंडा आदि का सेवन करना चाहिए। महिला पर्यवेक्षिका सुषमा देवी व अनिता देवी ने गर्भावस्था के दौरान खान-पान का विशेष ख्याल रखने को जरूरत बताया। आहार में हरी साग-सब्जी, मूंग का दाल, सूखे मेवे, दूध, अंडा आदि को शामिल करने की बात कही। अतिरिक्त वसा की जरूरत को पूरा करने के लिए चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई। खून की कमी को पूरा करने के लिए आयरन की गोलियों का सेवन उचित मात्रा में प्रयोग करने की बात बताई गई। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखने और उन्हें पौष्टिक आहार देने की बात कही गई। कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कई महिलाओ की गोदभराई व अन्नप्रासन का कार्य किया गया। मौके पर शांति देवी, विद्या रानी, शोभा देवी, मारगेट कुजूर, मंजरी देवी सुकृता मिंज, उषा देवी, सुषमा वैद्य, रंथी देवी समेत अन्य मौजूद थे।

### 25 अप्रैल तक फीवर सर्वे करने का निर्देश

**बारियातू।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देर्शानुसार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की देख रेख मे 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सभी गांव टोले मे स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फीवर सर्वे किया जा रहा है। बालूमाथ सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाईक ने बताया की भीबीटी कार्यक्रम अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन हेतू सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल अस्पताल जिला अंतर्गत क्षेत्रों मे बुखार पीड़ितों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फीवर सर्वे किया जा रहा है जिसमे मुख्य रूप से मलेरिया रोगी को खोज किया जाना है। बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के सभी एमपीडब्लू सहिया एंव अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को कहा की ग्राम स्तरों पर सभी बुखार पीड़ित को जाँच करते हुए पाये गए घनात्मक रोगों का समुचित उपचार करेंगे। 25 अप्रैल को फीवर सर्वे की समाप्ति के उपरांत सम्बंधित प्रतिवेदन की एक प्रति सॉफ्ट कॉपी सलग्न प्रपत्र के अनुसार जिला मुख्यालय को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के सभी गाँवो मे गांव गांव जाकर एमपीडब्लू सहिया व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फीवर सर्वे का कार्य जारी है लगातार 25 अप्रैल तक किया जायेगा।

## प्रकृति की अमूल्य धरोहर है पानी, इसे बचायें : डॉ लक्ष्मी



कार्यक्रम में शामिल शिक्षक, छात्रा एवं पदाधिकारीगण।

**खबर मंत्र संवाददाता**

➲ जल पखवाड़ा को लेकर बालिका उच्च विद्यालय चंदवा में कार्यक्रम आयोजित

➲ झारखंड शिक्षा परियोजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से चलाया जा रहा जल पखवाड़ा

**चंदवा।** जल ही जीवन है। जल के बिना कोई भी जीव जीवित नहीं रह सकता। प्रकृति का अमूल्य धरोहर है जल, इसे हम सभी को बचाना है। उक्त बातें यूनिसेफ की राज्य स्वच्छता पदाधिकारी डॉ लक्ष्मी रंजन सक्सेना ने चंदवा प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय परिसर में जल पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इन्होंने कहा कि भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हमें जल की सुरक्षा एवं इसकी महत्ता को समझना होगा। आने वाली पीढ़ी हमारे अच्छे काम के लिए हम लोगों को याद करें, इसके लिए पानी को संरक्षित करना जरूरी है। झारखंड शिक्षा परियोजना एवं यूनिसेफ के प्रयास से राज्य के सभी विद्यालयों में इको क्लब के माध्यम से जल पखवाड़ा के अवसर पर जल को संरक्षित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय समन्वयक संजीत कुमार ने कहा कि राज्य स्तर से प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम निर्धारित है। जल पखवाड़ा 16 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इन्होंने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षा विभाग एवं यूनिसेफ के साझा प्रयास से इको क्लब के द्वारा अच्छे कार्यक्रम किया जा रहे हैं। वृक्षारोपण तथा इसके संरक्षण को लेकर छात्राओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका दोरोथीया खलखो ने पृथ्वी को बचाने के लिए संकल्प लेने की बात कही। इन्होंने कहा कि प्रकृति के द्वारा अमूल्य धरोहर के रूप में हम लोगों को प्राप्त वृक्ष,जल समेत अन्य संसाधनों को बचाना है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक संजय उरांव, विद्यालय की शिक्षिका शबनम, अंजू कुमारी, कैरी लकड़ा, शतरूपा कुमारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### सांसद ने लातेहार में दो चलंत मोबाइल चिकित्सा वाहन का दिया सौगात

## सांसद ने सुनीं जनता की समस्यायें त्वरित समाधान का दिया आश्वासन



फीता काटकर उद्घाटन करते सांसद।



लोगों की समस्यायें सुनते सांसद।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार मुख्यालय के भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को लोकसभा चतरा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा दो चलंत चिकित्सा वाहन का जिले वासियों को मिला सौगात। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे सांसद कालीचरण सिंह। इसके उपरांत चलंत चिकित्सा वाहन को सामूहिक रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर रवाना किया। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि यह सेवा ग्रामीण एवं सुदूरवरती क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा साबित होगी। मोबाइल चिकित्सा वाहनों के माध्यम से प्राथमिक उपचार, मुफ्त दवाएं और स्वास्थ्य जांच की सेवाएं लोगों के घर-घर तक पहुंचाई जाएंगी। यह लातेहार जिले के लिए एक बड़ा स्वास्थ्य सहयोग है। मोबाइल चिकित्सा वाहन अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस होंगे और चिकित्सक, नर्स एवं तकनीकी स्टाफ के साथ नियमित रूप से अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर सेवाएं देंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अवधेश कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, प्रदेश कार्य समिति राजधानी यादव समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के बीच बैठक किया गया जिसमें पार्टी के बिस्तर पर चर्चा किया गया। इससे पूर्व लातेहार सर्किट हाउस में आगमन पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए शुक्रवार को सर्वप्रथम सर्किट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। श्री सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जनता की समस्याओं का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं सदैव उनके अधिकार और न्याय की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हूं। मौके पर राजीव रंजन पांडेय अधिवक्ता, मुकेश कुमार पांडेय, गोविंद प्रसाद ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष, विष्णु देव प्रसाद गुप्ता भाजपा जिला कोषाध्यक्ष, युवा नेता नागमणि कुमार,अश्विनी सिंह युवा मोर्चा जिला महामंत्री ,उत्तम प्रसाद, राजबली भैया एसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, आलोक कुमार अकेला, पिंटू उरांव, सोनू सिंह, शिल्पा कुमारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित हुए।


# चंदवा में डीएमओ ने अवैध कोयला लोड हाइवा किया जब्त, मामला दर्ज

## हाइवा जब्ती के दौरान कार्य मे बाधा डालने के आरोप में दो लागों के विरूद्ध मामला दर्ज

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** जिले में अवैध तरीके से खनिज संपदा के खनन एवं परिवहन पर रोक को लेकर चलाए जा रहे अभियान के दौरान डीएमओ ने एक कोयला लोड हाइवा को जब्त किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर रात जिला खनन विभाग की टास्क फोर्स टीम ने चंदवा में छापामारी अभियान चलाकर अवैध तरीके से कोयला परिवहन कर रहे एक हाईवा को बरामद किया है। अभियान का नेतृत्व जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी कर रहे थे। हाईवा संख्या जेएच 01 एफसी 6101 को जप्त कर खनन विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है। खनन पदाधिकारी श्री सफी ने बताया कि जैसे ही वाहन को रुकवाया गया जिसके बाद चालक एवं उपचालक वाहन रोककर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। वाहन को जप्त कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने वाहन मालिक व चालक पर चंदवा थाना कांड संख्या 85/ 25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डीएमओ ने काम में बाधा डालने के आरोप में दो लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया



अवैध कोयला लोड हाइवा।

इधर जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी ने चंदवा थाना को आवेदन देकर दो लोगों पर नामजद प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उन्हें जान से मारने की धमकी देने का आरोप पदाधिकारी ने लगाया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि जब कोयला लदा हाईवे जब्त कर वे चंदवा थाना ले जा रहे थे, इसी क्रम में बालूमाथ की ओर से एक सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट की वैगनआर कार वहां पहुंची। उसमें से जितेंद्र तुरी एवं अमन साव नामक व्यक्ति उतरे। उन लोगों ने हाईवे छोड़ने की धमकी दी। उनकी बात नहीं मानने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच की मांग पदाधिकारी ने की है। डीएमओ के आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में कांड संख्या 88/25 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यहां बताते चले की अवैध रूप से कोयला तस्करों का मनोबल इन दिनों काफी बढ़ गया है। एक पखवाड़े पूर्व ही बालूमाथ में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छापामारी करने गए बालूमाथ बीडीओ एवं सीओ पर भी कोयला तस्करों ने हमला कर दिया था। किसी प्रकार दोनों अधिकारी ओवर ब्रिज के समीप से वाहन छोड़ भाग कर अपनी जान बचाई थी।

## स्पीड न्यूज

### 19 अप्रैल की आहूत बैठक स्थल का निरीक्षण किये पूर्व सांसद

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा के फुसरो नगर परिषद के कल्याण मंडप करगली गेट स्थित 19 अप्रैल को होने वाली ?भाजपा सक्रिय सदस्यों? का बैठक स्थल निरीक्षण करते सोलहवीं लोकसभा गिरिडीह सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने विधि व्यवस्था की जानकारी लिया। करगली गेट से फुसरो बाजार तक सड़क के दोनों किनारे झंडा लगाया गया। कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है।

### पैसा गबन करने के आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बेरमो।** बेरमो थाना कांड संख्या 171/ 24 दिनांक 15 /12 /24 धारा -316(2)/ 118(4)/ 338/ 336(3) इटर के प्राथमिकी अभियुक्त आनंद कुमार सिंह उर्फ. गोपाल पिता निर्मल कुमार सिंह पता अमन ग्रीन अपार्टमेंट 1बी /बॉलक -202 सीएमपीएल कॉलोनी थाना- सरायढेला जिला-धनबाद को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। आरोपी पर वादी का पैसा गबन का आरोप था।

### जागरूकता सह परामर्श कार्यक्रम का आयोजन

**फुसरो (बेरमो)।** बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा किशोरियों के लिए दो दिवसीय जागरूकता सह परामर्श कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार से किया गया. इसमें बेरमो व चंद्रपुरा प्रखंड की 20-20 किशोरियां भाग ले रही हैं. काउंसलर सुजाता रानी ने कहा कि किशोरियों को उनके अधिकार व स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देनें के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### छह परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी, परीक्षा होगी 8 मई से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने गुरुवार को छह परीक्षाओं के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-4, बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-1 एवं बीएड सेमेस्टर-1 और 3 की परीक्षाएं शामिल हैं। बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-4 की परीक्षा 8 से 14 मई तक आयोजित होगी। वहीं बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-1 और बीएड सेमेस्टर-1 की परीक्षा 8 से 13 मई तक होगी। बीएड सेमेस्टर-3 की परीक्षा 8 से 17 मई तक चलेगी। बीबीए व बीसीए सेमेस्टर-1 और बीएड सेमेस्टर-1 की परीक्षा पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। जबकि अन्य सभी परीक्षाएं दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगी।

### बीबीए, बीसीए और एमलिस सेमेस्टर-2 का परीक्षाफल हुआ जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने बीबीए, बीसीए और एमलिस सेमेस्टर-2 की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है। बीबीए सेमेस्टर-2 में छात्र सफल रहे। जिसमें परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वहीं बीसीए सेमेस्टर-2 में 99.14 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। एमलिस सेमेस्टर-2 परीक्षा में 88.89 प्रतिशत छात्रों को सफलता मिली है। विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। जहां छात्र अपने परिणाम देख सकते हैं।

### विधवा वृद्धा के साथ टोटो चालक ने किया दुष्कर्म

**दुमका।** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आसनसोल पंचायत की रहने वाली 65 वर्षीय विधवा वृद्धा के साथ बाघमारा गांव के एक युवक ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर महिला की जमकर पिटाई भी की। महिला का मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी चालक दिनेश सोरेन की तलाश कर रही है। घटना 13 अप्रैल देर शाम की है। महिला ने अगले दिन मुफस्सिल थाना में शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## समाजसेवी शहनाज ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

## जल्द समाधान का मिला आश्वासन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा /महगामा।** प्रखंड क्षेत्र की लोकप्रिय समाजसेवी सह नेता श्रीमती शहनाज ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं विकासात्मक मुद्दों से अवगत करते हुए मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान समाजसेवी शहनाज ने महागामा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल आपूर्ति और महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने समाजसेवी सह नेता शहनाज की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। वहीं समाजसेवी शहनाज के समर्थकों की माने तो समाजसेवी की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की गई ये मुलाकात न केवल महगामा प्रखंड क्षेत्र की जनता की आवाज को झारखंड सरकार तक पहुंचाने का प्रयास था, बल्कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक कदम भी सिद्ध होगी।

# किशोरी का अर्धनग्न अवस्था में मिला शव

## दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला के मसलिया थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी की गड्ढे से अर्धनग्न अवस्था में शव गुरुवार को बरामद हुआ। इधर पुलिस फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। मृतका नौवीं की छात्रा थी, लड़की के पिता यात्री बस के चालक हैं। दरअसल यह पूरा मामला दुमका के मसलिया थाना क्षेत्र का है। जहां नवीं कक्षा की एक छात्रा बुधवार देर शाम लगभग 7:30 बजे कुछ काम की बात कहकर घर से निकली। काफी समय बीतने के बाद जब वह घर नहीं लौटी तो परिजन चिंतित हो गई। उन्होंने खोजबीन शुरू कर दिया, लेकिन वह नहीं मिली। गुरुवार सुबह घर वालों को कुछ ग्रामीणों के द्वारा यह जानकारी हुई की। लापता बेटी का शव उसके घर से लगभग 700 मीटर दूर एक सुनसान इलाके में स्थित गड्ढे में पड़ा हुआ है।



क्या कहते हैं एसपी : एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि एक किशोरी का शव बरामद हुआ है। पुलिस की टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाये गी।

किशोरी का शव अर्धनग्न अवस्था में थी। इस मामले की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। लोगों के द्वारा मसलिया थाना को सूचित किया गया तो थाना प्रभारी धनंजय प्रजापति पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा जिला मुख्यालय से फॉरेंसिक जांच टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। मृतका के अंतःवस्त्र घटनास्थल पर ही पड़े थे। जिससे इस बात की आशंका और बढ़ गई कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ हो। आवश्यक जांच के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीपीओ विजय कुमार महतो भी मौके पर पहुंच लोगों से पूछताछ में जुटे है।

### निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके अर्पिता महिला मंडल द्वारा महिलाओं और युवतियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी एवं सशक्त बनाने के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का संचालन करती है। बुधवार को निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र मे समिति की अध्यक्षा श्वेता कुमारी प्रशिक्षण ले रही महिलाओं एवं युवतियों से मिली।कोर्स के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ कोर्स की समाप्ति के बाद उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बेचने में भी सहयोग दिया जाता है। महिला समिति की सदस्याओं ने सभी कार्यक्रम से लाभान्वित महिलाओं एवं युवतियों का हौसला बढ़ाते हुए उनसे कार्यक्रम में सीखे गए हुनर का उपयोग अपने जीविकापार्जन हेतु करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने अर्पिता महिला मंडल समिति द्वारा भविष्य में भी हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। इस दौरान ट्रेनर पिंकी गोस्वामी, सरिता गैवाल,सीता साहू, प्रियंका चौबे, सौम्या त्रिपाठी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### बेरमो स्टेशन क्षेत्र के 45 राशन कार्डधारियों को

## तीन माह से नहीं मिला राशन, लाभुकों ने की शिकायत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो दक्षिणी पंचायत के बेरमो स्टेशन क्षेत्र में रहने वाले राशन कार्डधारियों को पिछले तीन माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत पर मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई। भोजन का अधिकार अभियान झारखंड के सदस्य एवं शोषित मुक्ति वाहिनी के महासचिव मुन्ना सिंह ने प्रभावित लाभुकों के साथ बैठक कर मामले की जानकारी ली। बैठक में लाभुकों ने आरोप लगाया कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राम बाबू पिछले तीन माह से राशन नहीं दे रहे हैं। आरोप है कि डीलर समय पर दुकान नहीं खोलते, मशीन में फिंगर लगवाने के बाद भी राशन नहीं दिया जाता, और दुकान में अक्सर राशन उपलब्ध नहीं रहता। कुछ लाभुकों ने बताया कि फिंगर लगवाने के दौरान तराजू में पत्थर रखकर वजन किया जाता है। कई लाभुकों से केवाईसी के नाम पर अंगूठा लगवाकर राशन उठा लिया गया, पर उन्हें दिया नहीं गया। वहीं कुछ लोगों को राशन के बदले पैसे देकर टरका दिया गया। लाभुकों का कहना है कि वे रोज कमाने-खाने वाले मजदूर हैं और सरकारी राशन उनके लिए जीवन-निर्वाह का प्रमुख साधन है। इस पूरे मामले को लेकर अफजल अनीस, मुन्ना सिंह और लाभुक गुड़िया कुमारी के नेतृत्व में प्रभावित 45 लाभुकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो से मुलाकात कर लिखित शिकायत सौंपी। पदाधिकारी ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।इस बीच, अफजल अनीस ने राज्य खाद्य आयोग से भी मामले की शिकायत की है और सभी प्रभावित परिवारों को तीन माह का लंबित राशन शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

### मॉक ड्रिल कर स्कूली बच्चों को दी आपदा से बचाव की जानकारी

**फुसरो।** अग्निशमन पदाधिकारी अखिलेश पासवान व प्रधान अग्निक चालक राजेश बरनवाल अपने कर्मियों के साथ गुरुवार को फुसरो स्थित भरत सिंह पब्लिक स्कूल में आकर आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया. यहाँ उन्होंने अग्निकांड से बचने व नुकसान रोकने के उपाय की जानकारी तथा प्रशिक्षण दी. छात्र एवं छात्राओं को अग्निशमन यंत्रों की प्रयोग विधि से अवगत कराया. बिजली से होने वाली आगजनी से बचाव के लिए सावधानियों के बारे में बताया गया. विभिन्न प्रयोग द्वारा आग बुझाने के तरीकों का प्रदर्शन किया गया. कार्यक्रम में बच्चो को डेमो देकर तीनों विभाग ने आपदा प्रबंधन से बचाव के गुरु मंत्र दिए. विद्यालय निदेशक शत्रुघ्न सिंह तथा सचिव राजेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को धन्यवाद दिया. वहीं प्रधानाचार्या शिखा चटर्जी ने महत्वपूर्ण विषय पर जानकारियां देने के लिए आभार व्यक्त की।

# पुलिस तीन को गिरफ्तार कर भेजी जेल, अब भी एक फरार

### मजदूरी करने गई महिला को सामूहिक दुष्कर्म का शिकार बनाया था हवसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के काठीकुंड में महिला की हत्या मामले का पुलिस उद्भेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दी है। पुलिस थाना क्षेत्र के झिली गांव निवासी सुनील हांसदा, बेटका हांसदा एवं क्रिस्टोफर मुर्मू को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। इसकी जानकारी प्रेसावार्ता कर एसपी पिताबंर सिंह खेरवार ने बताया कि बीते 2 मार्च को महिला स्नान करने नदी गई थी। इसी दौरान शिकार के लिए जंगल में घूम रहे चार लड़कों की नजर महिला पर गई। चारों मिलकर महिला को उठाकर सुनसान स्थल पर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के दौरान मुंह दबाए रखने से उसकी मौत हो गई। उसके बाद महिला के शव को नदी किनारे रख कर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी द्वारा मानवीय स्रोत एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर सुनील हांसदा, बेटका हांसदा तथा क्रिस्टोफर मुर्मू को गिरफ्तार किया है। तीनों काठीकुंड थाना के झिल्ली गांव का रहने वाला है। तीनों आरोपियों ने स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर दुष्कर्म किए गए स्थल से मृतका की टूटी हुई चूड़ी एवं घटना के समय पहना हुआ गमछा भी बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि हत्याकांड में शामिल एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। यहां बता दें कि बीत 3 मार्च को काठीकुंड थाना क्षेत्र के भांवर पाथर स्थित नदी किनारे झाड़ी से एक महिला का शव मिला था। मृतका की पहचान फिटकोरिया निवासी मनोज राय की पत्नी के रूप में हुई थी। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई थी। महिला मजदूरी के दौरान दोपहर में नहाने नदी गई थी। इस हत्या कांड की गूंज विधानसभा में भी सुनाई पड़ी थी। पुलिस ने इस हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



प्रेसवार्ता करते एसपी

## एसपी कॉलेज में रचनात्मक लेखन कार्यशाला का आयोजन



छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एसपी कॉलेज के दो दिवसीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यशाला का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ एसके अम्बष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यशाला दो सत्रों में संचालित किया गया।

इस तकनीकी सत्र के जनमत शोध संस्थान के सचिव संचालक अशोक सिंह उपस्थित थे। श्री सिंह ने विस्तारपूर्वक छात्र-छात्राओं को डायरी लेखन, प्रतिवेदन लेखन, आत्मकथा लेखन आदि का वर्णन किया। बाद प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से दो दिवसीय कार्यशाला के प्रशिक्षण का फीडबैक फार्म भी भरवाया गया। छात्र-छात्राओं ने प्रतिवेदन आदि भी प्रस्तुत करवाया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद थे। पूर्व सांसद ने कार्यशाला के सफल आयोजन पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ एसके अम्बष्ठ एवं प्राचार्य डॉ केपी यादव की सराहना की। रचनात्मक लेखन की महत्त्वपूर्ण जानकारी देते हुए प्राचार्य ने भविष्य में ऐसी कार्यशाला कॉलेज में होती रहे, इसकी सलाह भी दी।

## ऊपरघाट में वज्रपात का कहर, 9 मवेशियों की मौत, एक की हालत गंभीर

### किसानों का रो-रोकर बुरा हाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** नावाडीह प्रखंड के ऊग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट के पलामू पंचायत के अदलबेड़ा-रामारहरिया में गुरूवार की शाम चार बजे बरसात के साथ हुई वज्रपात के कहर से 9 मवेशियों की मौत घटनास्थल पर हो गयी है। एक मवेशी की हालत गंभीर बनी हुई है। गांव स्तरीय गोबर की लैप लगाकर इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अदलबेड़ा-रामारहरिया स्थित खेत पर दो दर्जन से अधिक मवेशी घास खा रहें थे। उसी दौरान बरसात शुरू हो गयी। बरसात शुरू होने के पश्चात कुछ मवेशी भागकर अपने-अपने किसान के घर पहुंच गए। ओर दस मवेशी वहीं पर स्थित एक विशालकाय जामुन के पेड़ के नीचे पानी से बचने के लिए पहुंच गए। उसी दौरान वज्रपात के चपेट में दस मवेशी आ गए। जिसमें नौ मवेशियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। एक की गंभीर हालत में किसान उठाकर घर ले गए। जहां गोबर का लेप लगाकर इलाज किया जा रहा है। मरने वाले मवेशियों में दो गाय गर्भवती थी। पलामू पंचायत के किसान कोटेश्वर गंजू का एक गर्भवती गाय, सोनाराम गंजू का एक गर्भवती गाय, एक बैल व एक बछड़ा, जालेश्वर गंझू का एक गाय, एक बछड़ा, होपन मांझी का एक बैल, पुरन गंझू का एक बैल, केतरा गंझू का घायल बैल, व अंधुवा निवासी जीतु मांझी का एक बैल शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा नेता सह पंसस प्रतिनिधि गोविंद किस्कु, झामुमो नेता देवीलाल मांझी, बीस सूत्री अध्यक्ष बृजलाल हांसदा घटनास्थल पहुंचे ओर प्रखंड के बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम, सीओ अभिषेक कुमार को सूचना दी ओर सभी किसानों को मुआवजा देने की मांग किया। इससे पहले कंजकिरो के झापाटोंगरी में भी वज्रपात से 13 मवेशियों की मौत हो गयी थी। लेकिन मुआवजा को लेकर किसान आज भी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। जिप सदस्य खुशबू महतो ने जिला ओर प्रखंड प्रशासन से यथाशीघ्र पूरे मामले में किसानों को मुआवजा देने की मांग किया है।



ऊपरघाट के अदलबेड़ा-रामारहरिया में वज्रपात में मरे मवेशी व ग्रामीण।

## खबर एक नजर में

### मंत्री दीपिका ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा /मेहरमा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल हुई। वहीं मौके पर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी खगेन महतो, मेहरमा जिला परिषद उत्तरी सदस्या ज्योति कुमारी, प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी, उप प्रमुख ब्रह्मदेव स्वर्णकार, बीस सूत्री अध्यक्ष शशांक शेखर सिन्हा, कांग्रेस पार्टी के पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि नरेंद्र शेखर आजाद मौजूद रहे। इस दौरान आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं अन्य अतिथियों का पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण, विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के द्वारा सभी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। वहीं छोटे-छोटे बच्चों के लिए खेल किट वितरण किया गया साथ ही महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। स्मार्टफोन वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी बहनों को ऑनलाइन कार्य करने में अब साहूलियत होगी। राज्य की हेमंत सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंईया सम्मान योजना का लाभ सभी महिलाएं एवं बहनों को मिल रहा है। साथ ही सभी गरीब जरूरतमंद परिवार का अबुआ आवास के तहत पक्का घर का सपना पूरा हो रहा है। राज्य के जनता की सभी समस्याओं को पूरा करने के लिए हेमंत सरकार अग्रसर है। वहीं स्मार्टफोन प्राप्त होने पर आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी साहब लाल हांसदा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पूनम कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी के नेता अरविंद झा, अंजुलता सिन्हा, आत्मा पांडेय, पंचायत समिति सदस्य अरविंद पासवान, बमबम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### कोई शक्ति राष्ट्रपति ...

राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं। यह शपथ केवल राष्ट्रपति और उनके द्वारा नियुक्त राज्यपाल लेते हैं। हर कोई, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, मंत्री, सांसद, न्यायाधीश, ये सभी संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा, संविधान की रक्षा करने के लिए और संविधान का संरक्षण करने के लिए, वह भारत के राष्ट्रपति, सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर की शपथ है। उन्होंने कहा कि हाल के न्यायालय के एक निर्णय द्वारा राष्ट्रपति को एक निर्देश दिया गया है।
**सबको संवेदनशील होना होगा :** उन्होंने कहा कि देश एक संकट की ओर बढ़ रहा है।
इसके लिए सभी को अत्यंत संवेदनशील होना होगा। यह किसी के समीक्षा दायर करने या न करने का सवाल नहीं है। उन्होंने कहा, हमने इस दिन के लिए शपथ नहीं ली। राष्ट्रपति को एक समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह तो एक दिन न्यायाधीश कानून बनायेंगे, कार्यकारी कार्य करेंगे, सुपर संसद के रूप में कार्य करेंगे और बिल्कुल भी जवाबदेही नहीं होगी क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। उन्होंने विधायिका के संबंध में कहा कि विधानसभा या संसद के किसी भी चुनाव में हर उम्मीदवार को संपत्ति घोषित करनी होती है, लेकिन न्यायाधीशों के लिए यह अनिवार्य नहीं है।
धनखड़ ने बेसिक स्ट्रक्चर सिद्धांत को लेकर भी पूर्व न्यायाधीशों पर निशाना साधा। उन्होंने एक पूर्व जज द्वारा लिखित पुस्तक के विमोचन समारोह का जिक्र किया, जिसमें इस सिद्धांत की प्रशंसा की गई थी। उन्होंने कहा, ह्लकेशवानंद भारती केस में 13 जजों की पीठ थी और फैसला 7 अनुपात 6 से हुआ था। इसे अब हमारी रक्षा का आधार बताया जा रहा है, लेकिन उसी के दो साल बाद 1975 में आपातकाल लगाया गया। लाखों लोगों को जेल में डाला गया और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकार लागू नहीं होंगे। फिर इस सिद्धांत का क्या हुआ? उन्होंने सवाल उठाया कि जब आपातकाल के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने नौ उच्च न्यायालयों के फैसलों को पलट दिया, तब बेसिक स्ट्रक्चर सिद्धांत की रक्षा क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा, ह्लअब जज कानून बनाएंगे, कार्यपालिका की भूमिका निभाएंगे, संसद से ऊपर होंगे और उनके लिए कोई जवाबदेही नहीं होगी। हर सांसद और उम्मीदवार को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है, लेकिन जजों पर यह लागू नहीं होता।

### झारखंड में विदेशी...

इनमें स्पेनिश विंड एनर्जी एसोसिएशन और स्पेनिश सोलर फोटोवोल्टिक एसोसिएशन शामिल हैं। वहीं 22 को माइनिंग और स्टील सेक्टर की कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत होगी। 23 को बर्सिलोना में कृषि मंत्रालय के प्रतिनिधियों से मुलाकात होगी। वहीं दूसरे चरण में 25 को स्वीडन में क्लीन एनर्जी पर काम करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात होगी। 26 उद्यमियों के साथ वन टू वन मीटिंग का कार्यक्रम है। **विदेशी निवेश में झारखंड टाप 10 में :** विदेशी निवेश के मामले में झारखंड का देश के टॉप दस राज्यों की सूची में आठवां स्थान है। यहां विदेशी निवेशकों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। राज्य सरकार की कोशिश से झारखंड में औद्योगिक माहौल तैयार हो रहा है। इससे निवेश में वृद्धि हो रही है। वर्ष 2019-2024 के दौरान झारखंड में 19,383 करोड़ का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ। सिर्फ वित्तीय वर्ष 2023-24 में करीब 44 करोड़ का निवेश हुआ, जो कोविड महामारी के दौर में भी बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों से अधिक था।

### जनहित की तीन...

उन्होंने कहा कि सिर्फ योजनाएं ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी पूरी तत्परता के साथ कार्य करें ताकि हर मोर्चे पर राज्य तेजी से आगे बढ़े। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी और सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।
**योजनाएं पारदर्शी, प्रभावी, असरदायक हो :** सीएम ने कहा कि जिन योजनाओं का चयन किया जाये, वह पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी और असरदायक होनी चाहिए। उसका फायदा राज्य की जनता को सहूलियत के साथ मिल सके। योजनाएं औचित्यपूर्ण होनी चाहिए। कोई भी योजना तभी सार्थक साबित होती है, जब उसका लाभ लोगों को सही समय पर मिलता है। ऐसे में समय से पहले पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के पूर्व पेयजल और मॉनसून के पहले जल प्रबंधन तथा जाड़े का मौसम शुरू होने के पूर्व कंबल वितरण की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जानी चाहिए। शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले ही विद्यार्थियों के बीच पठन- पाठन सामग्री और साइकिल का वितरण सुनिश्चित करें।
**विभागों को संसाधन भी जुटाने हैं :** सीएम ने कहा कि सरकार की ओर से कई फ्लैगशिप योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के लिए राशि का प्रावधान करने की दिशा में हमने प्रयास शुरू कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागों को ठोस रणनीति के साथ कार्य करना है। विभागों को सिर्फ राशि ही नहीं खर्च करना है, बल्कि संसाधनों को भी जुटाना है। जब हमारे पास संसाधन होंगे, तभी हम योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में कामयाब होंगे।

स्पीड न्यूज

## काठमांडू में सोने व चांदी के साथ नौ भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** काठमांडू में दो करोड़ रुपये से अधिक के सोने और चांदी के साथ नौ भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। सभी राजधानी के विभिन्न स्थानों सोना और चांदी की अवैध बिक्री कर रहे थे। काठमांडू पुलिस के प्रवक्ता अपील बोहरा कहा कि पुलिस कार्रवाई के दौरान छापा मार कर एक किलो 76.518 ग्राम सोना तथा एक किलो 845.429 ग्राम चांदी जब्त की गई है। जब्त किए गए सोने की कीमत एक करोड़ 70 लाख रुपए, जबकि चांदी की कीमत 30 लाख रुपये है। इसके अलावा उनके कब्जे से 8 लाख 27 हजार रुपये नेपाली करेंसी और 91 हजार 700 रुपये भारतीय करेंसी बरामद की गई है।

## 'जाट-2' के सीक्वल में काम करेंगे सनी देओल



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल फिल्म जाट के सीक्वल जाट 2 में काम करते नजर आयेगे। फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म जाट के जरिये सनी देओल ने फिल्म गदर 2 के बाद करीब दो साल बाद वापसी की है।दर्शकों ने सनी देओल की एक्शन परफॉरमेंस की तारीफ की। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर जाट 2 का पोस्टर शेयर करते हुये कैप्शन में लिखा, जाट नये मिशन पर।

## टैरिफ को ले ट्रंप सरकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैलिफोर्निया।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ रोक के लिए संघीय अदालत में मुकदमा दायर कर दिया है। राज्य का आरोप है कि राष्ट्रपति ने शक्तियों का गलत प्रयोग किया है। इससे उनके राज्य ही नहीं बल्कि पूरे अमेरिका की अर्थ व्यवस्था को काफी नुकसान पहुंच रहा है। बीते दनों ट्रंप ने दस फीसदी से लेकर ऊंची दरों पर टैरिफ लगाए हैं। टैरिफ से अमेरिका के कमोवेश सभी राज्य परेशान हैं, लेकिन अभी कैलीफोर्निया खुलकर टैरिफ के विरोध में आ गया है।

## अगले हफ्ते अमेरिका जायेंगे राहुल गांधी

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह की शुरूआत में अमेरिका की यात्रा पर जायेंगे और इस दौरान वह ब्राउन यूनिवर्सिटी में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी दी।

## राजद विधायक रीतलाल यादव ने किया समर्पण

**पटना।** दानापुर से राजद बाहुबली विधायक रीतलाल यादव ने गुरुवार कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। रीतलाल के साथ उसके भाई ने भी कोर्ट में आत्मसर्पण किया है। बीते दिनों पुलिस और एसटीएफ ने एक बड़े बिल्डर ने रीतलाल यादव पर रंगदारी मांगने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था, जिसके बाद पुलिस ने उनके ठिकानों छापेमारी की थी। अब उन्होंने सरेंडर कर दिया है।

## हिंदुओं से हर क्षेत्र में अलग : असीम मुनीर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने एक बार फिर भारत और हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगला। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है।

# देश से नक्सलवाद खत्म करने में कोबरा बटालियन की भूमिका अहम

## केवल चार जिलों तक सीमित नक्सलवाद अगले साल 31 मार्च तक समाप्त होगा : शाह

▸▸ सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित किए हैं 400 से अधिक अग्रिम संचालन अड्डे

एजेंसी

**नीमच (मप्र)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भारत के केवल चार जिलों तक सीमित नक्सलवाद को अगले वर्ष 31 मार्च तक समाप्त कर दिया जाएगा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) इस मिशन की रीढ़ है। वह मध्यप्रदेश के नीमच जिले में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पशुपतिनाथ से तिरुपति तक लाल आतंक फैलाने का सपना देखने वाले नक्सली आज सिर्फ चार जिलों तक सीमित हैं। इसमें सबसे बड़ा योगदान सीआरपीएफ का है। देश में खतरा (नक्सलवाद का) 31 मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएगा जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सीआरपीएफ खासकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में बड़ी भूमिका निभा रही है। कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन (कोबरा) सीआरपीएफ की एक विशेष इकाई है जो छापामार और जंगल युद्ध में अपनी दक्षता के लिए जानी जाती है, खासकर नक्सल खतरे का मुकाबला करने के लिए। शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित इलाकों में 400 से अधिक अग्रिम संचालन अड्डे स्थापित किए हैं। इसकी वजह से इन क्षेत्रों में हिंसा में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और हम अब इसे समाप्त करने के करीब हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में सीआरपीएफ का योगदान अतुलनीय है, चाहे कश्मीर घाटी में आतंकवादियों से लड़ने की बात हो, पूर्वोत्तर में शांति सुनिश्चित करने की बात हो या कट्टर नक्सलियों को आज सिर्फ चार



सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह में परेड का निरीक्षण करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

जिलों तक सीमित करने की बात हो। उन्होंने कहा कि इन सभी उपलब्धियों में सीआरपीएफ जवानों की अहम भूमिका रही है। कोई भी किताब उनकी बहादुरी, कर्तव्य की भावना और साहस के साथ न्याय नहीं कर सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीआरपीएफ की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक नक्सलवाद को खत्म करने में इसका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज सबसे खूंखार नक्सली भी कोबरा कमांडो के पास आने की आवाज सुनकर कांप जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोबरा बटालियन वीरता का प्रतीक बन गई है। मैं सभी कोबरा जवानों कोबधाई देता हूं और उनके साहस के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आपके नेतृत्व में सीआरपीएफ जवानों ने नक्सलवाद के खात्मे में उल्लेखनीय प्रगति की है। और आज मैं घोषणा करता हूं कि 31 मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। यह एक प्रतिज्ञा है जिसे राष्ट्र ने लिया है और सीआरपीएफ इस मिशन की रीढ़ है। शाह ने कहा कि सीआरपीएफ के 2,264 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक हर क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने की तरफ बढ़ रहा है और इस लक्ष्य को हासिल करने में सीआरपीएफ के शहीद जवानों के बलिदान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के शहीदों की बहादुरी की अमर गाथा को आजादी के 100 साल के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया जाएगा। शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा सर्वोच्च बलिदान दिया है।

### संसद भवन पर आतंकी हमले को सीआरपीएफ ने किया था नाकाम

उन्होंने कहा कि 2001 में जब हमारे लोकतंत्र के प्रतीक संसद भवन पर आतंकवादियों ने हमला किया था तो सीआरपीएफ ने उसे नाकाम कर दिया था। शाह ने याद दिलाया कि इसी तरह 2005 में श्रीराम जन्मभूमि पर आतंकी हमला हुआ था और सीआरपीएफ ने हमले को नाकाम कर मंदिर को सुरक्षित रखा। उन्होंने कहा कि चाहे अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किये जाने के बाद कश्मीर में शांति कायम करने की बात हो या शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने की, सीआरपीएफ जवानों ने हर जगह अपना कर्तव्य सच्चे मन से निभाया है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए और उस समय लोगों को कई तरह की आशंकाएं थीं लेकिन सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों ने सुरक्षा सुनिश्चित की।

# चौथे दिन भी झूमा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 1509 अंक छलांग लगाकर 78,553 पर पहुंचा


▸▸ निफ्टी 414 अंक तेजी के साथ 23851 पर बंद हुआ
▸▸ मारुति और टेक महिंद्रा को छोड़कर 28 कंपनियों में तेजी

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर चल रही जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध की आशंका के बावजूद भारत के टैरिफ से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होने की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार चौथे दिन उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1508.91 अंक अर्थात 1.96 प्रतिशत की तेजी के साथ तेरह कारोबारी सत्र के बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,553.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 414.45 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23851.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 41,980.48 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत चढ़कर 47,946.66 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2427 में लिवाली जबकि 1522 में बिकवाली हुई वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1847 में तेजी जबकि 1047 में गिरावट हुई वहीं 83 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में



लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.56, सीडी 0.95, ऊर्जा 1.13, एफएमसीजी 0.61, वित्तीय सेवाएं 2.00, हेल्थकेयर 0.91, इंडस्ट्रियल्स 0.57, आईटी 0.24, दूरसंचार 2.22, यूटिलिटीज 0.71, ऑटो 1.01, बैंकिंग 2.56, कैपिटल गुड्स 0.75, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.71, धातु 0.25, तेल एवं गैस 0.98, पावर 0.94, रियल्टी 0.49, टेक 1.19, सर्विसेज 1.47 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.21 प्रतिशत उछल गए।

इस दौरान सेंसेक्स में मारुति और टेक महिंद्रा की 0.24 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 28 कंपनियों में तेजी रही। इटर्नल 4.37, आईसीआईसीआई बैंक 3.68, भारती एयरटेल 3.63, सन फार्मा 3.50, एसबीआई 3.28, बजाज फिनसर्व 3.24, कोटक बैंक 3.06, रिलायंस 2.90, एक्सिस बैंक 2.51, अदानी पोर्ट्स 2.34, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.69, टाइटन 1.61, एचडीएफसी बैंक 1.53, अल्ट्रासिम्को 1.52 और एनटीपीसी के शेयरों ने 1.34 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही नेस्ले इंडिया 1.28, बजाज फाइनेंस 1.21, पावरग्रिड 0.96, टाटा मोटर्स 0.88, टीसीएस 0.80, इंडसइंड बैंक 0.78, आईटीसी 0.73, एलटी 0.57, इंफोसिस 0.51, एशियन पेंट 0.42, एचसीएल टेक 0.41, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.32 और टाटा स्टील के शेयर 0.15 प्रतिशत लाभ में रहे।

### निवेशकों ने कमाए 4.49 लाख करोड़

शेयर बाजार में आई मजबूती से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 419.49 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। निवेशकों को करीब 4.49 लाख करोड़ का मुनाफा हुआ।

# शिखर पर पहुंचा सोना चांदी की भी बढ़ी चमक

▸▸ 24 कैरेट सोना 96 हजार व 22 कैरेट 88 हजार पार
▸▸ चांदी एक लाख रुपये किलो

**नयी दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर जारी तनातनी के कारण घरेलू सर्राफा बाजार में जबरदस्त तेजी नजर आ रही है। 24 कैरेट सोना गुरुवार को पहली बार 96 हजार के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना पहली बार 88 हजार रुपये के ऊपर पहुंचा। चांदी के भाव में भी तेजी बनी हुई है। सोना 970 रुपये से लेकर 1,010 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में आए इस उछाल के बाद देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना महंगा होकर 96,180 रुपये से लेकर 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 88,160 रुपये से लेकर 88,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी भी 300 रुपये महंगी हुई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 96,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 88,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 96,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 96,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 88,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



## नीतीश कुमार ने पूर्व पीएम चंद्रशेखर को दी श्रद्धांजलि

**पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को गुरुवार को जन्म दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कुमार ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर के जन्म दिवस के अवसर पर पटना में राजकीय जयंती समारोह पर स्व. चन्द्रशेखर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, पूर्व मंत्री श्याम रजक, बिहार नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।**

## महागठबंधन में समन्वय समिति का गठन, अध्यक्ष बनाए गए तेजस्वी यादव



**पटना।** बिहार में इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले घटक दलों की एकजुटता के लिए गुरुवार को हुई महागठबंधन की बैठक में समन्वय समिति का गठन और उसका अध्यक्ष तेजस्वी यादव को बनाने का निर्णय लिया गया। महागठबंधन की बैठक राजद कार्यालय में हुई। बैठक में राजद की ओर से तेजस्वी यादव, संजय यादव एवं अब्दुल बारी सिद्दीकी, कांग्रेस से बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम एवं मदन मोहन झा, भाकपा से के. डी. यादव, माकपा से अजय कुमार, भारत की भाकपा-माले से राज्य सचिव कुणाल और वीआईपी की ओर से वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी एवं देव ज्योति शामिल हुए।

# शीर्ष अदालत ने बंगाल के शिक्षकों को दी सशर्त राहत

कक्षा नौ से 12 तक नई भर्ती पूरी होने तक पढ़ा सकते हैं शिक्षक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पशिम बंगाल के उन शिक्षकों को गुरुवार को सशर्त एक बड़ी राहत दी, जिनकी नियुक्ति वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के आधार पर रद्द कर दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह राहत दी। पीठ ने यह राहत राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) को कक्षा नौ से 12 तक के लिए सहायक शिक्षक के पदों की नई भर्ती के लिए 31 मई, 2025 तक नई विज्ञापन प्रकाशित करने और 31 दिसंबर, 2025 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की शर्त पर दी है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षक राज्य में संबंधित पदों पर नई भर्ती पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। अदालत ने हालांकि, यह भी स्पष्ट किया कि यह राहत सिर्फ उन्हीं शिक्षकों को मिलेगी, जिनकी नियुक्ति में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई थी। शीर्ष अदालत ने गत तीन अप्रैल को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के उन पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को दूषित और सुधार से परे दागदार घोषित करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के फैसले पर मुहर लगाई थी। अदालत ने सात मई, 2024 को कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,000 से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा जल्द शुरू होगी



**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने को लेकर जारी तकनीकी बातचीत पूरी हो गई है और जल्द ही सरकार यात्रा की शर्तों और अन्य विवरण सार्वजनिक करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को नियमित ब्रीफिंग में कहा कि भारत सरकार कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर जल्दी ही एक नोटिस जारी करेगी। दोनों देशों के बीच यात्रा के तौर तरीकों और शर्तों आदि को लेकर जारी तकनीकी बातचीत में सहमति बन गई है। यह पूछे जाने पर कि लद्दाख में डेमचोक के रास्ते से कैलाश मानसरोवर यात्रा संचालित करने पर बातचीत हो रही है, उन्होंने भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने के बारे में कहा कि इस बारे में दोनों देशों के उड्डयन विभागों के बीच तकनीकी बातचीत जारी है, जैसे ही सहमति बनती है, वैसे ही जानकारी साझा की जाएगी।

# राबर्ट वाड्रा से इडी ने तीसरे दिन भी की पूछताछ

**जमीन घोटाला मामला**

▸▸ सवालों में नया कुछ नहीं पहले दिये हैं जवाब : वाड्रा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा धन शोधन निवारक अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को लगातार तीसरे दिन ईडी के अधिकारियों के समक्ष हाजिर हुए।

उन्होंने तीन घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद ईडी के कार्यालय से निकलने पर मीडिया से बातचीत में कहा कि ईडी उनसे पुराने सवाल ही पूछे जा रही है और उन्हें बार-बार वही जवाब देना पड़ रहा है। वाड्रा के विरुद्ध यह मामला 2008



में हरियाणा में एक भूमि सौदे से जुड़े कथित घोटाले से जुड़ा है। ईडी इस मामले में कथित तौर पर अपराध की काली कमाई को वैध करने के पहलू की जांच कर रही है। ईडी के अधिकारियों ने पिछले दो दिनों में वाड्रा से कुल मिला कर 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। ईडी के सूत्रों ने बताया कि वाड्रा से उपरोक्त मामलों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान लिए जा रहे हैं। पूछताछ के बाद वाड्रा ने कहा कि 2019 में भी मुझे बुलाया था, (वे) वही सवाल दोहरा रहे हैं। मैं 15 बार गया हूं, 10-10 घंटे तक जवाब दिए हैं। अभी भी जो बुलाया गया है, उन्हीं विषयों पर, मैं वही जवाब दोहरा रहा हूं।

उन्होंने कहा कि ईडी के पास कोई नये सवाल हैं नहीं , नयी बात है नहीं। हर चीज क्लियर है। स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि अगर कल सार्वजनिक अवकाश नहीं होता तो, कल जो मेरा जन्म दिन है, वह मैं ईडी के कार्यालय में ही बैठ कर मना रहा होता। ईश्वर का शुक्र है कि कल गुड फ्राइडे है तो मैं अपने परिवार के साथ अपना जन्म दिन मनाऊंगा।

### भ्रष्टाचारियों को जेल जाना होगा : भाजपा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के बयान पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि देश के कानून से बढ़कर कोई नहीं है। कानून अपना काम कर रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जानकर हैरत होगी कि एक ऐसा भ्रष्टाचारी नकली गांधी परिवार इस देश में है, जो हर कानून को तोड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भ्रष्टाचार को खत्म करने के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। भ्रष्टाचार को समाप्त कर देंगे, भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे डालेंगे, किसानों से हड़पी गई जमीन को वापस लेकर किसानों को देंगे।

